CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स 81,551.63
निफ्टी 24,826.20
सोना 97,880
चांदी 1,00,000

बरेली, बुधवार 28 मई 2025 बरेली संस्करण: वर्ष 22 अंक 183 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 29 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

# वक्फ एक्ट 1995 को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

## अदालत ने पूछा: इतनी देरी क्यों, इससे जुड़ी याचिकाओं में कर रहे शामिल, केंद्र व राज्य सरकारों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है।

कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए? सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेड़ा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा कि 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल -शेष पृष्ठ दो पर

### अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने मातृत्व अवकाश के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह झारखंड की एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश की उस याचिका पर विचार करेगा, जिसमें उन्होंने अपने बच्चे की देखभाल की छुट्टी की गुहार ठुकराने के आदेश को चुनौती दी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध पर सहमति जताई और कहा कि अगले सप्ताह इस मामले पर विचार किया जाएगा। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि सोमवार को सूचीबद्ध करें।

### प्रतीक अधिनियम अनुसूची में सावरकर का नाम शामिल करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विनायक दामोदर सावरकर का नाम प्रतीक और नाम (अनुचित प्रयोग की रोकथाम) अधिनियम, 1956 की अनुसूची में नाम शामिल करने की मांग वाली रिट याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पंकज फडनीस की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि याचिकाकर्ता अपने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन साबित करने में विफल रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 32 को लागू करने के लिए एक शर्त है।

### कोलाबा जेटी परियोजना के खिलाफ दायर याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया। पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

# कर्ज से दबे दून के एक ही परिवार के 7 लोगों ने पंचकूला में की आत्महत्या

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला में एक परिवार के सात सदस्य एक कार में मृत पाए गए हैं। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आत्महत्या की आशंका व्यक्त की है।

पुलिस ने कहा कि प्रवीण मित्तल (42) पत्नी, तीन बच्चों और माता-पिता के साथ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए उत्तराखंड के देहरादून से पंचकूला आए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सातों ने कोई जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि सोमवार देर रात उन्हें सूचना मिली कि पंचकूला के सेक्टर 27 में खड़ी एक कार -शेष पृष्ठ दो पर

■ पांच दिवसीय 'हनुमंत कथा' में भाग लेने के लिए देहरादून से आए थे मृतक

### देहरादून के कोलागढ़ में कुछ माह पूर्व रहता था मृतक परिवार

**देहरादून-ब्यूरो।** देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि उक्त परिवार के संबंध में जानकारी करने पर पता चला है कि मृतक प्रवीण मित्तल पुत्र देशराज मित्तल का परिवार लगभग 8-9 महीने पूर्व तक कैंट थाना क्षेत्र के कोलागढ़ देहरादून में किराए पर निवास करता था।जिनका मूल रूप से चंडीगढ़ क्षेत्र का होना बताया गया है। वर्तमान में उक्त परिवार देहरादून में निवास नहीं कर रहा था। घटनास्थल से जो वाहन मृतक के पास मिला है, वह मालदेवता देहरादून के गंभीर सिंह नेगी के नाम पर पंजीकृत है। जिनके संपर्क करने पर उनके द्वारा बताया गया कि उनकी मृतक प्रवीण मित्तल से एनजीओ के काम के सिलसिले में मुलाकात हुई थी। मृतक पूर्व में चाइल्ड लाइफ केयर मिशन नाम से एनजीओ चलाता था। इसी दौरान मित्रता के चलते गंभीर नेगी ने उक्त वाहन अपने नाम पर फाइनेंस करवाया था। जिसे वर्तमान में मृतक चलाता था।



ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को जोकर करार दिया
विस्तृत खबर देश-विदेश पर



सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा
विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## प्रधानमंत्री मोदी का 1947 के विभाजन को लेकर छलका दर्द

# कटनी थी जंजीरें, काट दी गई भुजाएं

गांधीनगर, वार्ता

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने मंगलवार को यहां कहा कि वह आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे। श्री मोदी ने गुजरात के अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन यहां महात्मा मंदिर में 5536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पिछले दो दिनों से गुजरात में हूं, सोमवार को मैं वडोदरा, दाहोद, भुज, अहमदाबाद में था और मंगलवार को सुबह गांधीनगर आया। मैं जहां भी गया, ऐसा लग रहा है देशभक्ति का ज्वार, गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम था। यह सिर्फ गुजरात में नहीं, हिंदुस्तान के कोने-कोने में है। हर हिंदुस्तानी के दिल में है।

पीएम मोदी ने कहा कि शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे। 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, 'कटनी चाहिए थीं जंजीरें, लेकिन काट दी गईं भुजाएं। देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकियों के बलबूते पर मुजाहिदीनों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर उसी दिन इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया गया होता और सरदार वल्लभ भाई पटेल की इच्छा थी कि जब तक पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना रुकनी नहीं चाहिए, लेकिन उनकी बात मानी नहीं गई। मुजाहिदीन लहू चख गए थे। यह सिलसिला 75 साल से चला आ रहा है। 75 साल तक हम झेलते रहे। जब पाकिस्तान के साथ युद्ध तक नौबत आई, तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई और पाकसमझ गया कि लड़ाई में वह भारत से जीत नहीं सकता। इसीलिए उसने प्रॉक्सी वॉर चालू किया, सैन्य प्रशिक्षित आतंकी भारत भेजे जाते हैं।



कहा: आतंकवाद के कांटे को निकालकर रहेंगे हम

हमने तीन बार युद्धों में पाकिस्तान को धूल चटाई

### ऑपरेशन सिंदूर कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे: पीएम

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को आपरेशन सिंदूर पर ही बात की। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय करके 22 मिनट में उन्हें ध्वस्त कर दिया। और ये सब कुछ कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। ऐसा माना जा रहा है कि मोदी ने यह बात उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में की गई भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर की। तब विपक्ष ने लगातार इसके सबूत मांगे थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जानता है कि वो सीधी लड़ाई में हमसे जीत नहीं सकता है, इसीलिए वो आतंकी भेज रहा है। उनके यहां मारे गए आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी झंडे लगाए गए, यह कोई प्रॉक्सी वॉर नहीं है।

### प्रधानमंत्री ने गांधीनगर में किया भव्य रोड शो

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधीनगर में मंगलवार को भव्य रोड शो किया। श्री मोदी ने मंगलवार सुबह शानदार रोड शो में खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान राजभवन से महात्मा मंदिर तक विशाल जन समूह उमड़ा और पुष्प वर्षा से उनका अभिनंदन किया। रोड शो में बच्चों-बूढ़ों और महिलाओं सहित हजारों लोगों को सड़कों के किनारे खड़े होकर तिरंगा लहराकर मोदी-मोदी और भारत माता की जय के नारे लगाते देखा गया। चारों ओर देशभक्ति दिखाई दे रही थी। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को पीएम मोदी गांधीनगर में एक रोड शो के बाद महात्मा मंदिर में एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया। श्री मोदी ने सोमवार सुबह वडोदरा में रोड शो किया था। जहां अंतर्राष्ट्रीय छात्रों सहित हजारों लोगों ने उनके काफिले पर फूल बरसाए और भव्य स्वागत किया था। रोड शो के बाद वह दाहोद के लिए रवाना हो गए थे।

# देश में कोरोना से 11 लोगों की मौत, 1047 एक्टिव केस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के मामलों की संख्या 1047 हो गई है। सबसे ज्यादा 430 एक्टिव केस केरल में हैं। महाराष्ट्र में 208, दिल्ली में 104 और गुजरात में 83 केस हैं। कर्नाटक के 80 केसों में से सिर्फ 73 बेंगलुरु में हैं।

वहीं महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। इनमें से नौ की मौत एक हफ्ते के भीतर हुई है। कोरोना से सबसे ज्यादा पांच मौतें महाराष्ट्र में हुई हैं। ठाणे में सोमवार को एक महिला की मौत हुई। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक पिछले एक हफ्ते में 787 नए मरीज दर्ज किए गए हैं। इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि अभी तक देश में 4 वैरिएंट मिले हैं। जयपुर में सोमवार को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी। वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी आर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है। भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। आईसीएमआर के डायरेक्टर डा. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे एलएफ.7 ,एक्सएफजी, जेएन-1 और एनबी-1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।



■ महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा पांच मौतें, एक हफ्ते में 787 नए मामले सामने आए

### बुजुर्गों ने दिया जीडीपी में तीन प्रतिशत का योगदान

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में बुजुर्गों ने भारतीय अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत का योगदान दिया है। एक अध्ययन के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय बुजुर्गों ने 68 अरब डॉलर का श्रम योगदान दिया है जो भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) का तीन प्रतिशत है। ये बुजुर्ग प्रतिवर्ष लगभग 14 अरब घंटे पारिवारिक देखभाल और 2.6 अरब घंटे सामुदायिक कार्यों में देते हैं। यदि इच्छुक बुजुर्गों को पुन: कार्यबल में शामिल किया जाए तो भारत की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। अध्ययन में कहा गया है कि वर्ष 2047 तक भारत में 30 करोड़ बुजुर्ग होंगे। गैर सरकारी संगठन रोहिणी निलेकणी फिलान्थ्रॉपीज़ की मंगलवार को यहां जारी एक रिपोर्ट लोंगेविटी : ए न्यू वे ऑफ अंडरस्टेंडिंग ऐजिंग में कहा गया है कि वृद्धजनों की ज़रूरतों में आर्थिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण, भागीदारी की स्वतंत्रता और सामाजिक जुड़ाव प्रमुख हैं।

### श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के कोप्पल जिले में भगवान हनुमान के जन्मस्थान माने जाने वाले श्री अंजनेया मंदिर के मुख्य पुजारी को न हटाने का निर्देश देते हुए मंगलवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की दलीलें सुनने के बाद कर्नाटक सरकार के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें कहा कि वे (अधिकारी) श्री अंजनेया मंदिर को अपने नियंत्रण में लेने और वहां के मुख्य पुजारी 'अर्चक' के पद से उन्हें हटाने के खिलाफ विद्यादास बाबाजी की याचिका पर पारित उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश का ईमानदारी से पालन करें। पीठ ने कहा कि हमने याचिकाकर्ता द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष दायर अवमानना याचिका में किए गए कथनों पर गौर किया है।

# अमृतसर में बम विस्फोट, संदिग्ध आतंकी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9:30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

एसएसपी अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा कि हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। फॉरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। डीआईजी सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था।

■ देश विरोधी तत्वों की खेप निकालने के दौरान हुआ विस्फोट

# शारदा सिन्हा, कुमदिनी, रजनीकांत लाखिया पद्म विभूषण से सम्मानित

### मरणोपरांत मिला सम्मान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-2 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्म पुरस्कार 2025 प्रदान किए हैं।

देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों - पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कई विषयों जैसे कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा और साहित्य आदि में दिए जाते हैं। इसमें लोक गायिका शारदा सिन्हा को कला-लोक संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके बेटे ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बता दें कि, इस वर्ष 139 लोगों को पद्म पुरस्कारों के लिए चुना गया है। इस समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ-साथ कई केंद्रीय -शेष पृष्ठ दो पर



# लड़ाकू विमानों को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों की कमी से जूझ रही वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) को देश में ही बनाने के कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद रक्षा क्षेत्र के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। मंत्रालय द्वारा जारी वक्तव्य में कहा गया है कि देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और एक मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (एएमसीए) कार्यक्रम निष्पादन के मॉडल को मंजूरी दे दी है। वैमानिकी विकास एजेंसी (एडीए) उद्योग साझेदारी के माध्यम से कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के लिए तैयार है।

■ सरकार ने उठाया वायुसेना की मारक क्षमता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम

# यूपी में 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को राहत

## इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्देश: दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपये का द्वितीय ग्रेड पे

प्रयागराज, वार्ता

**उत्तर प्रदेश** में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है। अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए।

साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुए पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गई याचिका को निस्तारित करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है, जबकि वे इसके हकदार है। याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवाएं 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रुपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गई है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रुपये हैं। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रुपये हैं। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4200 रुपये हैं। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रुपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रुपये अनुमन्य हैं। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रुपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के हैं। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुए थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुए एवं सभी -शेष पृष्ठ दो पर



■ इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए: हाईकोर्ट



## संक्षिप्त समाचार

### दुश्मन फिर से कर सकता है घुसपैठ की कोशिश: आईजी

**जम्मू।** जम्मू फ्रंटियर के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिरीक्षक शशांक आनंद ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सीमा सुरक्षा बल द्वारा दिए गए मुंहतोड़ जवाब के कारण हुए नुकसान का बदला लेने की मंशा से घुसपैठ की आशंका है। उन्होंने कहा कि वे सतर्क हैं और सीमाओं पर उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं। आईजी बीएसएफ ने यहां फ्रंटियर मुख्यालय में अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं को बताया कि दुश्मन फिर से घुसपैठ की कोशिश और सीमा पार से गोलीबारी कर सकता है, लेकिन जवान पूरी तरह सतर्क हैं और भारतीय सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर पूरी तरह चौकसी बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम अपनी सीमाओं पर सतर्क हैं और उच्च सतर्कता बनाए हुए हैं, क्योंकि ऐसी सूचना है कि दुश्मन (पाकिस्तान) फिर से हमला कर सकता है और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुए भारी नुकसान का बदला लेने के लिए घुसपैठ या सीमा पार से गोलीबारी जैसी योजनाएं बना सकता है। उनके साथ डीआईजी रैंक के वरिष्ठ अधिकारी भी थे, जिन्होंने अपने क्षेत्र में 'ऑपरेशन सिंदूर' की निगरानी की और उसे सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

### पीओके खुद सौंप दे पाक, इसी में उसकी भलाई: अठावले

**फतेहपुर।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान को पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत को स्वेच्छा से सौंप देना चाहिए वरना वह एक-एक बूंद पानी और एक-एक रोटी के लिए तरसेगा। उन्होंने कहा कि देश की अखंडता और प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा और अखंडता को लेकर सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। देश की राजनीति में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बोलबाला है। उन्होंने विपक्ष की ओर से ऑपरेशन सिंदूर पर उठाए जा रहे सवालों पर राजनीति से प्रेरित बताया। केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू यादव द्वारा अपने बेटे तेज प्रताप यादव के खिलाफ की गई कार्रवाई को साही ठहराते हुए कहा कि किसी पार्टी में अनुशासन का ध्यान रखना जरूरी होता है।

### यूपी परिवहन विभाग को मिला एपीआई एक्सेस

**लखनऊ।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) ने उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को व्हाट्सऐप आधारित चैटबॉट सेवा के लिए एपीआई एक्सेस (एप्लिकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) प्रदान करने की अनुमति दे दी है। यूपी परिवहन विभाग की ओर से मई के प्रथम सप्ताह में चैटबॉट सेवा- 8005441222 नंबर पर शुरू की गई थी। इस चैटबॉट सेवा के माध्यम से नागरिक अब केवल व्हाट्सऐप पर ही संवाद करके वाहन पंजीकरण विवरण, ड्राइविंग लाइसेंस सेवाओं, चालान जानकारी एवं आवेदन की स्थिति से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इससे नागरिकों को बार-बार कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी। यह सेवाएं कहीं से भी और कभी भी प्राप्त की जा सकेंगी। इस संबंध में भारत सरकार द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि नागरिकों की गोपनीयता से जुड़ा कोई भी डेटा साझा नहीं किया जाएगा।

# पंडित नेहरू को पुण्यतिथि पर किया गया याद

**नई दिल्ली।** प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोदी ने लिखा- हमारे पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। सोनिया गांधी आज सुबह पंडित जवाहरलाल नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' गई और पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शांति वन में इस दौरान पंडित नेहरू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती गांधी भी शामिल हुई।

**■ सोनिया गांधी, खड़गे, राहुल समेत कई नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की**

इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए पंडित नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। खड़गे ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती।

# उप्र के जीएसडीपी में 13.5 प्रतिशत की वृद्धि

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपये पर पहुंची**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है।

उत्तर प्रदेश सरकार के नियोजन विभाग के अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा वार्षिक श्रृंखला क्रम में वित्तीय वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद अनुमान जारी कर दिए गए हैं। यह जानकारी निदेशक अर्थ एवं संख्या सुश्री मालोविका घोषाल ने आज यहां दी। उन्होंने बताया कि जिला घरेलू उत्पाद अनुमान (डीडीपी) एक महत्वपूर्ण आर्थिक संकेतक है, जो न केवल राज्य की समग्र आर्थिक स्थिति को दर्शाता है, बल्कि यह भी स्पष्ट करता है कि कौन से जिले आर्थिक विकास में अग्रणी हैं और किन-किन क्षेत्रों में संभावनाएं विद्यमान हैं। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023-24 में नई ऊंचाइयों को छूते हुए राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में 13.5 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज करते हुए 25.63 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। जारी किए गए वर्ष 2023.24 के जिला घरेलू उत्पाद (डीडीपी) अनुमान के आंकड़ों के अनुसार गौतम बुद्ध नगर 2.64 लाख करोड़ रुपए के साथ प्रदेश में शीर्ष स्थान पर है।

इसके बाद लखनऊ (1.42 लाख करोड़) और गाजियाबाद (1.17 लाख करोड़) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक योगदान देने वाले शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर (10.30 प्रतिशत), लखनऊ (5.53 प्रतिशत), गाजियाबाद (4.57 प्रतिशत), आगरा (3.03 प्रतिशत), कानपुर नगर (3.00 प्रतिशत), प्रयागराज (2.90 प्रतिशत), मेरठ (2.43 प्रतिशत), बरेली (2.23 प्रतिशत), गोरखपुर (2.02 प्रतिशत) एवं वाराणसी (1.99 प्रतिशत) हैं, जो प्रदेश के कुल जीडीपी में 38.00 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। निदेशक अर्थ एवं संख्या ने बताया कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति का मुख्य आधार सभी जनपदों के विकास, राज्य सरकार की दूरदर्शिता, कुशल नीति निर्माणऔर घ्मीनी क्रियान्वयन का प्रतिफल है। वर्ष 2023.24 के डीडीपी आँकड़े स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि राज्य की आर्थिक वृद्धि प्रदेश के कुछ जनपदों तक केन्द्रित न रहकर सभी जिलों में विस्तारित हो रही है। प्रदेश के सभी जनपदों की वृद्धि दर सकारात्मक रही है एवं 43 जनपदों की वृद्धि दर प्रादेशिक वृद्धि दर से अधिक रही है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक वृद्धि दर वाले शीर्ष 10 जिले महोबा (23.49 प्रतिशत), चित्रकूट (23.40 प्रतिशत), बांदा (21.22 प्रतिशत), कासगंज (21.20 प्रतिशत), मैंनपुरी (20.47 प्रतिशत), जालौन (20.10 प्रतिशत), बदायूं (19.93 प्रतिशत), हमीरपुर (19.20 प्रतिशत), सुलतानपुर (18.93 प्रतिशत) एवं अमेठी (18.77 प्रतिशत) हैं। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी देखी गई है। गौतम बुद्ध नगर में यह 10.17 लाख रुपए तक पहुंच चुकी है, जो कि राष्ट्रीय औसत 1.84 लाख रुपए से कहीं अधिक है। लखनऊ और गाजियाबाद जैसे जिले भी दो लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के 15 जिलों ने एक लाख रुपए से अधिक प्रति व्यक्ति आय दर्ज की है। वर्ष 2023.24 में प्रति व्यक्ति आय में शीर्ष 10 जिले गौतमबुद्धनगर, लखनऊ, गाजियाबाद, हमीरपुर, सोनभद्र, मेरठ, एटा, कानपुर नगर, आगरा एवं झांसी हैं।

## सीएम उमर अब्दुल्ला ने मंत्रिमंडल की खास बैठक आयोजित की

# पहलगाम से आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश

श्रीनगर, वार्ता

**आतंकवादियों** को कड़ा संदेश देते हुए जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल पहलगाम में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आयोजित की और कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का स्पष्ट संदेश है।

पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बरतापूर्वक 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसी के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह विशेष बैठक की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सरकार के गठन के बाद यह पहला मौका है, जब श्रीनगर या जम्मू से अलग किसी स्थान पर मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि हम आतंकवाद के कायराना कृत्यों से भयभीत नहीं हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे। जम्मू-कश्मीर के लोग दृढ़ता, मजबूती और निडरता से खड़े हैं। अब्दुल्ला बुधवार को उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में भी मंत्रियों, प्रशासनिक सचिवों, संभागीय आयुक्तों, विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक पहलगाम और गुलमर्ग में हो रही ये बैठकें जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और सामान्य स्थिति का मजबूत संदेश देने तथा घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना और आतंकवादी हमले की निंदा करना था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह बैठक घाटी के लोगों के हौसले का संदेश है। उन्होंने कहा कि चरवाहों की घाटी (पहलगाम) फिर से उभरेगी। पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत चिंतित हैं। इससे पहले भी अब्दुल्ला ने 2009 से 2014 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के करीब मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की थी, जिनमें दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था।



**■ यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का है खुला पैगाम: मुख्यमंत्री**

**■ शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पाएंगे, कश्मीरी लोग दृढ़ता व निडरता से खड़े**

## फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से की कश्मीर आने की अपील



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटकों से कश्मीर आने की अपील करते हुए कहा है कि पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद उठाए गए कदमों से घाटी में सुरक्षा माहौल में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला ने मंगलवार को पहलगाम में थे और उन्होंने वहां गोल्फ कोर्स में गोल्फा भी खेला। मीडियाकर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कश्मीर में अब शांति है और सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि शुक्र है कि अब डर कम हो रहा है। हमले के बाद बंद पर्यटक स्थल अब खोले जा रहे हैं। स्थिति में सुधार हुआ है। अब्दुल्ला आज उस समय भी पहलगाम में थे, जब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पर्यटकों का मनोबल बढ़ाने के लिए पहलगाम में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की थी। गौरतलब है कि पहलगाम के पास बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट देखी गई है। इस हमले में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी। फारूक अब्दुल्ला ने पर्यटन से जुड़े प्रतिनिधिमंडलों की कश्मीर की हाल की यात्रा पर आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पर्यटन उद्योग को फिर से पटरी पर लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका बहुत असर होगा। ये प्रतिनिधिमंडल खुद देख रहे हैं कि यहां कितना शांतिपूर्ण माहौल है। जरा इधर-उधर देखिए। देश के कई अन्य हिस्सों की तुलना में यहां का मौसम बहुत बेहतर है। वहां तापमान 50 डिग्री तक पहुंच जाता है, जबकि यहां 20 से 25 डिग्री का सुखद तापमान है। हवा ताजा है, प्रदूषण नहीं है। मैं कहता हूं, खुद आकर देखिए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को कश्मीर आने से डरना नहीं चाहिए। तीन जुलाई से शुरू हो रही अमरनाथ यात्रा की तैयारियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मैं कहता हूं, जो लोग डर में जीते हैं, वे पहले ही मर चुके हैं। डरो मत- खुद आकर देखिए। भोलेनाथ आपका इंतजार कर रहे हैं।

# ट्रोल करके सरकार चला रही भाजपा: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



**■ चुनौतियों से निपटने और विदेश नीति में पूरी तरह विफल है भाजपा सरकार: पवन खेड़ा**


कांग्रेस ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ट्रोल करके सरकार चला रही है और दबाव में देश के समक्ष मौजूद चुनौतियों से निपटने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहलगाम हमले के बाद जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा था और पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहा था तो भाजपा के लोग इस दौरान भी विभाजन की राजनीति कर रहे थे और नफरत फैलाने के काम में लगे थे। उम्मीद की जा रही थी कि भेदभाव भुलाकर देशहित में काम होगा लेकिन भाजपा सरकार इसके उलट वह काम किया जो पाकिस्तान चाहता है। प्रवक्ता ने कहा कि संकट के समय कांग्रेस ने पूरी तरह से सरकार का साथ दिया। नेता विपक्ष राहुल गांधी अपना विदेशी दौरा छोड़कर स्वदेश लौट आए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने तत्काल पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक बुलाई और बयान जारी कर कहा कि हम सरकार के हर कदम में साथ हैं। इसके बाद गांधी पहले पहलगाम जाकर घायलों से और स्थानीय लोगों से मिले। हाल ही में पुंछ गए और पाकिस्तान की कायराना फायरिंग से प्रभावित लोगों से भी मिले। उन्होंने कहा कि आतंकवादी हमले के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई में पाकिस्तान को सबक सिखाने का सही मौका था, लेकिन सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव में अचानक सैनिक कार्रवाई रोकने की घोषणा कर सबको चौंका दिया। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, जब भारत किसी स्थिति में विदेशी ताकत के सामने झुक कर निर्णय लेने को मजबूर हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सरकार की विदेश नीति की भी आलोचना की और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार के मंत्री सिर्फ डायलॉगबाजी कर रहे हैं।

## अर्थ व्यापार

# जबरदस्त मुनाफावसूली से शेयर बाजार हुआ ढेर

मुंबई, वार्ता



**■ ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ने की आशंका**

राष्ट्रपति डोनालड ट्रम्प के कर-कटौती विधेयक से अमेरिका का राजकोषीय घाटा बढ़ जाने की आशंका के बीच स्थानीय स्तर पर हुई जबरदस्त मुनाफावसूली से मंगलवार को शेयर बाजार की पिछले लगातार दो दिनों की तेजी थम गई तथा सेंसेक्स और निफ्टी आधे प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 624.82 अंक अर्थात 0.76 प्रतिशत लुढ़ककर 81,551.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 174.95 अंक यानी 0.70 प्रतिशत का गोता लगाकर 24826.20 अंक रह गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी रही। इससे मिडकैप 0.18 प्रतिशत बढ़कर 45,191.80 अंक और स्मॉलकैप 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,865.29 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4084 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1979 में बिकवाली जबकि 1957 में लिवाली हुई, वहीं 148 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2955 कंपनियों के शेयरों में से 1462 में गिरावट जबकि 1412 में तेजी रही, वहीं 81 में टिकाव रहा। बीएसई में हेल्थकेयर, इंडस्ट्रियल्स, रियल्टी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कैपिटल गुड्स और दूरसंचार की 0.78 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 15 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इस दौरान कमोडिटीज 0.42, सीडी 0.36, ऊर्जा 0.61, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 0.38, आईटी 0.71, यूटिलिटीज 0.57, ऑटो 0.66, बैंकिंग 0.60, धातु 0.52, तेल एवं गैस 0.51, पावर 0.35, टेक 0.49, सर्विसेज 0.38 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.68 प्रतिशत लुढ़क गए। विश्व बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.05, जर्मनी का डैक्स 0.80, जापान का निक्केई 0.51 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.43 प्रतिशत मजबूत रहा, वहीं चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.18 प्रतिशत की गिरावट रही।

### बीएसएनएल को लगातार दूसरी तिमाही में हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली।** सरकारी दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 280 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है। यह लगातार दूसरी तिमाही रही है जिसमें बीएसएनएल ने मुनाफा अर्जित किया है। बीएसएनएल ने मंगलवार को यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि मार्च 2025 में समाप्त वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भी उसने 262 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में उसको 2247 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है जो इससे पिछले वित्त वर्ष में हुए 5370 करोड़ रुपए की तुलना में 58 प्रतिशत कम है। इस प्रकार उसके घाटे में सुधार हो रहा है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की बढ़त के साथ 3860 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.57 सेंट चढ़कर 49.92 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8800-8900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15824 रुपए, मूंगफली तेल 17582 रुपए, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए, सोया रिफाइंड 14871 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**वक्फ एक्ट....** उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है।

**कर्ज में दबे...** में एक दंपति, तीन बच्चों और दो बुजुर्गों सहित सात लोग पाए गए। उन्हें पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि घटना के पीछे का कारण वित्तीय संकट और कर्ज हो सकता है। हालांकि, मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम देहरादून जाकर परिवार के रिश्तेदारों से बात करेगी।

**शारदा सिन्हा...**
मंत्री और कई विशेष अतिथि भी मौजूद रहे। इस सूची में 7 पद्म विभूषण, 19 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार विजेताओं में से 23 महिलाएं हैं और सूची में विदेशी/ एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई श्रेणी के 10 व्यक्ति और 13 मरणोपरांत पुरस्कार विजेता भी शामिल हैं। वहीं कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया को कला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया। उनके पोते ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए बिबेक देबराय को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मरणोपरांत पद्म भूषण से सम्मानित किया है। उनकी पत्नी ने उनकी ओर से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बिबेक देबराय एक अर्थशास्त्री थे, जिन्होंने प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और वे उल्लेखनीय कार्यों के लेखक भी हैं। पद्म विभूषण असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिए, पद्म भूषण उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा के लिए और पद्म श्री किसी भी क्षेत्र में विशिष्ट सेवा के लिए दिया जाता है। पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है। वहीं न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जगदीश सिंह खेहर को सार्वजनिक मामलों के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पद्म विभूषण सम्मान दिया गया है।

**यूपी में...** याचीगणों की सेवाएं 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अतः पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रुपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाए।

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़

नई दिल्ली, वार्ता



**■ राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है: उपराष्ट्रपति**

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास, राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूं कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा कि शांति तब सुनिश्चित होती है, जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

## जमीन के विवाद में उद्योगपति के नौकर से मारपीट का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। मारपीट करने के मामले में मुकदमा

हसनपुर। उद्योगपति के नौकर के साथ मारपीट कर धक्का मुक्की किये जाने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव गंगवार निवासी इरशाद उर्फ शब्बू पुत्र अनवार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह गांव मकनपुर शर्की थाना सैदनगली में उमर अशरफी पुत्र शेर अली के फार्म हाउस पर देखभाल करता है। कई दिनों पहले भवनाथ सिंह पुत्र चंद्रबली निवासी 2/6 विनय खंड गोमती नगर लखनऊ मालिकाना हक को लेकर विभिन्न न्यायालय में बाद चल रहा है। जिसको लेकर पूर्व जिलाधिकारी व उद्योगपति उमर अशरफी के लिए रंजिश चल रही है। इसी के चलते 24 मई को कई गाड़ियों में कुछ अज्ञात लोग सवार होकर आये थे। फार्म हाउस में मारपीट करते समय वह गालियां भी दे रहे थे। उन्होंने वीडियो बनाने पर प्रदीप से उसका मोबाइल फोन भी छीन लिया था। पुलिस ने कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि उद्योगपति व पूर्व जिलाधिकारी के बीच जमीन संबंधी विवाद न्यायालय में चल रहा है। बताया जाता है की भवनाथ सिंह जनपद अमरोहा में जिलाधिकारी के पद पर रह चुके हैं

# खड़े ट्रक में घुसी बाइक, दो छात्रों की मौत

## जामा मस्जिद मदरसे में पढ़ते थे, एक बाइक पर सवार होकर चारों जा रहे थे नहाने, दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एक ही बाइक पर सवार होकर ट्यूबवैल पर नहाने जा रहे चार छात्रों की बाइक सड़क पर खड़े ट्रक में घुस गयी। हादसे में दो छात्रों की मौत हो गयी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घायल छात्रों को गंभीर हालत में निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। जबकि मृतकों के परिजनों ने बिना कानूनी कार्रवाई के शवों का अन्तिम संस्कार कर दिया।

हादसा मंगलवार दोपहर बाद नौगावां सादात थाना क्षेत्र में अमरोहा-मंडी धनौरा मार्ग पर हुआ। नगर के मुहल्ला तलवार शाह नई बस्ती निवासी नासिर अली का बेटा मोहम्मद फैजी, मुहल्ला अफगानान निवासी अनीस का बेटा अर्सलान, मुहल्ला हक्कानी निवासी अफजल का बेटा अब्दुल समद तथा मुहल्ला सराय कोहना निवासी अमीर अहमद का बेटा अबुजर नगर के मदरसा जामा मस्जिद में पढ़ते हैं। मंगलवार दोपहर चारों छात्र अर्सलान की बाइक पर सवार होकर मदरसा से एक साथ निकले थे। बताते हैं कि चारों छात्र एक ही बाइक पर सवार होकर धनौरा रोड स्थित एक बाग में स्थित ट्यूबवेल पर नहाने जा रहे थे। उन्होंने हेलमेट भी नहीं लगाया था। बताते हैं कि नौगावां सादात थाना क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी बाइक की रफ्तार काफी तेज थी। अनियंत्रित हुई बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में मोहम्मद फैजी व अर्सलान की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अबुजर व अब्दुल समद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर जुटे लोगों ने फौरन ही घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं दोनों मृतकों के स्वजन बगैर कार्रवाई शव घर ले गए हैं। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि हादसे की जानकारी मिली है। परंतु मृतकों के स्वजन ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

## अंधेरे का फायदा उठाकर साथी फरार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। हिस्ट्रीशीटर कासिम उर्फ पेप्सी को डिडौली पुलिस व एसओजी-सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कार लिया जबकि उसका साथी अंधेरे में चकमा देकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस को घेरेबंदी करता देख दोनों ने फायरिंग कर दी, गोली लगने से एक सिपाही घायल हो गया। वहीं, आत्मरक्षार्थ पुलिस की जवाबी फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर के भी पैर गोली लगी। पुलिस ने मौके से एक देसी तमंचा, जिंदा कारतूस, पशु वध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण और एक बाइक बरामद होने का दावा किया है। सोमवार-मंगलवार रात करीब 2:40 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि क्षेत्र के गांव ढकिया चमन निवासी हिस्ट्रीशीटर कासिम उर्फ पेप्सी अपने साथी मुनव्वर के साथ मिलकर गांव मीरपुर में एक बंद पड़े ईंट भट्टे में गौकशी करने की योजना बना रहे हैं। लिहाजा, सूचना को गंभीरता से लेते हुए डिडौली कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह, एसओजी प्रभारी विकास सहरावत व सर्विलांस प्रभारी बिजेंद्र मलिक टीम को लेकर मौके पर पहुंच गए। इसके बाद दरोगा कमल सिंह व फूल सिंह ने हेड कांस्टेबल हिदायत अली, कांस्टेबल अजीत कुमार व दीपक को लेकर ईंट भट्टे पर छापेमारी कर दी। खुद को घिरता हुआ देखकर हिस्ट्रीशीटर कासिम उर्फ पेप्सी ने अपने साथी के साथ मिलकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। जिसमें बाएं हाथ में गोली लगने से हेड कांस्टेबल हिदायत अली घायल हो गया जबकि एक गोली कांस्टेबल दीपक की बुलेट प्रुफ जैकेट में लगी। पुलिस ने भी अपनी तरफ से जवाबी फायरिंग की, जिसमें पैर पर गोली लगने से हिस्ट्रीशीटर पेप्सी घायल होकर जमीन पर गिर गया जबकि उसका साथी मुनव्वर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि गोली लगने से घायल हिस्ट्रीशीटर कासिम उर्फ पेप्सी तथा हेड कांस्टेबल हिदायत अली को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके से एक देसी तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा के अलावा एक बाइक तथा पशु वध में इस्तेमाल होने वाले उपकरण मिले हैं। गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर कासिम उर्फ पेप्सी शातिर किस्म का अपराधी है। अमरोहा तथा मुरादाबाद के थानों में उसके खिलाफ लूट, चोरी, गौकशी व गैंगस्टर एक्ट के 20 मुकदमे दर्ज हैं।

# लखनऊ में तैनात महिला सिपाही का शव फंदे से लटका मिला

## परिजनों से मोबाइल पर की थी अन्तिम बार बात



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। लखनऊ में तैनात महिला सिपाही ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना से परिजनों में को. हराम मच गया। मृतका ने मरने से पूर्व परिजनों से मोबाइल पर बात की थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया है जबकि परिजन भी घटना स्थल पहुंच गये हैं।

थाना क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी रितु वर्ष 2019 बैच की सिपाही थी। वह कई साल से गाजीपुर ए ब्लाक में किराये पर रहती थी। इसी के साथ एसआई गीत ग्राउंड फ्लोर पर रह रही थी। मंगलवार की सुबह वह रितु को बुलाने के लिए उसके घर पहुंची। दरवाजा बाहर से बंद था। कई बार आवाज देने के बाद भी गेट नहीं खुला। जिस पर गीता को अनहोनी की आशंका हुई। उन्होने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो रितु का शव फंदे से लटका हुआ था। इस समय वह मड़ियाव में पैरोकार के पद पर तैनात थी। इससे पहले रितु की तैनाती गाजीपुर थाने में थी। जांच में सामने आया है कि रितु ने मोबाइल से अन्तिम कॉल अपने परिजनों से की थी। घटना की जानकारी होने पर लोगों की भीड़ जमा हो गयी। पुलिस ने घटना से परिजनों को अवगत कराया। जिससे परि. जनों में कोहराम मच गया। एएसपी गाजीपुर अनिध्य विक्रम सिंह ने बताया कि मौके पर कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है जबकि घटना को लेकर परिजनों से बातचीत की जा रही है।

**■ नहीं मिला कोई सुसाइट नोट, घर में मचा कोहराम**

# फर्जी प्रमाण पत्र से किया अल्ट्रासाउंड रजिस्ट्रेशन का आवेदन

## अल्ट्रासाउंड संचालक व मेरठ के चिकित्सक पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अल्ट्रासाउंड सेंटर का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए डॉक्टर ने फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र लगाकर ऑनलाइन आवेदन कर दिया। प्रक्रिया के तहत जब मेडिकल काउंसिल में डिग्री व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र की जांच कराई गई तो वह फर्जी मिले। नोडल अधिकारी ने मामले में अल्ट्रासाउंड संचालक और मेरठ निवासी एक डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव बीझलपुर निवासी राहुल शर्मा ने बीते दिनों श्रीराधे अल्ट्रासाउंड के रजिस्ट्रेशन के लिए सीएमओ कार्यालय संबंधित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें मेरठ के लोहिया नगर घोसीपुर निवासी डा. फिरोज आलम को चिकित्सक के रूप में दिखाया गया था। बाद में अल्ट्रासाउंड सेंटर के रजिस्ट्रेशन से संबंधित दस्तावेज और डॉक्टर के शैक्षिक प्रमाण पत्र व निर्धारित फीस का मूल डीडी सीएमओ कार्यालय में भी जमा कराया गया था। इसके बाद अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक राहुल शर्मा व डा. फिरोज आलम ने रजिस्ट्रेशन के लिए कार्यालय में आकर मूल अभिलेख भी उपलब्ध कराए थे। जांच के दौरान पता चला कि डा. फिरोज आलम का पंजीयन उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल की वेबसाइट पर नहीं है। लिहाजा, सीएमओ कार्यालय स्तर से उत्तर प्रदेश मेडिकल काउंसिल से डा.फिरोज आलम के प्रमाण पत्र का सत्यापन करने के लिए पत्राचार किया गया। 7 मई 2025 को लखनऊ से मिले जवाब में डा. फिरोज आलम का एमबीबीएस का रजिस्ट्रेशन और डिप्लोमा इन मेडिकल रेडियोलॉजिस्ट का सर्टिफिकेट सही नहीं बताया गया। जिससे साफ हो गया कि राहुल शर्मा और डा.फिरोज आलम द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार कर अल्ट्रासाउंड सेंटर के लिए आवेदन किया गया था। मामले को गंभीरता से लेकर सीएमओ ने पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डा.सुशील कुमार को मामले में एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में राहुल शर्मा और डा.फिरोज आलम के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जांच शुरू करने की बात कही।

# परिजनों के डांटने पर युवती ने लगाई फांसी

## पुलिस ने शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। डांटने के बाद से गुमसुम युवती ने मौत का रास्ता चुन लिया, उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। अचानक उठाए गए आत्मघाती कदम से परिजनों में को. हराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए और शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। मामले में परिजनों की ओर से फिलहाल तहरीर नहीं दी गई है, आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

घटना थाना क्षेत्र के गांव जलाल. पुर कलां की है। यहां रहने वाले पेशे से मजदूर विजेंद्र के परिवार में पत्नी सीमा के अलावा तीन बेटे और दो बेटियां हैं। बताया जा रहा है कि दूसरे नंबर की 19 वर्षीय बेटी पलक को परिजनों ने एक-दो दिन पहले किसी बात को लेकर डांट दिया था। जिसके बाद से वह गुमसुम रहने लगी थी। मंगलवार को विजेंद्र रोजाना की तरह मजदूरी करने गया था जबकि दोपहर में उसकी पत्नी सीमा पशुओं का चारा काटने खेत पर गई थी। मानसिक रूप से परेशान घर में अकेली पलक ने इसी दौरान जानलेवा रास्ता चुन लिया। इसके बाद वह घर में ही एक कोने में बने टीनशेड में चली गई और वहां उसने बल्ली के सहारे रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। थोड़ी देर बाद जब चाची बबीता अचानक घर पहुंची तो फंदे पर पलक का शव लटका देख चीख निकल गई। शोर सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई, विजेंद्र और सीमा भी घर लौट आए। आनन-फानन में पलक को नीचे उतारा गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। वहीं, युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष कोमल तोमर पुलिसकर्मियों को लेकर मौके पर पहुंच गईं। जांच-पड़ताल के बाद शव पोस्टमार्टम को भेज दिया। इससे पहले फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कराए। थानाध्यक्ष ने मामले में परिजनों की तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही

# बाइकों की भिड़ंत में मां की मौत, बेटा घायल

## गंभीर हालत में किया रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बछरायूं**। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई हादसे में मोटरसाइकिल पर सवार मा-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा लेकर पहुंची यहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मा (महिला) को अमृत घोषित कर दिया जबकि घायल बाइक चालक बेटे को बहेतर उपचार के लिए रेफर कर दिया।

पुलिस के मुताबिक थाना क्षेत्र के गांव से सुजमना निवासी शीलू की 40 वर्षीय पत्नी विमला अपने बेटे सचिन के साथ बाइक पर सवार होकर गजरौला की तरफ जा रही थी। जब वह गांव कुमारपुरा में पैट्रोल पम्प के पास पहुंचे तो सामने से आ रही है एक अज्ञात मोटरसाइकिल से उनकी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार दोनों मां बेटे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनोरा लेकर पहुंची जहां चिकित्सक ने परीक्षण उपरांत विमल को मृत घोषित कर दिया जबकि उनके बेटे सचिन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में मृतक 40 वर्षीय विमला का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। जबकि उनके बेटे सचिन को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया

## एक नजर

### पौधे लगाकर बच्चों की तरह करें देखभाल




**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। जेएस हिन्दू पीजी कालेज के प्राचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वच्छ वायु ही हमारे जीवन की आधार है। हमें अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है। मंगलवार को कालेज में योग प्रशिक्षक संदीप सिंह ने लोगों को सूर्य नमस्कार योगाभ्यास कराया। प्राचार्या प्रो. वीर वीरेन्द्र सिंह आदि ने वृक्षारोपण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वृक्षों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। वह हमारे जीवन का मूल आधार है। पर्यावरण को दूषित होने से रो. कने के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण जरूरी है। कार्यक्रम में प्रो. बीना रूस्तगी, डा.बबलू सिंह, डा. सविता, डा. पीयूष शर्मा, डा. आभा सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डा. तीर्थराज, मयंक अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### समर कैम्प में लिया आईस्क्रीम का मजा




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान डांस,चेयर म्यूजिकल गेम एवं बैलून गेम आदि खेलों का बच्चों द्वारा आनंद लिया गया। समर कैंप के दौरान बच्चों द्वारा जमकर मौज मस्ती की गई। समर कैंप के बाद विद्यालय प्रांगण में आइसक्रीम पार्टी का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने गर्मी में आइसक्रीम का आनंद लिया। इस अवसर पर प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना,अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा, प्रधानाचार्य निशान त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, अनुराधा, भावना सक्सेना,खुशबू शर्मा, अंश सक्सेना, नीलम सक्सेना, पुनीत, सीमा वर्मा, रवि वर्मा,लवकेश आदि मौजूद रहे।

# रील बनाते पानी के तेज बहाव में बहा युवक

## नहर में नहाते समय हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। आजकल रील बनाने की खुमारी हर किसी के सिर चढकर बोल रही है। लोगो की दिनचर्या का कोई ऐसा काम नही है जिसे सोशल मीडिया पर रील के माध्यम में नही प्रदर्शित किया जा रहा हो। लेकिन उनका ये दिखावा कई बार उनकी जान पर भारी पड़ जाता है। ऐसा ही मामला थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर रझेड़ा से सामने आया जहां रील बनाने के चक्कर मे एक 20 वर्षीय किशोर पानी के तेज बहाव में बह गया।

पानी में युवा रील्स, व्यूज, लाइक्स और सेल्फी के चक्कर में हादसों का शिकार हो रहे हैं. रील की खुमारी मंगलवार को गांव शाहपुर रझेड़ा में मौसी के घर घूमने आए एक किशोर की जान पर भारी पड़ी है. नहर में नहाने गया किशोर रील के चक्कर मे पानी के तेज बहाव में बह गया। जानकरी पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी गौताखोर कि मदद से किशोर की तलाश करायी जा रही हैं। पुलिस के मुताबिक नौगांवा थाना क्षेत्र का गांव पृथ्वीपुर सराय निवासी निवासी 20 वर्षीय पिंकू पुत्र शेरसिंह मंगलवार को धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर रझेड़ा में अपने मामा धर्मवीर (धर्मेन्द्र) के घर आया था। दोपहर के समय पिंकू गादीखेड़ा गांव के पास से होकर बह रही रामगंगा पोशक नहर में रील बनाने और नहाने के लिए चला गया इसी दौरान रील बनाते हुए पिंकू गहरे पानी मे समा गया। घटना की जानकारी पर पिंकू के परिजन और ग्रामीण भी पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस गौताखोरो की मदद से पिंकू की तलाश में जुट गई देर शाम तक पुलिस गौताखोरो की मदद से पिंकू की तलाश में जुटी हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया रील बनाने के चक्कर मे नहर में डूबे किशोर की तलाश जारी है। एनडीआरएफ को भी सूचना दे दी गयी हैं



■ मंडी धनौरा। रील बनाने के दौरान युवक के डूबने के बाद नहर के पास जमा भीड़।

# खेलों में उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को दी गई पोषण सहयोग राशि

**■ रमाबाई अम्बेडकर महाविद्यालय में हुआ कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर 'प्रोत्साहन एवं पोषण आहार सहयोग राशि' के रूप में पारितोषिक प्रदान किया गया।

विश्वविद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करके जेवलिन थ्रो व शॉटपुट में दो गोल्ड मैडल जीतने पर छात्रा झलक चाहल को, जेवलिन थ्रो में एक गोल्ड जीतने पर छात्र गुरवेंदर सिंह को, आर्चेरी में एक गोल्ड व हाई जंप में ब्रोंज जीतने पर छात्र नवनीत कौशिक को एवं रेसलिंग थ्रो में एक गोल्ड व हैमर थ्रो में सिल्वर जीतने पर छात्र नितेश कुमार को 7-7 हजार रूपये के चेक, रजत पदक जीतने में छात्रा मंतशा को 5000 रूपये व कांस्य पदक जीतने पर छात्र हर्ष कुमार को 3000 रूपये का चेक पारितोषिक के रूप में प्रदान किए। इसके साथ ही क्रास कंट्री रेस में तृतीय रही छह सदस्यीय टीम को संयुक्त रूप से 3 हजार रूपये की राशि दी गई। साथ ही रमाबाई महाविद्यालय के वार्षिक क्रीड़ा समारोह में छात्र चैम्पियन लवकुश व छात्रा चैम्पियन उदीशा को 2500-2500 रूपये, जबकि रनर अप छात्रा झलक चाहल व छात्र सलमान खान को 1100-1100 रूपये की राशि के चेक दिए गए। प्राचार्य प्रो.एमए गौरी ने विजेताओं का मनोबल बढ़ाया, कहा कि उनकी यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय परिवार के लिये गर्व का विषय है। इस अवसर पर शारिरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार, वरिष्ठ प्राध्यपिका डॉ. त्रमता वर्मा, डॉ.चंद्रवीर सिंह, प्रो. संयम समेत महाविद्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।



# गुस्साए किसानों ने स्टेट हाइवे किया जाम

## अधिकारियों के पंचायत में न पहुंचने पर भड़के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। मंगलवार को ब्लॉक परिसर में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भाकियू टिकैत की पंचायत का आयोजन हुआ। पंचायत में किसानों की समस्या सुनने के लिए किसी सक्षम अधिकारी के न पहुंचे पर किसान भड़क गए किसानो ने ब्लॉक मुख्यालय के सामने स्टेट हाइवे जाम कर दिया। किसानों ने कहा पूर्व में सूचना के बाद भी अधिकारी किसानों की समस्या सुनने को तैयार नही है। जाम की सूचना पर पुलिस प्रशाशनिक महकमे में हड़कंप मच गया। जानकारी पर पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वेताभ भास्कर भी धरना स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने किसानों की समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिया सीओ के आश्वा. सन पर माने किसानों ने जाम खोल दिया। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी दानवीर सिंह ने कहा किसानों की समस्या को लेकर अधिकारी गंभीर नही है।

# दो लाख व कार के लिए विवाहिता को निकाला

## पति समेत तीन पर एफआईआर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। बिजनौर जिले के स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव सदारनपुर के रहने वाले सर्वेश कुमार ने अपनी बेटी हिमानी की शादी 27 अप्रैल 2016 को नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव सिरसा जट के रहने वाले अवनीश कुमार के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले हिमानी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। विवाहिता ने इसी बीच दो बच्चों को भी जन्म दिया। आरोप है कि हिमानी पर मायके से दो लाख रुपये और कार दिलाने का दबाव बनाया जाता था। घटना बीती 8 मई की है। विवाद की खबर मिलने पर हिमानी के पिता और भाई गांव सिरसा जट आए थे। ससुराल वालों ने दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही दोबारा गांव आने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पिता और भाई के सामने भी विवाहिता के साथ मारपीट की गई। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने मामले में अवनीश कुमार, वीर सिंह और हेमेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही

**वट अमावस्या के अवसर पर गंगा तटों पर गूंजे जयकारें**

# श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** वट अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालुओं गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस दौरान गंगा मैया के जयकारों से घाट गुंजायमान हो उठे। भोर एवं संध्या में मां गंगा की आरती ने श्रद्धालुओं को भक्ति से ओतप्रोत कर दिया। ब्रजघाट एवं तिगरी दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। बता दें कि वट अमावस्या का हिन्दु समाज में अत्यधिक महत्तव है। इसी को लेकर मंगलवार को गंगास्नान करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। ब्रजघाट में तो दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गाजियाबाद, हापुड़ जैसे दूर दराज के स्थानों तक के भी श्रद्धालुओं ने दस्तक दी। श्रद्धालुओं ने भोर होते ही

**■ गंगा मैया से मांगा सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद**

गंगा में आस्था के साथ स्नान किया और प्रसाद चढ़ाकर गंगा मैया से सुख व स्मृद्धि का आशीर्वाद मांगा। उधर ब्लॉक क्षेत्र के तिगरीधाम में भी वट अमावस्या के अवसर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। यहां पर ग्रामीण आंचलिक क्षेत्रों के श्रद्धालु ज्यादा संख्या में पहुंचे। दोनों ही स्थानों पर श्रद्धालुओं ने गंगा कमेटी के साथ साथ निर्धनों, पुरोहितों व जरूरतमंदो को नकद धनराशि व वस्त्र आदि दान किए। वहीं ब्रजघाट एवं तिगरी दोनों ही स्थानों पर पुलिस बल के साथ साथ डूबते लोगों को बचाने के लिये स्थानीय गोताखोर भी मौजूद रहे। वहीं वट अमावस्या के महत्तव के बारे में बुधबाजार निवासी पंडित दयानंद शर्मा ने बताया कि वट अमावस्या के दिन वट वृक्ष की पूजा होती है। इस दिन गंगा स्नान करने से परिवार में सुख शांति होती है तो वहीं इसी दिन भगवान शनि का जन्म भी हुआ है। बताया कि इसी दिन सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण भी अपनी पूजा, अर्चना और भक्ति से वापिस लिये थे। यह अमावस्या बहुत पूज्यनीय है।



गजरौला। वट अमावस्या के अवसर पर ब्रजघाट स्थित गंगा में आस्था की डुबकी लगाते श्रद्धालु।

# ब्रजघाट पुल व हाइवे पर रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** वट अमावस्या पर श्रद्धालुओं के उमड़ने के चलते यातायात का दबाब बढ़ गया और ब्रजघाट पुल और हाइवे पर कई घंटे तक जाम की समस्या बनी रही। पुलिस ने कड़ी मशक्कत करके जाम खुलवाने में सफलता पाई। बता दें कि वट अमावस्या के अवसर पर ब्रजघाट में गंगा स्नान करने के लिये मेरठ, हापुड़, दिल्ली, हरियाणा तक के श्रद्धालु पहुंचे। ऐसे में ब्रजघाट पुल व हाइवे पर वाहनों की संख्या बढ़ गई और यातायात का दबाब बढ़ गया। कुछ बस चाल. कों ने भी बसें पुल पर रोककर ही यात्रियों को चढ़ाना व उतारना शुरू कर दिया, इस कारण भी जाम की समस्या बन गई। दोनों दिशाओं में

**■ श्रद्धालुओं के उमड़ने से बढ़ा यातायात का दबाब**

वाहनों की लंबी कतार लग गई। गर्मी के मौसम में जाम के कारण लोगों का हाल बेहाल हो गया। खासकर जाम में फंसे वाहनों में सवार बच्चे और महिलाएं तो ज्यादा परेशान रहीं। जाम की कतार में कई एंबुलैंस भी फंस गईं। ब्रजघाट चौकी प्रभारी नितेन्द्र वशिष्ठ ने अपनी टीम को साथ लेकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। काफी देर बाद पुलिस को जाम खुलवाने में सफलता मिली, जिसके बाद ही वाहनों ने रफ्तार पकड़ी और जाम में फंसे लोगों ने राहत की सांस ली। बता दें कि अमावस्या पर गंगा स्नान के चलते यातायात बढ़ जाता है।

# अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरेणा लें छात्राएं

## उत्पीड़न के खिलाफ उठाये आवाजः ढिल्लो

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का जीवन हमारे लिये प्रेरणा का स्त्रोत है। छात्राओं को इनके बताये मार्ग पर चलकर देश सेवा के लिये हर समय तैयार रहना चाहिये। चौधरी बिहारी सिंह त्यागी कन्या इंटर कालेज में रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, कालेज के डायरेक्टर ब्रहमदत्त त्यागी, संरक्षक डा. सुरेन्द्र त्यागी, प्रधानाचार्या अनीता शर्मा ने रानी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यापर्ण से की। इस मौके पर बोलते शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना सारा जीवन देश सेवा में लगा दिया। उनके राज में कानून का शासन रहा तथा लोगों को निष्पक्ष रूप से न्याय देने के लिये वह समाज में प्रसिद्ध रहीं। उन्होंने छात्राओं का आह्वान करते कहा कि वह रानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर देश सेवा में अपना योगदान थे। कार्यक्रम में श्याम सुंदर मौर्य, राजपाल सिंह, रामफल सिंह, भास्कर राणा, वीरेन्द्र सिंह, मुनीम कुमार, बाबी कुमार, रेखा सिंह, रश्मि रानी, शबाना, रेखा, शोभा मौजूद रहीं।

# अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में न्यायलय ने दोषी को सुनाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 2005 में आरोपी लोकेश द्वारा अवैध रुप से चाकू रखने के सम्बन्ध में आरोपी के खिलाफ थाना बहादुरगढ पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को न्यायलय द्वारा लोकेश पुत्र रामपाल निवासी मौहम्मदपुर रुस्तमपुर थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़ को अवैध रुप से चाकू रखने के मामले में दोषी मानते हुए जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बितायी गयी अवधि 7 दिवस व 1,000 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

# सड़क पर पड़ी लकड़ियों से टकराई बाइक

## दो बाइकों पर सवार तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** दो बाइक सवार सड़क पर पड़ी लकड़ी से टकराकर बुरी तरह से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों द्वारा दोनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

थाना गजरौला निवासी रवि पुत्र राजपाल अपने दोस्त प्रदीप पुत्र महेंद्र के साथ नगर के मोहल्ला हिरन वाला स्थित अपनी बहन के यहां आया था। बहन के यहां से सोमवार की देर रात्रि बाइक पर सवार होकर दोनों दोस्त अपने घर को लौट रहे थे। दोनों के साथ एक 10 वर्षीय भांजा प्रतीक पुत्र रंजीत भी था। जैसे ही उनकी बाइक गजरौला मार्ग स्थित दीपपुर गेट के निकट पहुंची तो सड़क पर पड़ी लकड़ी से उनकी बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार रवि एवं प्रदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित सीएचसी में भर्ती कराया गया। वहीं,बाइक सवार मासूम प्रतीक के कोई भी चोट नहीं आई। उपचार के दौरान दोनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हादसे की सूचना पर कोतवाली पुलिस सीएचसी पहुंची और घायलों के परिजनों को सूचना दी। बाद में घायलों के परिजन भी सीएचसी पहुंच गये।

## एक नजर

### भाकियू ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने संगठन विस्तार करते हुए अन्य किसान संगठनों को छोड़कर आये कार्यकर्ताओं को संगठन की सदस्यता ग्रहण कराते हुए उनका स्वागत किया। मंगलवार को जिला अध्यक्ष दीपक गुर्जर के आवास पर हुई बैठक में शोभित अग्रवाल को जिला प्रभारी अमरोहा व्यापार मोर्चा,अब्दुल मुत्लीब प्रधान को जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा अमरोहा, इसरार अहमद को जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, निशु पावर को नगर अध्यक्ष सैदनगली, गुरमीत सिंह को छात्र संघ जिला उपाध्यक्ष, हरकेश सैनी को तहसील सचिव किसान मोर्चा धनोरा, धीरेंद्र राठी को जिला अध्यक्ष बरेली, विकास चौधरी को युवा जिला अध्यक्ष बरेली नियुक्त किया गया। हरिद्वार के आनंद कुमार को उत्तराखंड प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को टोपी व पटके से सम्मान देकर सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत वंदन अभिनंदन किया। इस मौके पर स्वामी हर मनोज दास, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार अधाना,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह गुर्जर,राष्ट्रीय सलाहकार उदयवीर सिंह,राष्ट्रीय महासचिव चिकित्सा मोर्चा डॉक्टर योगेंद्र सिंह,प्रदेश अध्यक्ष मास्टर सतपाल सिंह अधाना,प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान, प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक मोर्चा अतीक, जिला अध्यक्ष अमरोहा दीपक गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष अमिचंद सिंह चौहान व सोनू गुर्जर मौजूद रहे।

### क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत की मांग




**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** मंगलवार को सपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक भारती के नेतृत्व में तमाम ग्रामीण तहसील मुख्यालय पर एकत्र हुए। उन्होंने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम चन्द्रकान्ता को सौंपा। ग्रामीणों ने कहा न्याय पंचायत आजमपुर में खाबड़ी-आजमपुर, झुनपुरा-इब्रा. हिमपुर माफी मार्ग पर बना पुल काफी पुराना हो गया है। वर्तमान में वह खस्ता हाल में हैं पुल की मरम्मत और नव निर्माण होना बेहद जरूरी हैं। पुल के लचर होने से किसी भी घटना से इनकार नही किया जा सकता है। जिससे कई गांव के ग्रामीणों का आवागमन भी बाधित हो जाएगा। ऐसे में ग्रामीणों ने मांग की है कि पुल की मरम्मत के साथ नवनिर्माण भी कराया जाए जिनसे कोई हादसा न हो। इस दौरान, आलोक कुमार, महिपाल, दयाराम, राजपाल, मुक. ेश, दिनेश, अशोक, जयदेव, मनोज आदि मौजूद रहे।

# गंदगी के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

## नालियों की सफाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव रामपुर भूड़ की सड़कों एवं नालियों में गंदगी के विरोध में ग्रामीणों द्वारा सोमवार को प्रदर्शन कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम प्रधान द्वारा गांव में सफाई नहीं कराई जा रही जिसके कारण गांव की सड़कों एवं नालियां गन्दगी से अटी पड़ी है। जिसके कारण गांव में बीमारी फैलने का भी डर बना हुआ है। कई बार ग्राम प्रधान से सफाई करने की मांग की गई ।लेकिन ग्रामीणों की मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्दी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उच्च अधिकारियों के यहां धरना प्रदर्शन किया जायेगा। प्रदर्शन करने वालों में संभू लाल, कविता, बीना, प्रीति, किशनवती, रुमालू, आरती, निवेश, राजबाला, सुमित, नेपाल, दीपेंद्र, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** भगवान शनिदेव जन्मोत्सव के अवसर शनि सेना ने भगवान शनि देव की विधि विधान से पूजा अर्चना करके विशाल भंडारा आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के

**■ कई स्थानों पर किया गया भंडारो का आयोजन**

बुधबाजार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया गया। शनि सेना के कार्यकर्ताओं ने भगवान शनिदेव को तेल चढ़ाया और विधि विधान से पूजा अर्चना करके लोककल्याण की कामना की। इस मौके पर



संरक्षक सुरेन्द्र स्वामी, महंत महेन्द्र स्वामी, राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत कोहली, पंडित अजय शर्मा, यश शर्मा, दीपक उपाध्याय, देवेन्द्र दिवाकर, शरद शर्मा, कोमल चौधरी, मंजीत नागपाल, मोहित शर्मा, शुभम सैनी, प्रेम कुमार, नवीन कक्कड़ आदि मौजूद रहे। नगर के बस्ती स्थित श्री सत्य सनातन धर्म सेवा संस्थान के तत्वाधान में नगर के मोहल्ला अवंतिकानगर स्थित शनिधाम नवग्रह मंदिर में भगवान शनिदेव का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी पंडित धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि भगवान शनि की कृपाद्रष्टि से मानव के बिगड़े कार्य बन जाते हैं। इसलिए हमें भगवान शनिदेव की विधि विधान से पूजा उपासना करते हुए हर शनिवार को उनकी प्रतिमा के सम्मुख तेल का दीपक जलाना चाहिये, साथ ही तेल आदि का दान भी करना चाहिये। दोपहर में भोग लगाने के बाद विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। इस मौके पर सविता शर्मा, अरुण सिंघल, अरविंद गोयल, नवीन गर्ग, रामप्रक. ाश गर्ग, संजय सिंघल, अनिल सिंघल, पुष्पेंद्र प्रजापति, संजय प्रजापति, आकाश शर्मा, कृष्णा शर्मा आदि समेत अनेकों भक्तगण मौजूद रहे।

# दुआ के साथ हजरत अब्बास अली का उर्स सम्पन्न

## शायरों ने महफिल में पेश किए कलाम



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** शहर में नौगावां सादात रोड स्थित रोजा हजरत अब्बास अली शाह में हाफिज अब्बास अली शाह का 123 वां उर्स सोमवार रात दुआ के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान शायरों ने कलाम पेश कर महफिल में नूरानियत का रंग भर दिया।

सोमवार को नमाज-ए-असर के बाद रोजा परिसर में नातख्वानी की महफिल सजी। जिसमें मौलाना साद अमरोहवी, जुबैर इब्ने सैफी, जुनैद अकरम फारूकी, मिर्जा साजिद हुसैन, हबीब अहमद सिद्दीकी एडवोकेट व अन्य शायरों ने कलाम पेश किया। तकरीर में सज्जादानशीन अहमद हुसैन ने बताया कि शहर अमरोहा सूफिया-ए-कराम और औलिया हजरत का अहम मरकज रहा है। हाफिज अब्बास अली शाह भी उन्हीं औलिया-ए-कराम में से एक हैं, आज जिनका 123 वां उर्स मनाया जा रहा है। जिसमें दूर दराज से लोग हाजिरी देने आए हैं। मगरिब की नमाज के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा कराई गई। मौलाना हाफिज अहमद हुसैन ने रूहानी माहौल में दुआ कराई। इसके बाद जायरीनों ने लंगर में हिस्सा लिया। इस दौरान खलील मियां, हादी मियां, हाजी खुर्शीद अनवर, मंसूर अहमद सिद्दीकी, मौलाना अतीक उर रहमान फारूकी, हाजी उवैस मुस्तफा रिजवी, निखिल जैन, पूर्व एमएलसी हाजी परवेज अली, हकीम सिराज उद्दीन हाशमी, हाजी जहूर मुस्तफा, हकीम बाकर मुज्तबा नकवी, कैप्टन अशर रजा तकवी, हकीम हामिद अली, हकीम अमीर उद्दीन अल्वी, हम्माद खान, साजिद रऊफ एडवोकेट, इकराम हुसैन जैदी, इस्तेजाब जैदी, डा.महताब अमरोहवी, सैय्यद इमाम मेंहदी, सूफी निशात सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# वीडियो वायरल कर दी आत्मदाह की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता रहरा।** दबंगों ने किसान की जमीन पर कब्जा कर लिया। पुलिस भी उसकी कोई मदद नहीं कर सका। पीड़ित किसान ने वीडियो वायरल कर आत्मदाह की धमकी दी है।

थाना क्षेत्र के गांव खैलिया पट्टी निवासी जीतपाल ने बताया कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर गांव के दबंगों ने कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती है। पुलिस को सूचना देने के बाद भी कोई कार्रवाई नही की जा रही। जबकि डीएम व एसपी से भी वह शिकायत कर चुका है। पीड़ित ने वीडियो वायरल कर चेतावनी दी है कि यदि उसकी जमीन को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो वह आत्मदाह करने को मजबूर होगा।

# पीके पैथ लैब पर रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के मोहल्ला महादेव स्थित पीके पैथ लैब पर मां गंगा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का शुभारंभ निवर्तमान पालिकाध्यक्ष राजेश सैनी और कस्बा चौकी पर तैनात उपनिरीक्षक द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से लोगों के शरीर में एक नई उर्जा का संचार होता है।रक्तदान के पश्चात 90 दिन के बाद लोगों के शरीर में फिर नया रक्त संग्रह हो जाता है।इसलिए लोगों को रक्तदान करने से कभी घबराना नहीं चाहिये ओर रक्तदान कर लोगों की जान बचाना चाहिये। इस दौरान पीके लैब संचालक पवन सैनी, मनीष शर्मा, अनुज यादव, आदित्य गिल, अमजद खान, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मिनी गोल्फ एसोसिएशन के अध्यक्ष बने फिरोज

## खेल प्रेमियों में दौड़ी खुशी की लहर



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** नायाब अब्बासी डिग्री कालेज प्रबंध समिति के अध्यक्ष फिरोज कमाल अब्बासी को उत्तर प्रदेश मिनी गोल्फ एसोसिएशन का विधिवत अध्यक्ष घोषित चुना गया।

बताते चलें कि मिनी गोल्फ फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव सूरज सिंह येवतीकर ने प्रमाण पत्र जारी करते हुए मिनी गोल्ड उत्तर प्रद. ेश का पंजीकृत कार्यालय बुलंदशहर है। प्रदेश के किसी भी जनपद में मिनी गोल्फ फैडरेशन आफि इडिया द्वारा क्लब या संघ को सम्बद्धता प्रदान नहीं की गयी है। एसोसिएशन के फिरोज अब्बासी अध्यक्ष, श्रीकांत शर्मा सचिन व सत्यपाल सिंह को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. लुबना हामिद ने कहा कि अब्बासी का खेलों से विशेष लगाव है तथा वह क्रिकेट में युवाओं की प्रतिभाएं लगातार निखारते आ रहे हैं। इस मौके पर डा. महताब अमरोही, नसीम अहमद, कसीम अशरफ, डा. एम अथर, तश्कील हैदर, डा.. मुबा. रक अली, डा. सरिता रानी, डा. संगीता, अम्बर सुल्ताना मौजूद रहीं।

# भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

## पुष्पवर्षा से जगह-जगह हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव अगरौला कलां में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाएं एवं कन्याएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

मंगलवार से गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी के द्वारा अपने पैतृक गांव अगरौला कलां में अपने आवास पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व गांव के शिव मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर गांव के विभिन्न मार्गो से होकर आयोजन स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में महिलाएं एवं कन्याएं अपने सिर पर कलश लेकर चल रही थी। कलश यात्रा का गांव में जगह-जगह पुष्प वर्षा का स्वागत किया गया। इस दौरान श्रद्धालु कलश यात्रा में बज रहे भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर कथावाचक सत्यकाम कृष्णा गौर महाराज,गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी,निर्वेश देवी,लखपत सिंह, मनोज, ज्ञानी सिंह,हरदेव सिंह,विजय सिंह, टेकचंद पंडित जी, जितेंद्र राणा, भागवती, यशोदा रानू आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।



हसनपुर। भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

# तरबूज बेचकर लौट रहे तीन ग्रामीणों का ट्रैक्टर पलटा, एक की मौत, दो गंभीर घायल

**आसफपुर गांव में मातम, मृतक ओमकार के तीन छोटे बच्चों की जिम्मेदारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव आसफपुर में सोमवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। तरबूज बेचकर लौट रहे तीन ग्रामीणों का ट्रैक्टर-ट्रॉली सहावर के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम आसफपुर निवासी ओमकार मौर्य (31) पुत्र रामस्वरूप मौर्य, चंद्रकेश मौर्य पुत्र भूदेव और गोविंद मौर्य पुत्र रामस्वरूप मौर्य सोमवार को निकटवर्ती ग्राम निजामुद्दीन पुर शाह बाजार में तरबूज बेचने गए थे। देर रात जब तीनों लोग तरबूज बेचकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे, तभी सहावर के निकट अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ओमकार मौर्य ट्रैक्टर के नीचे दब गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं, चंद्रकेश और गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत इलाज के लिए आसफपुर सीएचसी पहुंचाया और मृतक के शव को



मोर्चरी में रखवाया। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद ओमकार का शव परिजनों को सौंप दिया गया। जैसे ही शव गांव पहुंचा, कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ओमकार की मौत से घर में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बताया गया कि ओमकार के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। घर की आर्थिक स्थिति पहले से ही ठीक नहीं थी। अब उनके पालन-पोषण की पूरी जिम्मेदारी विधवा पत्नी पर आ गई है। गांव के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा और मदद की मांग की है, ताकि बच्चों के भविष्य की चिंता कुछ कम हो सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जमीनी रंजिश के चलते गला रेतकर ई-रिक्शा चालक की हत्या, खंती में पड़ा मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिलहरी।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम आमगांव के रहने वाले 30 वर्षीय मनोज पटेल ई-रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता था। सोमवार शाम को वह अचानक लापता हो गया। ग्रामीणों ने मंगलवार सुबह 6 बजे मनोज का शव गांव के बाहर कच्चे रास्ते के किनारे खंती में पड़ा देखा। शव मिलने की खबर से सनसनी फैल गई। परिजनों को सूचना मिली तो परिजन ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच गए। शव की हालत देख परिजनों में

**इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया हत्या के मामले में नाम दर्ज आरोपी सुनील कुमार को गिरफ्तार कर लिया है उसकी निशानदेही पर आला कत्ल फरसा भी बरामद कर दिया है। नाम दर्ज आरोपी ने स्वीकार किया है कि उसकी भाई की जमीन की बिक्री को लेकर वह रंजिश मानता था जिसको लेकर भाई आक्रोशित हो गया था और उसने फरसा से गर्दन पर वार कर हत्या कर दी।**

**दो लोगों के खिलाफ हत्या करने का मुकदमा दर्ज**
**एक व्यक्ति को किया है गिरफ्तार**

चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया गांव के ही दो लोगों ने मृतक को शराब पिलाकर ई-रिक्शा से नीचे फेंक दिया था और आरोपी ने ने घर से फरसा लाकर युवक की गर्दन काटकर हत्या कर दी बताया जा रहा है कि मृतक ने आरोपी सुनील के भाई की जमीन की बिक्री करवाई थी इसी बात को लेकर उक्त आरोपी मृतक से रंजिश मानते थे इसी के चलते आरोपियों ने को मौत के घाट उतार दिया।

## बड़ी धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का स्थापना दिवस उझानी रोड स्थित सिंह हवेली में केक काटकर मनाया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने आज ही के दिन संगठन की नींव रखी थी।जिसमें जिले के कोने-कोने से आए प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रिक मीडिया के पत्रकारों ने सहभागिता रही मंच का संचालन जिला प्रभारी दिनेश सिंह ने किया कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुमित मल्होत्रा द्वारा की गई जिन्होंने वर्तमान समय में पत्रकार के आगे आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा की पत्रकारों को यह सुझाव भी दिया की पत्रकारिता के अलावा अपना अन्य व्यवसाय भी अवश्य करें। जिला संरक्षक प्रवेश राठौर ने नए पत्रकार साथियो को पहचान पत्र वितरण करें तत्पश्चात उपाध्यक्ष संजीव पटेल ने कई मुख्य बिंदुओं पर अपने विचार रखें महासचिव अनवर खान ने प्रशासन के साथ अपना समन्वय बनाए रखने को कहा जिससे पत्रकार अपनी कलम के माध्यम से जन समाज की समस्याओं को खत्म करने का प्रयास कर सके। जिला अध्यक्ष सुमित मल्होत्रा ने कहा खबर चलाने से पहले संबंधित अधिकारी का वर्जन जरूर लें। खबर प्रकाशित करने पर किसी प्रकार की कोई समस्या आती है। या किसी प्रकार का कोई दवाव आता है तो उसके लिए संगठन जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।लेकिन किसी प्रकार के अनुचित कार्यों में अपनी संलिप्तता कभी न होने दे सत्य की लड़ाई लड़े और सही व्यक्ति की ही मदद करें। इस अवसर पर सौरभ गुप्ता,आकाश तोमर, सचिन बाबू, सालिम रियाज,अवनी गुप्ता, विनीत वर्मा, मनीष कांत, मुकेश, तुफैल अहमद,शकील भारती,आनंद प्रकाश, व अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## एसडीबी पब्लिक स्कूल का दस दिवसीय कैंप का समारोहपूर्वक समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** एसडीबी पब्लिक स्कूल में दस दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर कक्षाओ का बड़े हर्ष और उल्लास के साथ समापन किया गया। इन कक्षाओ में क्ले मॉडलिंग, हैण्ड एम्बायडरी, आर्ट एंड क्राफ्ट, कुकिंग, मेहंदी, रंगोली, इंग्लिश स्पीकिंग, रीजनिंग, मैथ्स ट्रिकिंग आदि प्रशिक्षण दिए गए। इसमे हैण्ड एम्ब्रायडरी शिक्षिका पूनम, आर्ट एंड क्राफ्ट शिल्पी, क्ले मॉडलिंग गुंजन एवम शालिनी, कुकिंग रीता, श्वेता, रोमा, मेहंदी पूजा एव स्वाति, इंग्लिश स्पीकिंग तरूण और सौम्या, रंगोली गायत्री के साथ साथ अन्य सभी कक्षाएं प्रियेश, प्रशान्त आयुष, मो. हिनी आदि द्वारा ली गई। जिनमे बच्चों को अति उत्तम तरीके से सब चीजे सिखाई गई। छात्र-छात्राओं ने भी बड़े ही मनोयोग से सभी प्रशिक्षण प्राप्त किये। समस्त कक्षाएं एक्टिविटी इंचार्ज शारदा बबेजा के दिशानिर्देशन मे संचालित की गयी। इस अवसर पर प्रधानाचार्या मीनू बत्रा एवं निदेशक अखिलेश वार्ष्णेय ने बच्चो की रचनात्मक कल्पनातमक एव सृजनात्मक क्षमता को बढाने मे इन क्रिया कलापो के योगदान पर प्रकाश डाला। इन छात्र-छात्राओं में अनन्या कश्यप, अनुष्का, अग्रिमा, आस्था, कोमल, वंशिका, शिवानी, नेहा, परी, दिया, नंदिनी, मानसी, वंश, अंश, संजय, अविका, सोनू नैतिक समर प्रगति, त्रिशा आदि का प्रशंसनीय प्रदर्शन रहा।

## विनीत वार्ष्णेय बने अखिल भारतवर्षीय वैश्य बारहसैनी महासभा के जोन उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा की नवीन कार्यकारिणी में नगर के पूर्व सभासद विनीत वार्ष्णेय को जोन 10 का उपाध्यक्ष चुने जाने के बाद शपथ दिलाई गई। नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाएं। चंदौसी वार्ष्णेय सेवा सदन में अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य कार्यकारिणी के अलावा विभिन्न जोनों के उपाध्यक्ष, मंत्री तथा सभासदों को भी शपथ दिलाई गई। इस भव्य समारोह में महासभा के जोन 10 के उपाध्यक्ष पद पर नगर के पूर्व सभासद विनीत वार्ष्णेय (बस वाले) को भी शपथ दिलाई गई। विनीत वार्ष्णेय इस पद पर दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इनके साथ मंत्री पद पर वजीरगंज के सुमित वार्ष्णेय तथा सभासद पद और मुड़िया धुरेकी के दर्पण वार्ष्णेय तथा मनीष वार्ष्णेय ने भी शपथ ली। महासभा के जोन 10 के उपाध्यक्ष पद पर शपथ लेने के उपरांत नगर आगमन पर वार्ष्णेय समाज के लोगों ने विनीत वार्ष्णेय का पुष्प वर्षा कर तथा मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई। इस अवसर पर नीरज वार्ष्णेय साईं राम, साहू सावेंद्र, मनोज टाटा, प्रमोद वैश्य, सुभाष वार्ष्णेय, नवीन वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, अर्चना वार्ष्णेय आदि उपस्थित रहे।

## पिनेकल स्कूल में बच्चों ने की खूब मस्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** पिनेकल इंटरनेशनल एकेडमी में समर कैंप का आयोजन जोरों पर है। बच्चों ने इस दौरान जमकर मस्ती की और नए अनुभव प्राप्त किए। इधर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा मधुबन का भ्रमण, जहां बच्चों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और अपने दिन को अविस्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर एकेडमी के प्रबंधक रवि जौहरी व प्रधानाचार्य विनोद कुमार सिंह की गरिमामय उपस्थिति रही। शिक्षक वर्ग में सलोनी सिंह, पायल वर्मा, शालिनी, उर्वशी, पूजा आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनकी मस्ती में शामिल हुए। यह समर कैंप न केवल बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रहा है।

## खोया मोबाइल पुलिस ने कराया वापस

**रिंकू भारद्वाज,शाह टाइम्स**




**उघैती।** थाना पुलिस ने फिर से एक चोरी किए हुए मोबाइल को बरामद कर मोबाईल स्वामी को मोबाइल सौंपा!खोया हुआ मोबाईल वापस पाकर मोबाइल स्वामी का चेहरा खुशी खिल उठा वहीं मोबाइल स्वामी ने उघैती थाना पुलिस स्टॉप को बधाई देते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की।उघैती थाना क्षेत्र के गांव करियामई निवासी पत्रकार पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा का 7 मई को मोबाइल गुम हो गया था।जिसकी उन्होंने 17 मई को यूपीकॉप बेवसाइट पर सूचना दर्ज कर मोबाइल बरामद कराने की थाना उघैती पुलिस से मांग की।थाना पुलिस ने सीआईआर पोर्टल के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर मोबाइल को बरामद कर लिया।वहीं थाने पर तैनात राहुल त्यागी ने मंगलवार को फोन कर पत्रकार पुष्पेंद्र कुमार मिश्रा को जानकारी दी तत्पश्चात खोया हुआ मोबाईल पुष्पेंद्र मिश्रा के सुपुर्द कर दिया।

## डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय द्वारा जिला कारागार बदायूँ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दी बैरकों, पाकशाला, चिकित्सालय का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर सुविधाओं व समस्याओं की जानकारी ली गयी। जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाये इस हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने साफ-सफाई आदि के सम्बन्ध मे निरीक्षण करते हुए जेल अधीक्षक को साफ-सफाई की व्यवस्था बेहतर रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा सीसीटीवी कैमरो के संचालन के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड कंपनी में 89 आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने लिया भाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** कैंपस प्लेसमेंट किया गया। श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लेसमेंट पार्टनर क्यूएस कॉरपोरेशन के प्रतिनिधि द्रुपद गंगवार के द्वारा कंपनी के वारे में जानकारी प्रदान की गई । इस प्लेसमेंट में 89 आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों ने भाग लिया । जिसमें से लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के बाद 77 अभ्यार्थियों का चयन किया गया । जिसमें प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस चयन में सचिन कुमार सिंह,अनुदेशक, अजीत कुमार वर्मा अनुदेशक , आदित्य सोनकर,अनुदेशक का विशेष सहयोग रहा।

# एक नजर

## 02 जून तक ओ लेवल एवं सीसीसी प्रशिक्षण देने हेतु संस्थाएं करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवक व युवतियों को श्ओश् लेवल एवं सी०सी०सी० कम्प्यूटर प्रशिक्षण का कोर्स कराने हेतु जनपद की ऐसी संस्थायें, जो भारत सरकार की अधिकृत संस्था श्नीलिटश् से मान्यता प्राप्त (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्थाओं की मान्यता वैलिड हो) हों, प्रशिक्षण कराने हेतु आवेदन कर सकती हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक संस्थाओं द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की बेबसाइट backwardwelfareup-gov-पद पर दिये गये लिंक एवं obccomputertraining-upsdc-gov-पद से निर्धारित प्रारूप पर संशोधित तिथि 02 जून 2025 तक ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। प्रशिक्षण हेतु दिशा-निर्देश व समय-सारणी दी गई बेबसाइट पर भी प्रदर्शित है। उन्होंने बताया कि संस्थाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन करने के उपरान्त उसकी हार्डकॉपी समस्त अभिलेखों एवं उपलब्ध संसाधनों से संबंधित विवरण सहित 02 जून 2025 तक अथवा इसके पूर्व ही जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय कक्ष सं० 118, विकास भवन, बदायूँ में अनिवार्य रूप से जमा करा सकते हैं।

## 899 पात्रों को मिलेगा शादी अनुदान योजना का लाभ, समिति ने की 68 के भुगतान की संस्तुति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी अनुदान योजनान्तर्गत जिला स्वीकृति समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रत्येक पात्र को योजना का लाभ देने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारियों को लम्बित आवेदन पत्रों पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। समिति द्वारा 68 आवेदनों की भुगतान की संस्तुति की गयी। उल्लेखनीय है कि योजना आगामी 31 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। योजना पूर्णतया ऑनलाईन संचालित है। योजनान्तर्गत 20 हजार रुपए प्रति लाभार्थी एवं अधिकतम 02 पुत्रियों की शादी हेतु अनुमन्य है। आवेदन हेतु पात्रता के अन्तर्गत कन्या की आयु शादी की तिथि को कम से कम 18 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदक की वार्षिक आय शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में समान रूप से अधिकतम 01 लाख रुपए निर्धारित है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी प्रणव कुमार पाठक ने बताया कि आवेदन पत्र, पुत्री की शादी तय होने पर शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व से एवं शादी होने के 90 दिन बाद तक बेवसाइट shadianudan-upsdc-gov-पद पर ऑनलाईन करके समस्त आवश्यक अभिलेखों के साथ सम्बन्धित उप जिलाधिकरी अथवा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु रू0 179.80 लाख का आवंटन जारी किया गया है, जिसके सापेक्ष 899 पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाना है। अभी तक जनपद के उप जिलाधिकरी व खण्ड विकास अधिकारी के स्तर से कुल 110 आवेदन पत्र स्वीकृत एवं 35 आवेदन पत्र अस्वीकृत हुए हैं। इस अवसर पर समिति सदस्य व प्रतिनिधि मौजूद रहे।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

**दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।**

**संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221**

**Email: mkkhan741@gmail-com**

## डीईओ ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में स्थापित ई0वी0एम0 व वी0वी0पी0ए0टी0 वेयरहाउस का बाह्य निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां सीसीटीवी से की जा रही निगरानी को दिखा। ई0वी0एम0 व वी0वी0 पी0 ए0टी0 पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। वेयरहाउस में 24 घंटे सुरक्षा बल तैनात रहता है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि की गई व्यवस्थाओं से पूर्ण रूप से संतुष्ट नजर आए। मंगलवार को जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बताया कि मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में ई0वी0एम0 (इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वी0वी0पी0ए0टी0



(वोटर वैरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) वेयरहाउस का मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक व बाह्य निरीक्षण भी किया जाता रहा है। उन्होंने वेयरहाउस में कक्षों पर लगाई गई सीलो को चेक किया तथा आगंतुक पंजिका पर हस्ताक्षर भी किये। उन्होंने उपस्थित पुलिस कार्मिकों को सजगता से कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने प्रकाश, साफ सफाई आदि की गई व्यवस्थाओं को भी जांचा व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वैभव शर्मा, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भाजपा के नेकपाल सिंह, कांग्रेस के अरविन्द राठौर, बसपा के मनोज कश्यप व सपा के परवेन्द्र कुमार आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लोकमाता अहिल्याबाई का जीवन प्रेरणादायक व अनुकरणीय: गुलाब देवी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** लोकमता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला पंचायत प्रतिनिधि सम्मेलन डायट ऑडिटोरियम बदायूं में किया गया। जन प्रतिनिधियों ने अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके उनका स्मरण किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य (बीडीसी) बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार माध्यमिक शिक्षा मंत्री व प्रभारी मंत्री गुलाब देवी ने कहा राजमाता अहिल्याबाई ने सम्भल के कल्कि मंदिर सहित हजारो मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। वाराणसी में मणिकर्णिका घाट अहिल्याबाई के द्वारा ही बनवाया गया। बद्रीनाथ से रामेश्वरम और द्वारका से काशी तक अनेक घाट, धर्मशालाएं, मंदिर इत्यादि बनवाएं। मा0 पीएम मोदी व मा0 सीएम योगी अहिल्याबाई के दिखाए मार्ग पर चल रहे हैं तथा उनकी धरोहर को संभाल रहे हैं। उन्होंने अहिल्याबाई का जीवन



प्रेरणादायक व अनुकरणीय है। दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा राजमाता अहिल्याबाई ने अपने राज्य को बेहतर सुशासन और सुरक्षा देकर व्यापारियों और महिलाओं को नया जीवन दिया। बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा राजमाता अहिल्याबाई का जीवन इस बात का ज्वलंत प्रमाण है कि उन्होंने व्यक्तिगत सुख-सुविधाओं और यहां तक की गहरी निजी दुरूखों को भी अलग रखकर अपने संपूर्ण जीवनकाल में सदैव प्रजा के कल्याण और लोकहित को सर्वोपरि प्राथमिकता दी। जिला पंचायत अध्यक्ष वर्षा यादव ने कहा राजमाता अहिल्याबाई के गुणों को अपने जीवन में उतारकर विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु नई ऊर्जा प्राप्त कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा राजमाता अहिल्याबाई शैक्षिक एवं आर्थिक मामलों में भी वह एक दूर दृष्टि रखने वाली निर्णय क्षमता संपन्न प्रशासिका थीं। उन्होंने नए उद्योगों, खेती, व्यापार के लिए विशेष प्रयास किया।इस मौके पर सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व एमएलसी जितेन्द्र यादव, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राज अधिकारी सहित आदि बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## उझानी के मेंथा आयल फैक्ट्री में लगी आग में लापता मुनेंद्र का अब तक नहीं लगा सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** थाना उझानी क्षेत्र के ग्राम कुंडा नरसिंहपुर में मेंथा ऑल कंपनी में आग लग गई थी जिसके कारण वहां पर काम कर रहे हैं मुनेंद्र लापता हो गई थे मुनेंद्र के परिजनों ने अब तक सुराग न लगने के कारण जिला प्रशासन और फैक्ट्री मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं परिजनों का कहना है कि अगर मुनेंद्र की जलकर मौत हो गई है तो उसके शव को हमें दे दिया जाए इसी बात को लेकर मुनेंद्र के परिजन और ग्रामीण लोग इकट्ठा होकर दिन सोमवार को जिला अधिकारी कार्यालय पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। वी/ओ- कुछ दिन पूर्व थाना उझानी क्षेत्र के गांव कुंडा नरसिंहपुर में मेंथा आयल फैक्ट्री में आग लग गई थी जिसमें काम करने वाले मजदूर मुनेंद्र लापता हो गए थे जिसमें लापता मुनेंद्र का अभी तक कोई भी सुराग नहीं लगा है



मुनेंद्र के परिजनों ने डीएम कार्यालय पहुंचकर दिया धरना प्रदर्शन

वहीं मुनेद्र के परिजनों ने जिला प्रशासन और फैक्ट्री मालिक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आपको बता दे की उझानी थाना क्षेत्र के कुड़ा नरसिंहपुर में मैथा आयल फैक्ट्री में जिंदा जले मुनेंद्र का सोमवार को सब्र का बांध टूट गया पत्नी रेखा की परिजनों और ग्रामीणों के साथ जिलाधिकारी ऑफिस में पहुंचकर धरना दिया और कहा कि हमको मुअजवा नहीं अपना पति चाहिए तब हम फैक्ट्री पर अपने पति की तलाश करने के लिए जाते हैं तो पुलिस हम पर लाठियां बरसती है हमारे पति नरेंद्र को जल्द से तलाश किया जाए नहीं तो मैं अपने पति की तलाश में अनशन पर बैठेगी जिस पर जिलाधिकारी अवनीश राय ने एडीएम को जांच करने के लिए मेंथा ऑयल फैक्ट्री पर भेजा है वही एडीएम वैभव ने ग्रामीणों को समझा बूझाकर धरना समाप्त कराया और उनके पति को ढूंढने का आश्वासन दिया।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के अवसर पर अमरोली में सातवां रुद्र महायज्ञ का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज।** बदायूं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सातवां रूद्रमाहयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। ब्लॉक वजीरगंज क्षेत्र के ग्राम अमरोली में शांति कुंज आश्रम स्थल स्थित शिव मंदिर परिसर में 30 मई से अभिषेकात्मक श्री रुद्रमहायज्ञ शुरू होगा। इसके लिए यज्ञमंडप सज धजकर तैयार हो गया है। यज्ञ संचालक सह आयोजक श्री श्री 108 दिनेश भारती ,महंत जनक भारती जी ने बताया कि 29 मई से



महायज्ञ सह सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया जायेगा। इसकी तैयारियां पूरी हो चूकी है। 29 मई पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा गांव अमरोली से शुरू होकर गांव नदवारी से बाबा भोला नाथ धाम मंदिर से पवित्र गंगाजल की जलभरी की जाएगी। मंडप पूजन व मंडप प्रवेश किया जाएगा।30 मई को अरणी मंथन से हवनकुंड में अग्नि प्रवेश होगा। 5 जून को पूर्णाहुति व विशाल भंडारा के साथ यज्ञ का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर यजमान संदीप प्रताप सिंह ,मनोज कठेरिया ,रामवीर सिंह ,भानुप्रताप सिंह ,विवेक गहलौत ,मोनू गहलौत ,पवन सिंह ,वोवी सिंह ,हर्षित सिंह ,उमेश चौहान आदि मौजूद रहेगें।

# नदी किनारे मिले पशु के अवशेष, मचा हड़कंप

■ लोगों को शांक कर जांच पड़ताल में जुटी पुलिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र में भाखड़ा नदी के पानी में पशु के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही हिन्दू संगठन के लोग मौके पर पहुंच गए और रोष व्यक्त करने लगे। जानकारी पर पहुंची फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने सभी को शांत कराया और अवशेष को जांच के लिए भेजा है।

थाना क्षेत्र के मुगलपुर गांव निवासी ताराचंद ने बताया कि मंगलवार की सुबह वह गांव के कुछ लोगों के साथ नरेगा का काम करने नदी के उसपार जा रहे थे। तभी कुछ कुत्ते नदी के पानी मे पशु के सिर निकले कट्टे को खींच रहे थे। जब हम लोगों ने कट्टे को बाहर निकाला देखा तो उसमे गाय का सिर और खाल थी थोड़ी दूर पर एक और सिर खाल से भरा कट्टा पड़ा था। जिसकी सूचना उन्ही ने अन्य गांव के लोगों को दी। किसी ने फोटो हिन्दू संगठनों के भेज जानकारी दी। सूचना पर बजरंग सेना से कुसुम लता शर्मा मुकेश मिश्रा राष्ट्रीय बजरंग दल से तहसील अध्यक्ष प्रेम शंकर राठौर सुरेंद्र कुमार सचिन कुमार गुप्ता सोमपाल रवि अमन राहुल सिंह गजेंद्र राजपूत मोहित शर्मा कौशल मनीष अभिषेक नेकपाल आदि लोग मौके पर पहुंच गए। इस बीच थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने पशु चिकित्सा अधिकारी देश दीपक को जानकारी दी उन्होंने मौके पर पहुंचकर उनके सभी अवशेष टेंपो में रखवा कर सामने ले आए और कुछ हिस्से का सैंपल लेकर उन्हें लैब को भेज दिया. बाकी पशुओ के अवशेष को गड्ढा खुदवा कर दफना दिया।कुछ देर बाद लोगों ने नदी किनारे और सिरों को देखा तो हिन्दू संगठन के लोग रोष प्रकट करने लगे,पुलिस दोबारा से नदी पर पहुंची साथ मे सीओ हाइवे नीलेश मिश्रा भी पहुँच गये।सभी अवशेशों गड्ढा खुदबा कर वहीं दफना दिया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष द्वारा अज्ञात गौ तस्करो के खिलाफ तहरीर देकर जल्द खुलासा करने की मांग की है।

पशु चिकित्सा अधिकारी देश दीपक ने बताया कि अवशेष दो तीन दिन पुराने लग रहे हैं सैंपल ले लिया है जिससे लैब को भेजा जा रहा है रिपोर्ट आने के बाद पूरी जानकारी हो मिल पायेगी। सीओ हाईवे नीलेश मिश्रा ने बताया की भाखड़ा नदी के जंगल में गोवंश पशु के अवशेष मिले हैं वह कई दिन पुराने लग रहे हैं अवशेष का सैंपल लेकर लैब को भेजा गया है अवशेशों को गड्ढे में दफना दिया है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ा जाएगा।

## कोई मेरे कान में कहता है-जान से मार दूंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** शहर के बारादरी थाने में एक अजीब और चौंकाने वाला मामला सामने आया, जहां एक युवक ने शिकायत की कि कोई अनजान व्यक्ति उसके कान में उसे जान से मारने और पागल करने की धमकी दे रहा है। वह आवाजें कभी पुरुष की होती हैं, तो कभी महिला की, लेकिन खास बात यह कि ये सिर्फ उसके कान में ही सुनाई देती हैं। पीड़ित युवक जुगल किशोर पुत्र कल्लू राम का कहना है कि उसे लगातार धमकी भरी आवाजें सुनाई देती हैं, जैसे देख लूंगा तुझे, जान से मार दूंगा, बात सुन। जुगल का कहना है कि यह सिलसिला काफी समय से चल रहा है, और अब उसकी मानसिक स्थिति पर असर डाल रहा है। थाने पहुंचकर जब उसने यह बात इंस्पेक्टर को बताई तो कुछ पल के लिए पुलिस भी चौंक गई। इंस्पेक्टर ने युवक को शांत करते हुए भरोसा दिलाया कि मामले की जांच की जाएगी।

# एक करोड़ की स्मैक के साथ चार तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** इज्जतनगर पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्करी के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 996 ग्राम क्रूड स्मैक के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। यह कार्रवाई उस समय हुई जब आरोपी एक कार से गोरखपुर जाने की फिराक में थे, और इज्जतनगर के कुमरा फाटक पर फाटक बंद होने की वजह से रुके थे। इसी दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि आरोपियों से बरामद स्मैक भारी मात्रा में है, और यह गिरोह लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था। आरोपियों के पास से 996 ग्राम क्रूड स्मैक, चार एंड्रॉयड मोबाइल और एक कार यूपी 25 बीएक्स 9090 बरामद की गई है। उन्होंने बताया कि ये लोग आसाम से हेलीकॉप्टर के जरिये दिल्ली पहुंचे थे, ताकि पुलिस की निगाहों से बच सकें। इसके बाद कार द्वारा गोरखपुर ले जाकर क्रूड की डिलीवरी देनी थी, लेकिन उससे पहले ही बरेली में दबोच लिए गए।

गिरफ्तार किए गए चारों आरोपी नशे के काले कारोबार में पहले से लिप्त थे। इनकी पहचान नसरुद्दीन पुत्र समरुद्दीन निवासी ग्राम लभेड़ा थाना हाफिजगंज बरेली, कलीम अहमद पुत्र नियाज अहमद थाना कटरा जिला



शाहजहांपुर, बच्चन पुत्र अनवार निवासी मोहल्ला जिलेजार थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर और तस्लीम पुत्र इस्लाम खां निवासी रम्पुरा थाना भोजीपुरा को गिरफ्तार किया है।पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर ड्रग्स की तस्करी में शामिल हैं, और इनका नेटवर्क कई जिलों में फैला हुआ है। इन सभी के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है, और इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। जल्द ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों की भी गिरफ्तारी की संभावना है। मुख्य आरोपी नसरुद्दीन पहले जरी-जरदोजी का काम करता था, और हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव लभेड़ा का रहने वाला है। लेकिन लग्जरी जीवन जीने की चाह में उसने अपराध का रास्ता अपनाया, और मिजोरम के रास्ते नशीले पदार्थों की तस्करी शुरू कर दी।

## एक नजर

### समर कैम्प में साइबर क्राइम सुरक्षा और स्वास्थ्य की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहेड़ी।** राजकीय हायर सेकंड्री स्कूल में लगे समर कैम्प में बंजरिया चौकी पुलिस ने साइबर क्राइम की सुरक्षा जानकारी दी।

इस मौके पर चौकी प्रभारी कृपाल सिंह एवं सव इंस्पेक्टर महेश सिंह ने कहा कि ऑनलाइन होने वाले फ्राड से बचने के लिए किसी को भी ओटीपी न दें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. नीतू सिंह ने प्राथमिक चिकित्सा जैसे सीआरपी, हार्ट अटैक, पर्सनल हाइजीनिक एनीमिया आदि की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी विद्यार्थियों को पोस्ट ऑफिस, बैंक, तहसील में की जानी वाली कार्यलय पद्धित के विषय में भी बताया गया। अंत में प्रिंसिपल राकेश माथुर ने कहा कि समर कैम्प से छात्राओं को नई जानकारियां मिल रही हैं।

### नगर पालिका के दो वर्ष पूरे होने पर हुआ सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका में दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभासदों और अध्यक्षा रश्मि जायसवाल को सम्मानित किया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका अध्यक्षा रश्मि जायसवाल ने कहा कि नगर में सामान्य रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन वार्डों में जरूरी काम रह गए हों, उन्हें तत्काल प्रभाव से प्रस्ताव पास कराकर कराया जाए। उन्होंने नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाने के काम को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश भी दिए। नगर पालिका अध्यक्षा ने बताया कि नगर के विभिन्न स्थानों पर 32 वाटर कूलर लगाए गए, 31 हाई मास्क लाइट लगाई गईं, दो सौ से अधिक सीसी रोड डाले गए। उन्होंने बताया कि नाले की सफाई के लिए अत्याधुनिक तकनीक की मशीन, ट्रैक्टर और जेसीबी मशीन की खरीद की गई है। कूड़े के निस्तारण के लिए विभिन्न वार्डों में ई-रिक्शा खरीद कर लगाए गए हैं, और डोर टू डोर कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका अध्यक्षा ने बताया कि बहेड़ी नगर पालिका का स्थान जिले में प्रथम नंबर पर है। इसके लिए सभासद और नगर की जनता बधाई के पात्र हैं। सम्मान समारोह में सभासद शशि मिश्रा, जलीस आजाद, रमेश कुमार, परविंदर गंगवार, लाल सिंह एडवोकेट, ओमप्रकाश गंगवार, सलीम चंदा, मिनाज शाहिद जाफरी, मोहम्मद जाकिर आदि मौजूद रहे।

### मंत्री जितिन से मांग के बाद महादेवपुरम में नाला बनना शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला महादेवपुरम में जल निकासी की समस्या का समाधान करने के लिए केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से की गई मांग के बाद नगर पालिका ने नाले का निर्माण शुरू कर दिया है। एसडीएम ने खुद जाकर नाला निर्माण कार्य शुरू कराया। शेरगढ़ चौराहे पर बरेली-नैनीताल मार्ग को पार करते हुए शेरगढ़ मार्ग के किनारे बने नाले से जल निकासी होती है। शेरगढ़ चौराहे पर बहेड़ी शेरगढ़ मार्ग के किनारे पक्के नाले का निर्माण किया गया था। बरसात के दिनों में जल निकासी हेतु इस नाले के समानांतर वैकल्पिक जल निकासी की व्यवस्था की गई है। नगर पालिका परिषद बहेड़ी द्वारा शेरगढ़ मार्ग व नाले के मध्य स्थित भूमि से जल निकासी हेतु नाली बना दी गई है। अब आने वाले बरसात के दिनों में कस्बे में जल भराव की समस्या से राहत मिलेगी। तहसील प्रशासन की ओर से मिले प्रेस नोट के अनुसार सभासद पति राकेश मिश्रा इस कार्रवाई से संतुष्ट हैं, और उनका कहना है कि अब जल निकासी की समस्या का समाधान हो गया है।

### दुकान से चोरी करते हुए बच्चा चोर को रंगे हाथों पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** धनेटा पर दुकानदारों ने दो कथित बच्चा चोरों को रंगे हाथ पकड़ लिए। जबकि एक बच्चा फरार हो गया। दुकानदारों ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने दोनों को डाट डपटकर परिजनों को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसार धनेटा पर पिछले कई दिनों से दुकानों में चोरी की घटना हो रही थी।दुकानदार निगरानी कर रहे थे। दुकानदार सत्यप्रकाश गुप्ता ने बताया कि रविवार रात के समय सात साल व दस साल के तीन बच्चे उनकी मिठाई की दुकान में घुस गए।नकदी और मिठाई चुरा कर जाने लगे तभी वह उठ गए।गांव नौसना और चूरई दलपतपुर निवासी दो बच्चे पकड़ लिए।जबकि एक उनसे छूटकर भाग गया।शोर मचाने पर और दुकानदार भी इकट्ठे हो गए।एक दुकानदार ने उनके दोनो हाथ रस्सी से बांध दिए। सुबह को दुकानदारों ने दोनों आरोपी बच्चा चोर को थाना ले जाकर पुलिस को सौंप दिए।पुलिस पूछताछ में दोनो के पास से करीब पांच हजार नकद रुपये और मिठाई बरामद की। पिछली चोरी करने के बारे में भी बच्चा चोरों ने खुलासा करते हुए आसपास के दुकानदारों को सामान बेचने की बात बताई। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद दोनों को कभी चोरी नहीं करने की हिदायत देकर डाट डपटकर परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि दो बच्चे दुकानदारों ने पकड़कर दिए थे, जिन्हें उनके भविष्य को देखते हुए दुकानदारों के नुकसान की भरपाई उनके परिजनों से कराकर घर भेज दिया था।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# नायब तहसीलदार ने रुकवाया मिट्टी का खनन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव इंधजागीर के तालाब से किए जा रहे मिट्टी के खनन की ग्राम प्रधान द्वारा की गई शिकायत पर नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह ने स्थल का निरीक्षण करते हुए खनन रुकवा दिया।

तहसील के गांव ईंधजगीर स्थित तालाब के गाटा संख्या 59 से हाईवे के ठेकेदार द्वारा मिट्टी का खनन किए जाने की शिकायत ग्राम प्रधान प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला द्वारा तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह से करते हुए कार्यवाही की मांग की थी, जिसपर उन्होंने तत्काल ही नायब तहसीलदार सत्यवीर सिंह को जांच कर कार्यवाही के आदेश दिए।

इन आदेशों पर ग्राम पहुंचे नायब तहसीलदार को तालाब से मिट्टी का खनन होता मिला, जिसपर उन्होंने तत्काल रोक लगा दी।

# एक बार फिर विवादों के घेरे में सतरंग रेस्टोरेंट

## अब रेस्टोरेंट के वाटर पार्क में महिलाओं की नहाते हुए वीडियो बनाने का आरोप

■ रेस्टोरेंट मैनेजर के खिलाफ दी तहरीर, छेड़खानी का भी आरोप
■ पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट
■ एक माह पहले इसी रेस्टोरेंट में युवक-युवतियों को रंगरलियां मनाते पकड़ा गया था




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां के अंतर्गत आने वाला बरेली-नैनीताल हाइवे किनारे का एक रेस्टोरेंट एक बार फिर विवादों के घेरे में है। रेस्टोरेंट मैनेजर पर महिलाओं का रेस्टोरेंट के वाटर पार्क में नहाते हुए वीडियो बनाने और उसे वायरल कर छेडखानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी गई है।

कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के बरेली-नैनीताल हाईवे किनारे कनमन में स्थित सतरंग रेस्टोरेंट के कर्मचारियों पर एक महिला ने रेस्टोरेंट के पुल में नहाने के दौरान वीडियो बनाए जाने का आरोप लगाया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में महिला ने बताया है कि वह अपनी दो बच्चियों के साथ बीते 24 मई को कनमन स्थित सतरंग रेस्टोरेंट के वाटर पार्क में नहा कर निकली थी, तभी रेस्टोरेंट के मैनेजर इस्लाम पुत्र अहमद हुसैन निवासी भीकमपुर कोतवाली देवरनियां महिला की बच्चियों के साथ गलत कमेंट करने लगा, और गलत व्यवहार करने लगा। महिला ने जब उसका विरोध किया तो वह उनके साथ छेड़खानी करने लगा, और अपने मोबाइल में महिला व उसकी बच्चियों की वीडियो बनाने लगा।

आरोप है कि जिस समय मैनेजर महिला व उसकी लड़कियों की वीडियो बना रहा था, वह भीगे हुए कपड़ों में थीं, और सोशल मीडिया पर उसे वायरल करने की धमकी देने लगा।

महिला का आरोप है कि इस दौरान वह काफी डर गई, और उसकी बेटियां भी रोने लगी थीं, इसलिए वह घर वापस चली गई, और उसने इज्जत की खातिर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। रविवार को मैनेजर इस्लाम द्वारा महिला के खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज कराए जाने हेतु जब शिकायत पुलिस से की गई तो महिला ने भी कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने साथ हुए मैनेजर के व्यवहार की शिकायत की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। पुलिस जांच की बात कह रही है।

उल्लेखनीय रहे कि यह रेस्टोरेंट आए-दिन विवादों में रहता है, अभी 20 अप्रैल को पुलिस दबिश में छह युवक- युवतियों को रंगरलियां मनाते हुए पकड़ा गया था। रेस्टोरेंट को सील करने या लाईसेंस निरस्तीकरण की कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

# बार काउंसिल के आदेश पर चुनाव हुआ स्थगित

■ अब सीपीओ और मॉडल बायलॉज से होगा चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पिछले कई माह से चल रहे एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी के चुनाव पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने अपना आदेश जारी करते हुए अधिवक्ताओं में खलवली पैदा कर दी। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने जारी किए गए अपने आदेशों में चुनाव प्रक्रिया को मॉडल बायलॉज के विपरीत बताते हुए वरिष्ठ सदस्यों की कमेटी बनाए जाने के साथ ही सीपीओ आवंटित अधिवक्ताओं की सूची बनाए जाने के आदेश दिए हैं।

एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी का 30 मई को चुनाव होना था, जिसके चलते प्रत्याशियों द्वारा अपने अधिवक्ता साथियों से लगातार जनसंपर्क किया जा रहा था, इतना ही नहीं बड़े पैमाने पर जलपान भी कराया जा रहा था, लेकिन एकाएक चुनाव पर रोक लग जाने से अधिवक्ता खासे मायूस नजर आ रहे हैं। संगठन के पूर्व अध्यक्ष रवीन्द्र पाल सिंह गंगवार द्वारा बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष को की गई शिकायत में नवाबगंज प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन द्वारा बिना सीपीओ धारक अधिवक्ताओं का नाम सम्मिलित कर लिए जाने, मॉडल बायलॉज के विपरीत चुनाव कराए जाने, वन बार वन वोट के सिद्धान्त का पालन न कराए जाने की शिकायत की थी, जिसपर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश ने इसे गंभीरता से लेते हुए संगठन को कड़ा पत्र भेजा है। बार कौंसिल द्वारा भेजे गए अपने आदेशों में सीनियर 5 अधिवक्ताओं की एल्डर कमेटी गठित करने और सबसे सीनियर अधिवक्ता को इसका चेयरमैन बनाए जाने के बाद नई मतदाता सूची बनाए जाने के आदेश दिए हैं। सूची में सीपीओ धारक अधिवक्ताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल करने के आदेश दिए हैं।

बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शिव किशोर गौंड द्वारा जारी किए गए अपने 23 मई के पत्र में इसकी जानकारी देते हुए तत्काल ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न कराते हुए चुनाव परिणाम से संगठन को अवगत कराए जाने के आदेश दिए हैं। चुनाव अधिकारी अशोक राठौर, राजेश पाल गंगवार, संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी ने बताया कि व्हाट्सअप ग्रुप पर बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष का आदेश वायरल हो रहा है, जिसको देखते हुए चुनाव स्थगित कर दिया गया है, आदेश की प्रति प्राप्त होने के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# देवरनियां में एक बार फिर चोरों का आतंक, दहशत

■ मकान में धावा बोलकर जेवर-नकदी चोरी
■ शादी के लिए रखे गहने भी चुरा ले गए चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली देवरनियां पुलिस को एक बार फिर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देकर चकमा दे दिया। चोर एक मकान में धावा बोलकर शादी के लिए रखे सोने-चांदी के जेवर समेत नकदी चुराकर ले गए। पुलिस को इस घटना की तहरीर दी गई है, जबकि दो दिन पहले तीन घरों में हुई चोरी की घटना का पुलिस अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है।

दो दिन पहले 24-25 मई की रात्रि को कोतवाली देवरनियां क्षेत्र के गांव इटौआ में तीन घरों में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवर और नकदी चुराकर ले गए थे, अभी इस घटना का पुलिस खुलासा भी नहीं कर सकी है, कि पुलिस को अब फिर चुनौती मिल गई। 26-27 मई की रात्रि को गांव बिहारीपुर इस्मुरार निवासी मुमताज अहमद पुत्र नबी अहमद के घर में चोर धावा बोलकर सोने के टीका, टीप, झुमकी एक तोला, पैंडिल एक तोला, एक



तोला कुन्डल, अंगुठी पांच ग्राम, नथनी, पाजेब, तोड़े चांदी के, चांदी का सक्का, पर्स, बच्चों के कपड़े और बीस हजार रुपए नकद चुराकर ले गए।

पीड़ित ने बताया कि उसकी बहन की शादी के लिए रखे गहने और जेवर भी चोरी हो गए। इसके अलावा अज्ञात चोरों ने एक अन्य मकान में भी चोरी का प्रयास किया, मगर तब तक जाग हो गई थी। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी, हालांकि पुलिस तहरीर न मिलने की बात कह रही थी।

# मां ने पुलिस से शिकायत कर नाबालिग पुत्रों के नाम निरस्त किए जाने की लगाई गुहार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** दो दिन पहले कस्बे की नीमगढ़ बस्ती की ममता गुप्ता द्वारा नगर की नेहा मिश्रा और उनके दोनों पुत्रों पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद विवेचक अभिषेक नागर आरोपी के घर पहुंचे, और दोनों पुत्रों के आधार कार्ड मांगे, जिसपर नेहा मिश्रा ने अपने अधिवक्ता राजीव गंगवार से इस मामले में वात की।

मंगलवार को नेहा मिश्रा अपने नाबालिग पुत्रों को साथ लेकर इंस्पेक्टर क्राइम आदेश कुमार से मिली, और एक प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट में दर्ज नाबालिग पुत्रों के नाम निकाले जाने की गुहार लगाई। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में उसने अपने पुत्रों की उम्र 12 साल से कम और साढ़े नौ साल बताई है, अपने पत्र में नेहा मिश्रा ने कहा है कि 12 साल से ऊपर 18 साल तक के बच्चों का अपराध किशोर न्याय बोर्ड में जाता है, जबकि यह मामला किशोर न्याय बोर्ड में जाने लायक नहीं है।

शिकायती पत्र लेने के बाद इंस्पेक्टर क्राइम आदेश कुमार ने विवेचक से बात कर नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## सम्बन्ध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र मोहम्मद वसीम को गलत चाल चलन व अभद्र व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति व अपने परिवार से बेदखल कर सम्बन्ध बिच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के कृत्यों, लेनदेन व मुकदमेबाजी आदि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं व मेरी पुत्रियां व दामाद उपरोक्त मोहम्मद वसीम के किसी कृत्य के लिए किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे।

**सगीर अहमद पुत्र खलील अहमद निवासी-मोहल्ला टांडा, तहसील बहेड़ी, जिला बरेली।**

# डीएम का अल्टीमेंटम: समीक्षा बैठक में अफसरों की लगाई क्लास

■ बोले शिकायतें दबाओगे तो हिल जाएगी कुर्सी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आईजीआरएस पर प्राप्त सन्दर्भों की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई।



बैठक में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसकी लगातार समीक्षा की जाए, जिससे कि रैंकिंग में सुधार आ सके। बैठक में उन्होंने पाया कि जिला अल्प संख्य कल्याण अधिकारी द्वारा शिकायतों का निस्तारण उचित प्रकार से नहीं किया जा रहा है, जिसपर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार के निर्देश दिये। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये गए कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भर्तियों में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तथा उनका निस्तारण भी उचित प्रकार से नहीं हो पा रहा है, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुये इसमें सुधार के निर्देश दिये।

बैठक में समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गए कि यदि किसी सरकारी जमीन या भवन पर अवैध कब्जा है तो उसे शीघ्र हटवाया जाये। निर्देश दिये गए कि शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक अच्छा रखा जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये, तथा शिकायतकर्ता की शिकायत का निस्तारण समयान्तर्गत किया जाये। शिकायतकर्ता की जिस शिकायत का निस्तारण किया जाये, उससे फोन पर वार्ता भी की जाए तथा उसे रजिस्टर में भी अंकित किया जाए। बैठक में महिला कल्याण विभाग तथा समाज कल्याण विभाग को निर्देश दिये गए कि मृतकों तथा अपात्र लोगों को पेंशन की शिकायतें अधिक आ रही हैं, इसकी जांच उचित प्रकार से करायी जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार, डीसी मनरेगा हबीब अंसारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 विश्राम सिंह, पुलिस अधिक्षक यातायात, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## निजीकरण के प्रस्ताव का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** 300 बेड के प्रस्तावित सरकारी अस्पताल को लेकर सरकार द्वारा पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल के तहत निजी संस्थाओं को सौंपने की योजना पर विवाद खड़ा हो गया है। किसान एकता संघ ने इस निर्णय का विरोध करते हुए इसे आम जनता, मजदूरों और किसानों के साथ अन्याय बताया है। किसान एकता संघ ने इस मुद्दे पर जिलाधिकारी बरेली के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक ज्ञापन प्रेषित किया है। ज्ञापन में बताया गया है कि संगठन ने इस अस्पताल की मांग को लेकर लगभग 6 महीने तक जनहित में आंदोलन किया था, जिसमें धरना, प्रदर्शन और ज्ञापन शामिल थे। जब सरकार की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला तो संगठन ने 26 मार्च 2025 से पदयात्रा का ऐलान किया। लेकिन 27 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बरेली दौरे को देखते हुए प्रशासन के आग्रह पर पदयात्रा स्थगित कर दी गई थी।

# 35 साल बाद बहेड़ी की ईटीपी कॉलोनी हुई रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** केसर फैक्ट्री से सटी ईटीपी कॉलोनी में 35 वर्षों के बाद रोशनी हुई है। भाजपा नेता राहुल गुप्ता के अथक प्रयास के बाद वहां विद्युतीकरण कर दिया गया।

इस मामले को भाजपा के नेता राहुल गुप्ता ने कई बार उठाया था। अफसरों के सामने यहां की समस्या रखने के बाद बिजली विभाग के एक्सईएन चमन गिरी, एसडीओ अमित कुमार, जेई रमेश सैनी के सहयोग से आज संकल्प पूरा हो गया। ईटीपी कॉलोनी के निवासी राम किशोर ने बताया कि बहुत लंबे समय से उन्होंने संघर्ष किया था, यहां तक कि आत्मदाह करने तक की बात कह दी थी, 2022 में जब राहुल गुप्ता विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए आए थे, तब उन्होंने उनसे इस समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया था, निरंतर प्रयास करते हुए संबंधित मंत्रियों, अधिकारियों से बातचीत कर इस समस्या से उन्होंने अवगत कराया। उसी का परिणाम है कि आज हम सभी लोग के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, राहुल गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं और बधाई दी। साथ ही बिजली विभाग के सभी अधिकारियों को सम्मानित भी किया।



# बेनहर समर कैंप: पहली शाम बॉलीवुड के रंगारंग कार्यक्रम के नाम



**पीलीभीत।** बेनहर पब्लिक स्कूल में चल रहे डे–नाइट समर कैंप में पहली शाम को कल्चरल इवेंट ''लाईट्स कैमरा बॉलीवुड'' में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति की गई। जिसमें सभी ने भरपूर आनन्द लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबन्धक परविंदर सिंह सैहमी ने ज्ञान के क्षेत्र में मनो. रंजन के महत्व पर प्रकाश डाला एवं विद्यार्थियों को पढ़ाई के विभिन्न मनोरंजक तरीके बताये। कार्यक्रम लगभग दो घण्टे से अधिक समय तक चला जिसमें सभी हाउसेज के प्रतिभागियों ने अपने–अपने हाउस के लिए अंक अर्जित करते हुए भाग लिया।

स्कोरर की भूमिका में रहे शिक्षक त्रिलोक चन्द्र। इसके अतिरिक्त विभिन्न गतिविधियों में पॉटरी, कम्यूनिकेशन स्किलस, प्लम्बिंग, इलैक्ट्रिल स्किल, डीआईवाई, पॉट मेकिंग, कारपेन्टरी, सैल्फ ग्रूमिंग, टेबिल मैनर्स, स्टिचिंग, टेबिल टेनिस एवं फन रेसेज का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कैम्प को–आर्डिनेटर्स रोशनी बग्गा, नेहा पाण्डेय एवं निर्मला शर्मा के साथ शक्तिरीश अग्रवाल, सुलभ आनन्द, अभिषेक मिश्रा, आस्था आनन्द, संस्कृति, दीपक वशिष्ठ, दीपक चौहान, दीक्षा रस्तोगी, आमरीन नाज, अलीना खान, साक्षी शर्मा, डॉली अग्रवाल, सरिता शर्मा, दुरदाना खान, देव सिंह, राजेन्द्र मौर्या, अमन सिंह व त्रिलोक चन्द्र सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

# रिश्वतखोर मण्डी निरीक्षक की सजा, बस ट्रांसफर



**जेवर।** मण्डी निरीक्षक द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से कराई जा रही अवैध धन उगाही से नाराज गल्ला मण्डी व्यापार संघ रजि0 के बैनर तले व्यापारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल आज सोमवार को जेवर विधायक ठा0 धीरेन्द्र सिंह एवं मण्डी उपनिदेशक मेरठ से मिला और जेवर में मण्डी निरीक्षक द्वारा व्यापारियों से कराई जा रही अवैध उगाही पर अंकुश लगाने की मांग करते हुए मण्डी समिति जेवर में तैनात भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने से सम्बन्धित एक ज्ञापन दिया। बता दें कि मण्डी निरीक्षक द्वारा चतुर्थ कर्मचारियों से कराई जा रही अवैध धन उगाही से नाराज गल्ला मण्डी व्यापार संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने कृषि मंत्री उत्तर प्रदेश व मुख्य सचिव प्रशासन उत्तर प्रदेश एवं महानिद. ेशक कृषि उत्पादन मण्डी परिषद लखनऊ तथा मण्डी उपनिदेशक मण्डी परिषद मेरठ व जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर और उपजिलाधिकारी जेवर व मण्डी सचिव जेवर सभी आला अधिकारियों भेजे पत्र में कहा कि जेवर में तैनात मण्डी निरीक्षक नरेश कुमार द्वारा लाइसेंसी व्यापारियों को डरा धमका कर अपने तचतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों द्वारा जबरन अवैध धन वसूली कराई जा रही है इतना ही नहीं जो भी व्यापारी सुविधा शुल्क देने से इंकार करता है तो उसे लाइसैंस निरस्त कराने की उसके खिलाफ एस0एस0टी0 एक्ट की गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराने की धमकी दी जाती है। आलम यह है कि जो व्यापारी नया लाईसेंस बनवाना चाहता है तो मण्डी निरीक्षक उनसे खुलेआम एक लाख रूपये की डिमाण्ड करते हैं और कहते हैं कि कोई भी व्यापारी नया लाइसेंस बनवाना चाहता है वह कहीं भी किसी भी अधिकारी के पास घूम बिना उनकी संस्तुति रिपोर्ट के लाइसेंस जारी नहीं हो सकता उसको उनके पास आना ही होगा। मण्डी निरीक्षक की धमकियों से भयभीत व्यापारियों का कहा है कि विभागीय अधिकारियों द्वारा अभी उसका जेवर से जहॉंगीरपुर मण्डी के लिए ट्रॉसफर किया गया है जो ऐसे भ्रष्ट रिश्वतखोर अधिकारी के लिए काफी नहीं है उसके कठोर से कार्यवही होनी चाहिए। उक्त मामले में जब मण्डी सचिव पंकज शर्मा से बात की गई तो उनका कहना था कि व्यापारियों द्वारा मण्डी निरीक्षक नरेश कुमार पर लगाये आरोपों के बाद उनको जेवर से हटाकर जहॉंगीरपुर भेज दिया गया है और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी राकेश को कार्यालय से सम्बद्ध कर उनकी जांच सीनिए निरीक्षक कोतीराम वर्मा द्वारा कराई जा रही है आगे की कार्यवाही जांच मिलने के बाद ही सम्भव होगी। प्रतिनिधि मण्डल में गल्ला मण्डी व्यापार संघ के अध्यक्ष जैनेन्द्र जैन व महासचिव पुनीत गर्ग वागपरिया संरक्षक कुलदीप पंण्डित प्रभात, यशपाल शर्मा राजकुमार विपिन वंसल आदि सहित कई लोग शमिल रहे।

# दैविय आपदा में ईदगाह एवं कब्रिस्तान के पेड़ गिरे वन विभाग के दरोगा पर रिश्वत मांगने का आरोप, अधिकारियों से लगाई कार्यवाही की दुहाई

**जेवर/जहॉंगीरपुर।** कस्बा जहॉंगीरपुर स्थित ईदगाह मस्जिद एवं कब्रिस्तान में खड़े वृक्ष तेज हवा ऑंधी का झोका नहीं झेल पाये और उखड़ कर जमीन पर गिर गए जिनकों ईदगाह व कब्रिस्तान की देखभाल कर रहे जिम्मेदार लोगों ने स्थानीय आरा मशीन पर बेचकर पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त ईदगाह की मरम्मत कराना चाहा तो अपने आपको वन विभाग का दरोगा बता रहे रोहित ने जेल भिजवाने तथा फर्जी मुकदमों में फंसाकर कार्यवाही किए जाने का भय दिखाते हुए सुविधा शुल्क दिए जाने की मांग कर दी।

कस्बा जहॉंगीरपुर निवासी पत्रकार एम0एफ0 कुरैशी ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा स्थित ईदगाह व कब्रिस्तान में लगे कुछ खड़े पेड़ बुद्धवार को आई तेज आंधी में उखड़कर गिए गए जिनके गिरने से ईदगाह की कुछ बाउण्ड्री आदि क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिनकी मरम्मत कराये जाने हेतु जिम्मेदार लोगों ने स्थानीय आरा मशीन पर सम्पर्क किया तो कुछ ही देर बाद अपने आपको वन विभाग का दरोगा बता रहे रोहित आ गए और पेड़ कटान के नाम पर सुविधा शुल्क की डिमाण्ड करने लगे नहीं देने पर फर्जी मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही कराने का रौब दिखाने लगे।

जिनकी शिकायत पत्रकार एम0एफ0 कुरैशी ने सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि वन विभाग के दरोगा रोहित की मिलीभगत के चलते स्थानीय आरा मशीन संचालक अश्मा सैफी व राजू ठेकेदार द्वारा क्षेत्र में सड़क किनारे एवं रजवाहों नालों के किनारों पर लगे हरे नीम शीसम व फलदार वृक्ष आम जामुन आदि प्रतिबन्धित वृक्षों को कटान अवैध तरीके से धडल्ले के साथ कराया जा रहा है। इतना ही नहीं उक्त ठेकेदारों द्वारा रोहित की सहायता सम्पूर्ण जहॉंगीरपुर क्षेत्र में जे0सी0बी0 ट्रैक्टरों के माध्यम से जबरदस्त कटान कराया जा रहा है एक ओर सरकार अभियान चलाकर जलवायु को साफ व स्वच्छ बनाये रखने के लिए वृक्षारोपण कराया जाता है वहीं दूसरी ओर वन विभाग के दरोगा रोहित द्वारा सुविधा शुल्क लेकर क्षेत्र में खड़े बडे स्तर पर हरे–भरे पेडों का कटान कराया जा रहा है जिसे क्षेत्र की हरियाली तो ध्वस्त हो रही हैं वहीं वायु प्रदूषण में भी बढ़ोत्तरी हो रही है। उन्होंने सूबे के मुखिया से क्षेत्र में वन विभाग के दरोगा रोहित की मिलीभगत से बड़े स्तर पर अवैध रूप से कराये जा रहे हरे–भरे पेडों के कटान पर रोक लगाने की मांग की है।

# समाजवादी पार्टी ने शुरू की विधानसभा चुनाव की तैयारी संगठन, बूथ एवं सेक्टर कमेटी परखने पहुंचे प्रभारी



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं सभी विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे इसी क्रम मे जनपद पीलीभीत मे बीसलपुर विधानसभा के लिये दिनेश सिंह को बनाया गया है इसी क्रम में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पीलीभीत में विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर सहित अन्य सीट जिनमें पीलीभीत सदर, पूरनपुर, बरखेड़ा के बूथ प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों एव संगठन के प्रमुख पदा. धिकारीयो की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों एव संगठन के पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए प्रभारी बीसलपुर विधानसभा प्रभारी प्रदेश सचिव दिनेश सिंह ने कहा "बीजेपी के नेता क्षेत्र के लोगों को मारपीट कर अपमानित कर रहे हैं सरकारी धन में कमीशन लेकर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं प्रशास. निक मदद से घमंड में चूर क्षेत्र में तानाशाही पूर्ण माहौल बना रहे हैं परंतु समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकर्ता अपनी मेहनत एवं संघर्ष से भाजपा नेताओं को आगामी समय में बूथों पर वोट की चोट से उनके घमंड व तानाशाही को चकनाचूर करेंगे।" बैठक की अध्यक्षता करते हुए समा. जवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि "समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मा.श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश का पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक समाज एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प लिया है इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथों पर मज़बूत टीम भावना से कार्य करना है।" समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" ने कहा कि समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है उत्पीड़न करने वाले अराजकतत्व बख्शे नहीं जाएँगे। इस दौरान सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, सपा जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप, सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

# दोषसिद्ध अभियुक्त को आजीवन कारावास व 22 हजार रुपये अर्थदंड की सजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पीलीभीत पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना/अभियोजन की पैरवी से न्यायालय द्वारा धारा 302,504 प्च्छ के अभियोग में अभियुक्त को आजीवन कारावास व 22 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने को चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन के क्रम में 20 मई 2020 की घटना के सम्बन्ध में थाना बीसलपुर पर धारा 302, 504 प्च्छ मे अभियोग पंजीकृत किया गया। गहन विवेचना के दौरान संकलित साक्ष्य एवं सुबूत के साथ अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र भगवत सरन गंगवार नि० ग्राम चौसर हरदो पट्टी थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत के विरुद्ध दिनांक 18 जुलाई 2020 को आरोप पत्र प्रेषित किया गया। न्यायालय एडीजे 1, पीलीभीत में पैरोकार द्वारा प्रभावी पैरवी से विचारण की कार्यवाही संपन्न हुई और विचारण के दौरान पुलिस द्वारा न्यायालय में उपलब्ध कराए गए साक्ष्य एवं सुबूत के आधार पर 27 मई को अभियुक्त मनोज कुमार उपरोक्त को धारा 302, 504 प्च्छ में दोषसिद्ध पाते हुए आजीवन कारावास व 22 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# जमीनी विवाद में हत्या का प्रयास

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** जमीनी विवाद में पड़ोसियों ने घर में घुसकर ग्रामीण पर जानलेवा हमला कर दिया। पिटाई से वह जख्मी हो गया। सिर पर लाठी लगने से बेहोशी की हालत में ग्रामीण को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। माधोडा थाना क्षेत्र के गांव पुरैना ताल्लुके महाराजपुर निवासी अजय वैद्य का गांव के ही रहने वाले मोनू वैद्य से जमीन का विवाद चल रहा है। कई बार दोनों पक्षों के बीच सुलह के बावजूद समझौता नहीं हो सका। 21 मई को ग्रामीण अपने घर पर था। तभी शाम 7–30 बजे मीनू अपने भाई विश्वनाथ वैद्य, विजय वैद्य पिता केना राम वैद्य के अलावा परिवार की आरती वैद्य व रेशमा वैद्य के साथ दरवाजे पर पहुंच कर गालियां देने लगा विरोध करने पर सभी ने घर में घुसकर ग्रामीण की पिटाई लगा दी। जानलेवा हमले में सिर पर लाठी लगने से वह लघुलुहान होकर जमीन पर गिर गया। पत्नी व पड़ोसियों ने बमुश्किल उन्हें बचाया।



# केक काटकर चालकों ने मनाया पायलट दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**मथुरा।** जनपद में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर 108 एम्बुलेंस चालकों द्वारा केक काटकर पायलट दिवस धूमधाम से मनाया गया। कंट्रोल रूम एवं वाहन प्रभारी डॉक्टर भूदेव, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजीव यादव एवं जनपद के 108 एंबुलेंस के नोडल अधिकारी गौरव त्यागी ने एंबुलेंस चालकों को केक खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में लगभग पांच चालक नंदकिशोर, नितिन कुमार, रंजीत कुमार, रामनरेश एवं गजेंद्र कुमार को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. मेघ श्याम गौतम, डॉ. रोहतास मीणा, शशिकांत शुक्ला, सुरेश परमार एवं संजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# मथुरा की विद्युत अव्यवस्था का समाधान खोजें अधिकारी: संदीप



**मथुरा।** बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभारी संदीप सिंह ने आज अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मथुरा में चल रही विद्युत समस्या का समाधान जो जिम्मेदार हैं खोजें। ताकि यहां के नागरिकों व यहां आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न नहीं हो। श्री सिंह मंगलवार को जनपद के पीडब्ल्यू गेस्ट हाउस के सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा के बाद उन्होंने कहा कि जो सुझाव जनप्रतिनिधियों ने आज की बैठक में दिए हैं उन बिंदुओं सभी बिंदुओं पर अभी और कार्य होने हैं उनकी समीक्षा वे अगली बैठक में करेंगे। उसका पूरा जबाव सहित सभी अधिकारी उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से जनपद महत्वपूर्ण यहां पर्यटन के विकास के कार्य काफी संख्या में चल रहे हैं वे समय से पूरे हो और उनकी गुणवत्ता सही रहे। क्योंकि पूरे देश व विदेश से पर्यटक आते हैं। समय से सुधार पर्यर्टक दृष्टि होने चाहिए। जोभी योजनाएं बने वे भी पर्यटक दृष्टि को ध्यान में रखकर करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारी प्रदेश सरकार के मुखिया योगी जी और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा प्रत्येक वर्ग के लिए सरकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ निचले पायदान तक के व्यक्ति को बिना भेदभाव के पहुंचे। यही सभी जिम्मेदार अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हो उनमें जनप्रति. निधियों से करायें। उनकी शिला पट्टिकाओं पर जनप्रतिनिधियों के नाम अंकित हों। उनको जिले में अपराध और अपराधियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में एसएसपी श्लोक कुमार ने अवगत कराया। बैठक में विधायक मेघश्याम सिंह, एमएलसी योगेश नौहवार, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जगप्रवेश, सीडीओ मनीष मीना, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, महानगर अध्यक्ष हरीशंकर

# उद्योग लगाने के लिए कल से भरे जाएंगे 15 स्थानों पर आवेदन

**मथुरा।** मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना ने अवगत कराया है कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार परक बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना लागू की गई है। जिसके अंतर्गत सेवा एवं निर्माण क्षेत्र मे स्वयं का रोजगार स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को रुपए 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के आवेदन पत्र विभिन्न कैंपों के माध्यम से विकास खण्ड कार्यालयध्नगर पंचायतध्नगर पालिका परिसर में ऑनलाइन आवेदन 28 मई से 3 जून एक सप्ताह तक भरवाए जायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड कार्यालयध्नगर पंचायतध्नगर पालिका परिसर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु 15 नोडल अधिकारी नामित किए है। सभी को अधिक से अधिक संख्या में आवेदन भरवाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड कार्यालय नंदगाँव में आईटीआई नंदगांव के प्रधानाचार्य ध्रुव मग्गू मोबाइल नंबर 9991242442, विकास खण्ड कार्यालय छाता में उद्योग विभाग के शैलेन्द्र कुमार मोबाइल नंबर 8077956486, विकास खण्ड कार्यालय चौमुंहा में उद्योग विभाग के अमीश प्रताप सिंह मोबा. इल नंबर 7253890686, विकास खण्ड कार्यालय गोवर्धन में मंडलीय ग्रामोद्योग के प्राचार्य संजय कुमार मोबाइल नंबर 9935898722, विकास खण्ड कार्यालय मथुरा में उद्योग विभाग के बृजेन्द्र कुमार मोबाइल नंबर 9009818545, विकास खण्ड कार्यालय फरह में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अनिल अग्रवाल मोबाइल 9580503126, विकास खण्ड कार्यालय राया में उद्योग विभाग के अरुण कुमार मोबाइल नंबर 9897254309, विकास खण्ड कार्यालय बलदेव में कौशल विकास विभाग के ललित कुमार कौशल मोबाइल नंबर 8979493034, विकास खण्ड कार्यालय नौहझील में उद्योग विभाग के हेमंत कुमार मोबाइल नंबर 9990667271, विकास खण्ड कार्यालय मांट में अतीक उर्रहमान मोबाइल नंबर 8273005756,नगर पालिका परिषद कार्यालय कोसीकलां में अधिशासी अधिकारी कोसीकलां मोबाइल नंबर 9761358216, कार्यालय नगर निगम मथुरा क्षेत्र में श्रीकृष्णा मोबाइल नंबर 7819082119, कार्यालय नगर निगम वृन्दावन क्षेत्र।

# 32 साल पुराने मोटर साइकिल लूट के मामले में न्यायलय ने सुनाया फैसला

**हापुड़।** एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा मोटर साइकिल लूट करने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि वर्ष 1993 में आरोपी सलीम द्वारा मोटर साइकिल लूट करने की घटना कारित की गयी थी। जिसके सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध थाना बाबूगढ़ पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को न्यायालय द्वारा साक्ष्यों और गवाहो के आधार पर मोटर साइकिल लूट करने के मामले में सलीम पुत्र उमरतुल्ला निवासी ग्राम भमेड़ा थाना बाबूगढ जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर जेल में बिताई गई अवधि 38 दिवस, न्यायालय उठने तक की सजा व 100 रुपये के अर्थदण्ड़ से दण्डित किया गया है।

# युवक की हत्या का प्रयास करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**गढ़मुक्तेश्वर।** ब्रजघाट क्षेत्र के गांव गांवड़ी निवासी महिला ने गांव निवासी युवकों पर बेटे की हत्या का प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि उसके बेटे को मरा समझ आरोपी शमशान घाट मे फेंक कर फरार हो गए। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी अनिता ने बताया कि उसका बेटा बादल ब्रजघाट स्थित एक टेंट की दुकान पर काम करता है। जबकि वह भी मजदूरी करती है। पीड़िता ने बताया कि सोमवार को उसको सूचना मिली की उसका बेटा घायल अवस्था में गंगा जी के किनारे श्मशान घाट में पड़ा हुआ है।

**उत्तर रेलवे**

भारत सरकार, रेल मंत्रालय

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, उत्तर रेलवे

रोजगार सूचना सं. आरआरसी/एनआर 02/2025/ एस एंड जी

आरआरसी वेबसाइट: www.rrcnr.org

(सांकेतिक सूचना)

वर्ष 2025–26 के लिए स्काउट एंड गाइड कोटे में भर्ती

उत्तर रेलवे में वर्ष 2025–26 हेतु स्काउट एंड गाइड कोटे में 7वे सीपीसी के पे मैट्रिक्स लेवल 1 में 18 रिक्तियों और लेवल 2 में 05 रिक्तियों के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। यदि पात्र है तो, प्रत्येक स्तर के लिए परीक्षा शुल्क सहित अलग अलग आवेदन भरना होगा।

महत्वपूर्ण तिथियाँ

| | |
|---|---|
| आरआरसी वेबसाइट पर विस्तृत अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 21.05.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन करने की आरंभिक तिथि और समय | 22.05.2025 को 12:00 बजे |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 22.06.2025 को 12:00 बजे |
| ऑनलाइन लिखित परीक्षा की संभावित तिथि | 22.07.2025 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1550/2025

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎0581-2562222 (बरेली)
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूं जनपद–अमरोहा**

पत्रांक: 2046/ई–निविदा निर्माण कार्य/2023–24 दिनांक: 26.05.2025

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, बछरायूं में शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बछरायूं द्वारा निम्न कार्य राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से किये जाने हेतु पुन: ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी–अपनी ऑन लाइन निविदायें दिनांक 28 मई 2025 को दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 18 जून 2025 को सांय 5:00 बजे तक https://etender.up.nic.in पर डाल सकते हैं जो कि दिनांक 19 जून 2025 को 11:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद, बछरायूं के कार्यालय/कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अमरोहा में खोली जायेगी। ई–निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 2045/NPP B/2025 |
| Publish date and time | 28 May 2025 12:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-Bids | 18 June 2025 17:00 Hrs |
| Date and time of opening of Online E-Bids | 19 June 2025 11:00 Hrs |
| Date and time of opening Financial Bids | After approval of Technical Bid |
| Place of opening of E-Bids | Executive officer, NPP Bachhraon |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

# खनन माफियाओं के हौसले बुलंद बेखौफ चीरा जा रहा है धरती का सीना

■ खुलेआम चल रहे हैं डम्फर और जेसीबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** खनन माफियाओं के हौसले दिनों दिन बढ़ रहे हैं। खनन विभाग मूकदर्शक बनकर यह सब देख रहा है। थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा कालोनी निर्माण कार्यों के लिए प्रतिदिन 700 से 800 ट्रॉली मिट्टी जेसीबी मशीन से खुदाई कर मंगाई जा रही है। इस कार्य में करीब 20 डम्फर व ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगी हुई हैं, जो दिनभर मिट्टी की अवैध ढुलाई कर रही हैं।

इन खनन माफियाओं का नाम दीपक व अफसर प्रकाश में आया है। क्षेत्र में खनन माफिया के बढ़ते रसूख के आगे प्रशासन का कद बौना लगने लगा है। क्योंकि अब खनन माफिया रात के अंधेरे का इंतजार नही करते बल्कि दिन में ही प्रशासन की सेटिंग से अवैध खनन धड़ल्ले चालू है। रात्रि व दिन को जेसीबी मशीन से खनन किया जा रहा है। दिन में इसका बाजार गुलजार हो रहा। क्षेत्र वासियों में चर्चा है कि खनन माफिया के तार अधिकारियों से जुड़े हुए है। मानों किठौर क्षेत्र में तो खनन माफिया अपना साम्राज्य स्थापित कर लिए हैं। या फिर यूं कहा जाए कि प्रशासन के समांतर ही अपना एक निजाम तैयार कर लिया है जिसके आगे न सिर्फ स्थानीय पुलिस प्रशासन बल्कि जिले में बैठे हुए जिम्मेदार आला अधिकारी भी बेबस हो गए हैं। खनन माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि स्थानीय लोगों को इससे निजात पाने के लिए कोई उपाए नही सूझ रहा है। स्थानीय प्रशासन खनन स्थल तक तो पहुंचता है लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजकर ही जिम्मेदारी का निर्वहन पूरा कर लिया जाता है। दिन व रात में जेसीबी मशीनों से बालू और मिट्टी का खनन और दिन के उजाले में उसे बेचकर प्रशासन को चुनौती दी जा रही है। लेकिन प्रशासन को न तो खनन नजर आ रहा है और न ही इसे करने वाले लोग। नतीजा ग्रामीणों में फिर एक बार प्रशासन के प्रति आक्रोश है। यह आक्रोश किस रूप में सामने आता है यह तो भविष्य में हीं पता चलेगा। एसडीएम का कहना है कि कुछ लोगों को चिन्हित किया गया है। इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शीघ्र ही टीम बना कर यह काम शुरू होगा।

### दिन-रात होता है खनन

खनन माफिया की दबंगाई ऐसी है कि यह लोग दिन-रात मिट्टी की खुदाई कर कस्बे में प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा काटी जा रही कॉलोनी का भराव किया जा रहा है। धड़ल्ले से चल रहे अवैध खनन की प्रशासन को खबर तक नहीं है। ऐसे में प्रशासन की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। वहीं लोगों में भी इस मामले को लेकर काफी रोष है।

## प्रेमी संग लाखों के गहने लेकर फरार हुई युवती, एसएसपी से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम समसपुर से 5 दिन पूर्व एक लड़की को अमरसिंहपुर निवासी एक युवक लेकर फरार हो गया। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम समसपुर निवासी एक लड़की को ग्राम अमरसिंह पुर निवासी सोनू पुत्र ब्रह्म सिंह ले गया जिसे लड़की अपने साथ लाखों रुपए व गहने भी ले गई काफी तलाशने पर लड़की का कोई सुराग नहीं मिलने पर वे थाने आए जहां उनकी सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद दर्जनों महिला पुरुष मंगलवार को एसएसपी से मिले तथा कार्रवाई की मांग की एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पैसों के लेनदेन में प्रधान पुत्र से जमकर मारपीट दोनों पक्ष से एक महिला सहित चार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सदरपुर में पैसे के लेनदेन को लेकर प्रधान पुत्र एवं ग्रामीण में कहासुनी को लेकर जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष से प्रधान पुत्र तथा दूसरे पक्ष से एक महिला सहित चार लोग घायल हो गये। कुछ हीं देर बाद दोनों पक्ष थाने आ गये।

दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरा. `प-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस ने घायलों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरा. `प-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। हालांकि इस मामले में अभी तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई है। थाना प्रभारी इन्दू वर्मा ने बताया कि क्षेत्र गांव सदरपुर निवासी ग्राम प्रधान पुत्र सहदेव के 10 हजार रुपये गांव के ही प्रवीण कुमार को उधार दिये थे। एक वर्ष होने के बाद भी पैसे वापस नहीं दिये। सोमवार की देर रात्रि प्रवीण तथा रवि रास्ते में जा रहे थे। तभी सहदेव ने उनसे उधार दिये पैसे की मांग करने लगा, तो दोनों पक्षों में कहासुनी होने के बाद गाली गलौज शुरू हो गई। कुछ ही देर बाद प्रधान पुत्र सुशील भी आ गया जो नशे की हालत में था। उसने भी दूसरे पक्ष को जमकर लाठी डंडे से वार कर दिया। जिसमें प्रवीण, रविता घायल हो गयी। वहीं दूसरे पक्ष ने प्रधान पुत्र सुशील कुमार तथा सहदेव को भी लाठी डंडो से घायल कर दिया। कुछ देर बाद दोनों पक्ष थाने पहुंच गये। पुलिस ने दोनों की डाक्टरी परीक्षण कराने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। दोनों पक्ष ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। समाचार लिखे जाने तक रिपोर्ट दर्ज नहीं हो पाई थी।

# पार्टी की विचारधारा से लोगों को जोड़ने के लिए जाएं गांव-गांव: प्रदीप नरवाल

■ संगठन सर्जन प्रोग्राम की समीक्षा बैठक में जुटे कांग्रेसी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को मेरठ में कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी किए गए संगठन सर्जन प्रोग्राम की समीक्षा बैठक की गई व जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करी गई जिसमें अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रदीप नरवाल मुख्य अतिथि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरव भाटी व संचालन महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने किया जिसमें प्रदीप नरवाल ने संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ अभियान के तहत मेरठ मे हापुड़, गाजियाबाद, मेरठ, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर के जिला/शहर प्रभारी, निवर्तनमान प्रदेश के उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिवगण एवं नवनियुक्त सयोंजक एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित कर जिलेवार हर जिले के साथ अलग-अलग बैठक करी अपने संबा. `धन में प्रदीप नरवाल ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर खासतौर पर ध्यान देते हुए यूपी में संगठन सर्जन अभियान की शुरुआत करी है जिसमें हमें शहर से लेकर देहात तक हर गली हर गांव में लोगों से जाकर मिलना है और उनको पार्टी की नीतियों के बारे में अवगत कराते हुए उन्हें पार्टी से जोड़ना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष गौरव भाटी, महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा, पुरुषोत्तम नगर, नसीम कुरैशी, चौधरी यशपाल जी, विनोद मोगा, बदरुद्दीन कुरैशी, तुक्कीमल खटीक, प्रवीण चौधरी, बिजेंद्र यादव, दीपक भाटी चोटी वाला, इरफान कुरैशी, मुकेश यादव, संजीव शर्मा, उदयवीर त्यागी, शबी खान, डॉ. जफरुल्लाह, सय्यद रेहानुद्दीन, सपना सोम, अरुण कौशिक, उवैस अंसारी, विपिन सोनकर आदि मौजूद रहे।

# महिला समेत अवैध गांजा तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** थाना कंकरखेड़ा क्षेत्र में लंबे समय से चल रहा गांजे का कारोबार को पुलिस ने दो अवैध गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित गांजा बरामद किया गया है।

थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है और चैकिंग के दौरान अजय उर्फ रोहटा फाटक पुत्र राज. कुमार निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर और सलमा पत्नी दिलीप निवासी शीतला माता मन्दिर के पास जवाहर को गोल्ड कोस्ट कालोनी की पिछली निर्माणाधीन दीवार व टावर के पास से मय अवैध गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुखबिर की सूचना के आधार पर छापा मारकर आरोपी को पकड़ा गया। बरामद गांजे की मात्रा 2660 ग्राम अवैध गांजा व 15 गांजे से भरी पुड़िया वजनी 75 ग्राम व 800 रुपये नगद बताई जा रहे है। जिसकी अंतर्राज्यीय तस्करी की जा रही थी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है और उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**मेरठ।** डीएम डॉ. वी.के. सिंह द्वारा आईटीआई साकेत तथा मार्शल पिच में ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। वेयर हाउस में रखी गयी ईवीएम मशीनो का विधान सभावार सुरक्षित होने सीसीटीवी कैमरे आदि व्यवस्थाओ का जायजा लिया। इस दौरान डीएम के साथ अधिकारी मौजूद रहे।

# बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने लगाई जन चौपाल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** ब्लॉक परिसर में बिजनौर सांसद चंदन सिंह चौहान ने क्षेत्र के लोगों की समस्या सुनीं तथा निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को आदेश दिए। बिजनौर से रालोद सांसद चंदन चौहान मंगलवार को क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के लिए ब्लॉक परिसर में जनसुनवाई की जिसमें सैकड़ो लोग अपनी-अपनी समस्या को लेकर पहुंचे तथा लिखित में समस्याओं से अवगत कराया।

ग्राम नगला गोसाई की प्रधान सरिता सिंह व उनके पति भाजपा नेता चौधरी अरूण सिंह ने सांसद से गोवंशों से क्षेत्र के लोग परेशान है इसके लिए उनकी पंचायत में मिर्जापुर गौशाला की रकबा 26.267 हैक्टेयर भूमि पर सीलिंग है जो भूमि श्रेणी क में दर्ज है जिसमें पिछले दशकों से कोई भी गोवंश नहीं है तथा भूमि का प्रयोग भूमि माफिया कर रहे हैं उसे जमीन को कब्जा मुक्त कराकर उसमें गोवंश रखे जाएं। क्षेत्र से आए ज्यादातर लोगों ने नल खड़ंजे तथा बिजली के बिलों क्षेत्र में विकास कराने किसानों ने फसलों के लिए बिजली पूर्ति बढ़ाने की मांग की। वहीं सांसद चंदन सिंह चौहान ने कहा कि यह उनकी कर्मभूमि है सभी लोगों की समस्याओं का जल्द ही समाधान कराया जाएगा तथा क्षेत्र में विकास कार्य कराए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख ब्रह्म सिंह व संचालन पूर्व प्रधानाचार्य पदमसैन मित्तल ने किया। इस मौके पर एसडीएम दीपक माथुर, बीडीओ राजेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोहनवीर, वरिष्ठ रालोद नेता रिशु बढला आसिफ सैफी महामंत्री संजीव शर्मा पंकज त्यागी, नरेंद्र धामा, मोहित भाटी, हर्षित, महावीर, शरद चैयरमैन, कामेश शाबे प्रधान सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सुभारती विवि को एजूकेशन टेक समिट में मिला उत्कृष्ट संस्थान का सम्मान




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय को नई दिल्ली स्थित ताज पैलेस में आयोजित एजूकेशन टेक समिट में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने उत्कृष्ट संस्थान का सम्मान देकर सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित सम्मान विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल को राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर राज्यमंत्री ने शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में सुभारती विश्वविद्यालय की उल्लेखनीय प्रगति और योगदान की प्रशंसा की। सुभारती विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में नवीनतम तकनीक उपयोग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किया है, जिसे इस सम्मान से भी मान्यता मिली है। कुल. पति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल ने आयोजकों को आभार व्यक्त किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि यह सम्मान सुभारती विश्व. विद्यालय की शिक्षा में गुणवत्ता और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने एजूकेशन टेक समिट में पैनल चर्चा में अपने विचार रखते हुए एआई की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सुभारती विवि द्वारा नवाचार, तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए जा रहे है। हाल ही में सुभारती इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने नवाचार की मिसाल पेश करते हुए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक साइकिल का निर्माण किया है। यह प्रोजेक्ट छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ ऐसी महिलाएं जो साइकिल व स्कूटी नहीं चलाना जानती है, उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए मोनोव्हील इलेक्ट्रिक साइकिल और रेंजर इलेक्ट्रिक साइकिल को विकसित किया है। उन्होंने कहा कि तकनीक ने हमारे जीवन को सुगम बनाया है।

## आज हिमानी अग्रवाल सर्किट हाउस व मवाना में करेंगी महिला सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि महिलाओं के प्रति भेदभाव मूलक व्यवस्था स्थिति और प्रावधानों को समाप्त करने, महिलाओं की गरिमा व सम्मान सुनिश्चित करने, हर क्षेत्र में उन्हें विकास के समान अवसर दिलाने, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों एवं अपराधों पर त्वरित कार्यवाही करने एवं महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल आज यानी बुधवार को 11 बजे सर्किट हाऊस मेरठ में व एक बजे से मवाना तहसील मेरठ में जनसुनवाई की जायेगी। पीड़ित महिलाएं अपनी समस्या के समाधान के लिए लिखित में शिकायत लाए।

**कैंट की सियासत में साईकिल कि हलचल...**

# सपा को मजबूत करने के लिए घर-घर पहुंच रहे पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि

■ योगेश वर्मा के घर हुई कैंट सीट को लेकर बड़ी बैठक, भारी तादाद में जुटे कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मेरठ की कैंट विधानसभा को भाजपा का मजबूत किला माना जाता है। यहां पर भाजपा का प्रत्याशी घोषित होते ही उसे जीता हुआ माना जाता है और इसकी वजह से इसे भाजपा का अभय किला भी कहा जाता है लेकिन समाजवादी पार्टी इस बार मेरठ के अंदर इस अभय किले में ही अपनी साइकिल की सवारी करने के लिए बड़े सपने देख रही है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि लखनऊ से चलकर मेरठ पहुंचे है और वह मेरठ और कैंट विधानसभा के अलग-अलग कार्यकर्ताओं से मिल रहे हैं। इसी कड़ी में वह दलित समाज के बड़े नेता पूर्व विधायक योगेश वर्मा के आवास पर पहुंचे, जहां पर कैंट विधानसभा के पदा. धिकारियों से कैंट की सियासत को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि ने कहा कि कैंट के अंदर अब तक के हालात को देखते हुए और यहां के जातीय आंकड़ों पर नजर डालने के बाद ऐसा लगता है जैसे यहां कोई मेहनत नहीं की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि जब वह मेरठ से मेयर बने तो कैंट से भरपूर वोट मिला था और इस कैंट में भी भाजपा को बड़ी चोट दी गई थी।

आपको बता दें कि दलित समाज यहां पर बड़ी तादाद में है। साथ ही मुस्लिम समाज भी 60-70 हजार की तादाद में है। इसी के साथ जाट और अन्य समाज भी जो पीडीए को मजबूत स्थिति में देखना चाहता है वह कैंट में मजबूत है। ऐसे में अगर कार्यकर्ताओं को मजबूत किया जाए और बूथ के हिसाब से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाए तो यहां पर बहुत कुछ हो सकता है। कैंट के अंदर समाजवादी पार्टी साइकिल की रफ्तार से कमल को कुचल सकती है। इस दौरान सभी ने कैंट को मजबूत बनाने के लिए एकजुटता दिखाई और कहा कि इस बार कैंट में भाजपा का कमल नहीं खिलेगा बल्कि यहां पर पीडीए की साइकिल चलेगी। योगेश वर्मा ने भी घर पर आए सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का आभार जताया और कहा कि वह अपने समाज को एकजुट करेंगे और कैंट में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाते हुए काम करेंगे। वहीं सपा के पूर्व मंत्री जुगल किशोर ने भी उम्मीद जताई कि इस बार समाजवादी पार्टी कैंट में मजबूती के साथ आगे आकर सीट जीतेगी और 2027 में मेरठ से ही सपा की सरकार बनाने का आगाज किया जाएगा।

### महानगर अध्यक्ष आदिल चौधरी दिखे नदारद

एक लंबे समय से समाजवादी पार्टी में महानगर अध्यक्ष पद संभाल रहे आदिल चौधरी इस मीटिंग से नदारत दिखे। हालांकि पूर्व मंत्री जुगल किशोर अलग-अलग कार्यकर्ताओं के घर जा रहे हैं अलग-अलग लोगों से बात कर रहे हैं ताकि महानगर के अंदर पार्टी को मजबूत बनाया जा सके। ऐसे में कई लोगों ने कहा कि महानगर के अंदर पार्टी के कमजोर होने की सबसे बड़ी वजह यही है कि महानगर अध्यक्ष का पद एक ही व्यक्ति के नाम रिजर्व कर दिया गया है। ऐसे में जो लोग पार्टी को अपने खून से सीचना चाहते हैं उनकी मेहनत पार्टी के अंदर कोई मायने नहीं रखती है और उन्हें एक व्यक्ति के रसूख के चलते पद नहीं मिल पाता है। फिलहाल जुगल किशोर वाल्मीकि संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने में लगे हैं लेकिन उसके बावजूद भी लंबे समय से महानगर अध्यक्ष का पद संभाले आदिल चौधरी पूरी तरह नदारद दिख रहे हैं।

## गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी पहुंची सेमीफाइनल में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर क्रिकेट एकेडमी में चल रहे अरुण सिंह अन्ना मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को जीटीबी क्रिकेट एकेडमी और जीटीबी स्कूल के बीच मैच खेला गया। इसमें गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 240 रन बनाए। इसमें रिहान ने 48, कार्तिक ने 49, अनमोल ने 38 और शौर्य ने 31 रन बनाए। गेंदबाजी में अनमोल ने तीन विकेट, दिव्य ने दो विकेट लिए, रो. नित ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीटीबी क्रिकेट एकेडमी ने 18.4 ओवर में 8 विकेट पर 241 रन बनाकर मैच जीता। इसमें रोनित ने 90, दिव्य ने 40, अभिजीत और अजहर ने 30 30 रन बनाए। गेंदबाजी में रिहान ने 3, अनमोल ने दो विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दिव्य उर्फ ड्रिंक्स और रोनित को संयुक्त रूप से दिया गया। आयोजन सचिव क्रिकेट कोच अतहर अली ने बताया कि आज बृहस्पतिवार को टूर्नामेंट का अंतिम लीग मैच खेला जाएगा।

## कासमपुर सांत्वना देने पहुंचे प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** कासमपुर व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेश लोधी के पिता के स्वर्गवास होने पर कासमपुर व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह कैंट विधायक अमित अग्रवाल एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी सांत्वना देने पहुंचे। हालांकि, स्वर्गवास की सूचना पर कासमपुर बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा नेता संजीव मंगवाना, शक्ति सोनकर, रोहित ठाकुर, राहुल लोधी, कुलदीप चौधरी, ओमवीर सिंह, अशोक, सबलोक, हंसराज, गुंजन, पिंटू सिंह, श्याम, सुंदर गोयल, महेश लोधी, किरण पाल सिंह, मास्टर राकेश चौधरी, नवाब सिंह तोमर, भंवर सिंह, इंदर सेन लोधी और कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह का भाजपाइयों ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा प्रत्याशी मनिंदर पाल सिंह के आवास कोणार्क कालोनी पर उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं मेरठ जिले के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह के आगमन पर पुष्प गुलदस्ते भेंटकर स्वागत किया। जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा, महानगर अध्यक्ष विवेक रस्तोगी, कैंट विधायक अमित अग्रवाल, पूर्व विधायक सतबीर त्यागी, कोऑपरेटिव बैंक चेयरमैन विमल शर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज, जिला महामंत्री हरीश चौधरी, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, भूमि विकास बैंक चेयरमैन हरेंद्र चौधरी, पूर्व प्रधान ब्रजवीर सिंह, गौरव चौधरी, वीपेंद्र सुधा वाल्मीकि, जयवीर राणा, नरेश तोमर,पंकज चौहान, मनोज चौधरी, आदेश फौजी, सचिन मालिक, विक्रांत देशवाल, ब्रजवीर सैनी आदि मौजूद रहे।




## जिला कृषि अधिकारी ने विभिन्न बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने जनपद के विभिन्न बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने मै. सरदार जी पेस्टीसाइड्स स्वार, मै. किसान एग्रो ट्रेडर्स मिलक खानम, मै. संदीप एण्ड ब्रदर्स मिलक खानम, मै. नवजोत एग्रो सेल्स मिलक खानम, मै. आर. के. पेस्टीसाइड्स स्वार, मै. तराई फर्टीलाइजर्स एवं मै. जावेद एग्रो बिहारीनगर स्वार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक प्रतिष्ठानों से उर्वरक के 04 नमूने ग्रहीत किये। ग्रहीत किये गये नमूनों को परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रतिष्ठान पर उर्वरकों का अवैध भण्डारण एवं उर्वरकों की बिक्री निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर होती हुई नहीं पायी गयी।

उन्होंने कृषकों से अपील की है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक का क्रय करें एवं उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड एवं भूमि की खतौनी अनिवार्य रूप से उर्वरक विक्रेता को उपलब्ध कराये।



यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किया जाता है या उर्वरक के साथ कोई कम प्रचलित उत्पाद जबरन देता है, तो कृषक अपनी शिकायत 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते हैं।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** साइकिल से रिश्तेदारी में जा रहे एक 65 वर्षीय वृद्ध को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अगापुर निवासी किशन लाल पुत्र स्वर्गीय मोतीराम (65) साइकिल से रहपुरा के मजरा को जा रहे थे पटिया गांव के सरकारी विद्यालय के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल किशन लाल को एंबुलेंस से साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिलक पर लाया गया जहां पर डॉक्टर ने किशन लाल को मृत घोषित कर दिया यह सूचना सुन परिजन रोने विलख ने लगे सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लेकर शव का पंचनामा भर शव पीएम के लिए भेज दिया परिजनों ने बताया कि किशन लाल मिलक नगर में रह रहे थे मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है।

## पत्रकारों ने मनाई स्व. बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के द्वारा स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की आज 38 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी पत्रकार रामपुर नगर के बाबा दीप सिंह कॉलोनी स्थित एक परिसर में एकत्रित हुए कार्यक्रम के प्रारंभ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा तथा जिला महासचिव वीरेंद्र कुमार सक्सेना ने अपने सभी साथियों के साथ संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल के फोटो पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल जी के मंशा ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को अंधेरे तथा गुमनामी से निकाल कर उन्हें पत्रकारिता की मुख्य धारा से जोड़ने की थी कड़ी मस्कत करने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार खबर संक. लित कर पाठको तक पहुंचाते हैं इसके बावजूद उन्हें वह सम्मान नहीं मिल पाता जिससे वह हकदार तथा



शासन प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों को बराबर का दर्जा देने लगे तब बाबू बालेश्वर जी को यह सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम के अंत में सभी पत्रकारों ने ग्रामीण पत्रकार संगठन को और भी मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा, महासचिव वीरेंद्र सक्सेना, जिला मंत्री लाखन सिंह लोधी, वीरेंद्र गुप्ता, इकबाल खान, मोहम्मद आलिम, तहसील अध्यक्ष कृपाल सिंह दिवाकर, इकरार हुसैन, अंकित कुमार जोशी, सर्वेश मौर्य, रामचंद्र मौर्य, धीरेंद्र गंगवार, संजीव गुप्ता, मुरारी लाल पांडे, सुधीर शर्मा, विनोद श्रीवास्तव आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## कलियर दरगाह पर गए स्वार तहसील के युवक की नहर में डूबने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** रुस्तम नगर छपरी निवासी सानिब पुत्र फारुख अहमद अपने दोस्तों के साथ कलियर शरीफ की दरगाह पर जियारत करने के लिए गया था। गर्मी होने के कारण दरगाह के पास बह रही नदी में नहाने उतर गया।

नहाते समय शानिब का अचानक पैर फिसल गया।और कुछ ही पलों में वह नहर की गहराई में समा गया।उसके दोस्तों ने शोर मचाया इस दौरान स्थानिये लोग व पुलिस पहुंच गई। रेस्क्यू टीम ने गोताखोरों की मदद से सानिब को ढूढ़ने की कोशिश की लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण युवक का कुछ पता नही चल सका इस दौरान



मृतक का फाइल फोटो

युवक के परिजन भी मौके पर पहुच गए एक दिन की मशक्कत के। बाद सोमवार को युवक के शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकाल लिया शव को देख परिजनो में कोहराम मच गया बाद में परिजन शव को अपने गांव ले गए।

## राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में सातवें दिन हुआ समर कैंप का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज शाहबाद में सातवें दिन समर कैम्प का समापन हो गया।

समर कैम्प में सभी छात्र/छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। समर कैम्प में सभी छात्र/छात्राओं को सर्व प्रथम योग एवं व्यायाम का अभ्यास कराया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित उपनिरीक्षक रमेश चन्द्र यादव ने छात्र - छात्राओं को थाने की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए शिकायती पत्रों के लिखने एवं ड्राफ्टिंग के बारे में बताया। इसी के साथ हेल्प लाइन नंबर 112,1090 आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी।

वहींकार्यक्रम में बैंक ऑफ बड़ौदा शाहबाद के शाखा प्रबन्धक उज्ज्वल गुप्ता द्वारा बैंक में खुलने वाले विभिन्न प्रकार के खातों के बारे में जानकारी दी।

तथा बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी गयी हैं, अन्त में उपस्थित सभी छात्र/छात्राओं को जलपान कराकर कैम्प का समापन किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य देवेश कुमार सिंह (पी. ई.एस.), प्रवक्ता संजीव कुमार शर्मा,नजमत अली, मुकेश कुमार, शिव कुमार मौर्य, हरेन्द्र प्रताप सिंह, शाजिया आदि उपस्थित रहे।



## एक नजर

### रेडिको खेतान द्वारा नगर पालिका परिषद रामपुर में जमा किया 9.34 करोड़ की धनराशि का टैक्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** टैक्स के रूप में अधिरोपित 9.34 करोड़ की धनराशि रेडिको खेतान द्वारा नगर पालिका परिषद रामपुर कार्यालय में जमा कराए गए हैं। जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जिले के सभी स्थानीय निकायों की आय बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। आय बढ़ाने के लिए नियमानुसार विभिन्न करों की वसूली को सख्ती से प्रभावी बनाया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा रामपुर शहर में भूमि/भवन कर स्वकर नियमावली वर्ष 2019 से प्रभावी किया गया है और इस नियमावली के अनुरूप ही कर (टैक्स) अधिरोपित करके उसकी वसूली कराई जा रही है। रेडिको खेतान द्वारा वर्ष 2019 से 2024 तक 19.98 लाख रुपए जमा किए गए थे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जीआईएस सर्वे के अनुसार प्रतिष्ठानों का सत्यापन एवं करों का पुनरीक्षण करते हुए कर अधिरोपण एवं वसूली की प्रक्रिया प्रभावी बनाई जा रही है। जीआईएस सर्वे के दौरान रेडिको खेतान के संपूर्ण क्षेत्रफल के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2019 से 2026 तक का कर एरियर सहित 93489696 रुपए अधिरोपित किया गया।

उन्होंने बताया कि इस अधिरोपित कर को रेडिको खेतान के प्रतिनिधियों द्वारा नगर पालिका परिषद रामपुर कार्यालय में जमा करा दिया गया है।

## किसान ने मिर्च व्यापारी को पीटा सोदा करके मिर्च को छोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** एक किसान ने मिर्च व्यापारी को जमकर पीटा सोदा करके छोड़ने का लगाया आरोप हरी मिर्च की खरीदारी करने के लिए मिर्च व्यापारी घर घर जाकर हरी मिर्च खरीद रहे है। खुशहालपुर निवासी डोरी लाल ने नगर के एक व्यापारी के हाथ अपनी हरी मिर्च का सोदा किया था। लेकिन व्यापारी मिर्च लेने के लिए नही पहुंचा उस व्यापारी ने ओर भी कई व्यापारियो को उसने भड़का दिया और डोरी लाल की मिर्च मे कमिया निकाल ने लगा ओर कहने लगा कि उसकी मिर्च सही नही है। आज फिर से वहीं मिर्च का व्यापारी गांव मे मिर्च खरीदने के लिए पहुंच गया और किसान की मजाक बनाने लगा किसान का यह देख पारा चढ़ गया और किसान ने व्यापारी पर जमकर हाथ साफ कर दिया। वहां पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव कर दोनो को अपने अपने घर भेज दिया।

**न्यायालय श्रीमान जिला जज महोदय जनपद रामपुर**
**सिविल अपील सं.-सन्** 2025

1. शहनावाज आयु करीब 48 वर्ष
2. फरहाना आयु करीब 45 वर्ष
3. सरफराज आयु करीब 43 वर्ष
4. मौहम्मद शहजाद आयु करीब 38 वर्ष
5. कु. मिस्बा आयु करीब 35 वर्ष
6. शाह फैसल आयु करीब 30 वर्ष
7. मुर्शिदा बी आयु करीब 39 वर्ष
8. तसलीम जहां आयु करीब 40 पुत्र एवं पुत्रियां स्व. निहालुद्दीन समस्त निवासीगण कूंचा सेकलग्रान निकट कन्या इन्टर कालेज खारी कुआ जनपद रामपुर।

मो.नं.- 9319262529

**- अपीलार्थीगण**

**बनाम**

1. जमीलुद्दीन आयु करीब 87 वर्ष पुत्र स्व कमरूद्दीन निवासी- फड का शेख शहर व जिला रामपुर।
2. मिराजुद्दीन बालिग
3.सिराजुद्दीन बालिग पुत्रगण शमशुद्दीन निवासीगण ग्राम ताशका का मझरा तहसील सदर जिला रामपुर।
4. श्रीमती शम्मों बालिग पुत्री शमशुद्दीन निवासी मौहल्ला चमरपुरा तहसील सदर जिला रामपुर।
5.श्रीमती सरजात बालिग पत्नी जमीलुद्दीन
6. आसिया बी बालिग
7. शगुफता बी बालिग
8. फौजिया बी बालिग
9. मौहम्मद इकराम बालिग
10. कु. नुसरत बी बालिग पुत्र एवं पुत्रियां जमीलुद्दीन (पुत्र शमशुद्दीन **वादी नं.**-
2) निवासीगण फड शेख शहर व जिला रामपुर हाल पता काशीराम कालोनी क्वार्टर नं.- 99/2 पहाडी गेट रामपुर जिला रामपुर।
11. श्रीमती परवीन बालिग पत्नी अमीरउद्दीन
12. कु. फरहा बालिग, 13. गुलवेज बालिग
14. कु.नादरीन बालिग, 15. कु. अजरा बालिग
16. नावेद बालिग पुत्र एवं पुत्रियां अमीरूद्दीन समस्त निवासीगण मौहल्ला अस्तबल तालाब निहालुद्दीन शहर व जिला रामपुर।
17. कमलादुदीन उम्र करीब 74 वर्ष पुत्र कमरूद्दीन निवासी जैदी फार्म पुरानी कोठी मेरठ जिला मेरठ हाल निवासी कूंचा सैकलग्रान कन्या इन्टर कालिज खारी कुआ रामपुर जिला रामपुर।
18. असलम बालिग, 19. फरजाना बालिग
20. परवीन बालिग पुत्रगण व पुत्री सद्दीक समस्त निवास. ीगण मौहल्ला घेर जिया उन नवी खां शहर व जिला रामपुर।
21. साजिद बालिग, 22. राशिद बालिग
23. पप्पू बालिग पुत्रगण साबिर भाई समस्त निवासीगण तालाब निहालुद्दीन शहर व जिला रामपुर।
24. श्रीमती सफदरी बेगम बालिग पत्नी मौहम्मद सुलेमान निवासी मण्डी किला सन्दल खां की बजरिया निकट दुलारे मियां बरेली जिला बरेली।
25. श्रीमती बब्बों पत्नी अब्दुल नवी खां निवासी मौहल्ला छिपीयान पुराना गंज रामपुर। हाल पता काशीराम कालोनी क्वार्टर नं.- 107/5 पहाडी गेट रामपुर जिला रामपुर।
25. श्रीमती बब्बों पत्नी अब्दुल नवी खां निवासी मौहल्ला छिपीयान पुराना गंज रामपुर।
26. सिराज अहमद पुत्र हस्सन निवासी मजार हाफिज साहब नई बस्ती शहर व जिला रामपुर।

**-रेस्पॉडेंट्स**

चूंकि उपरिनामंकित वादीगण ने इस न्यायालय में यह आवे. दन किया है कि रेस्पॉडेंट्स / विपक्षीगण अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिये 22.07.2025 को बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक को निकाली गयी।

**न्यायालय**
**जिला जज जनपद रामपुर**

## पटवाई के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 21दिवसीय समर कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई /रामपुर।** पटवाई कस्बे में स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में 21 दिवसीय समर कैंप का आयोजन चल रहा है। मंगलवार को सातवे दिन समर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें महिला दरोगा द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी गई। किस तरह महिला अपना नाम गुप्त रखकर स्वयं की सुरक्षा कर सकती है। बैंक कर्मचारियों द्वारा बैंक में होने वाली गतिविधियों व सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर कॉलेज की प्रधानाचार्य निलय सक्सेना, महिला दरोगा कंचन, बैंक कर्मचारी सौरभ, अध्यापक रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## नल में लगी मोटर में करंट उतरा, एक महिला की मौत

### पटवाई थाना क्षेत्र पटरिया गांव की घटना, पटवाई प्रभारी ने बताया हमें जानकारी नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पटवाई/रामपुर।** घर में लगे नल मैं दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। बचाने गए पति को भी करंट लग गया। घर में मौजूद तीसरे व्यक्ति ने क्लिप हटाकर करंट हटाए। क्षेत्र के पटरिया का मझरा गांव निवासी शिवराज की पत्नी रश्मि 30 की करंट लगने से मौत हो गई। बचाने गए पति शिवराज के भी करंट लग गया । यह देख घर में मौजूद तीसरे युवक ने क्लिप हटाकर करंट हटाया। सोमवार दोपहर को महिला घर में लगे नल पर किसी काम से गई थी। नल के पास लगी मोटर मैं करंट आने से नल में भी करंट आ गया। महिला ने जैसे ही नल को पकड़ा वह करंट की चपेट में आ गई। करंट से झुलसता देख बचाने गए पति को भी करंट लग गया। घर में मौजूद एक व्यक्ति ने तुरंत क्लिप को हटा दिया। महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सको को ने उसे मृत घोषित कर दिया। बचाने गए पति की हालत ठीक बताई गई है। परिवार के लोगों ने सोमवार को ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक महिला की एक 3 साल व एक छह महीने की पुत्री थी। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया इस तरीके की कोई जानकारी नहीं है, ना ही थाने में कोई मेमो आया है।

## राजस्व टीम ने चकरोड कराया कब्जा मुक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** चकरोड पर अवैध कब्जे की शिकायत का निस्तारण करने पहुंची राजस्व टीम ने चकरोड को कराया कब्जा मुक्त। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में चकरोड को कब्जा मुक्त कराया, ग्रामीणों ने शिकायत की थी कि नगर के मोहल्ला भीतर गांव के रकबे में चकरोड संख्या 577 पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा है, चकरोड के अवैध कब्जे से लोगों के आवागमन में परेशानी हो रही थी, शिकायत के आधार पर हल्का लेखपाल रमन कुमार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम लेखपाल मनोज कुमार, लेखपाल सुखदेव आदि मौके पर पहुंचे और पैमाइश के बाद चकरोड को कब्जा मुक्त कराया इस मौके पर उपनिरीक्षक दिलीप कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू को कांग्रेसियों ने श्रद्धाजली दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार कांग्रेस के नगर अध्यक्ष एम दानिश अंसारी एड ने अपने निवास पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरूपुण्य तिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धाजली सभा को सम्बोधित करते हुए। देश प्रथम प्रधानमंत्री जी के बारे में जानकारी दी इस दौरान मोहम्मद आसिफ, मो . यामीन,इफ्तेखार अली,अनिल कुमार,आर्यन सिंह,सुखीराम, अब्दुल रहमान,रिजवान आदि मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैनें अपने पुत्र विक्की को गलत संगत में पड़ने के कारण उसे अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है । वह किसी भी कृत्य के लिये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सुखलाल पुत्र जानकी प्रसाद**
**निवासी खजुरिया खुर्द,**
**बिलासपुर, रामपुर।**

## जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए: अरूण गोविल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में लोकसभा सांसद अरूण चंद्रप्रकाश गोविल की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आहूत की गयी। बैठक में जनपद में समस्त विभागो में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुये सांसद ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचाया जाये। इस अवसर जिलाधिकारी द्वारा सांसद सहित समस्त जनप्रतिनिधियों का पौधा भेंटकर स्वागत किया गया।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियो द्वारा कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, डूडा, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, लोक निर्माण, सिंचाई, विद्युत, पशुपालन, एनएचएआई आदि विभागो की योजनाओ के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के क्रम में सांसद ने कहा कि प्रत्येक विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं एवं कार्यक्रम आमजनमानस के लाभार्थ सरकार द्वारा चलाये गये है परन्तु लोगो को जानकारी का अभाव एवं योजना की सही जानकारी न होने के कारण योजनाओ का लाभ नहीं ले पाते है। समस्त विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जनपद स्तर पर विभागीय योजनाओं की मॉनीटरिंग की जाये तथा नियमित रूप से योजनाओं के लिए प्राप्त आवेदन और उनके निस्तारण तथा कितने लाभार्थियो को योजना का लाभ मिला इसको ध्यान में रखते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आ रही समस्याओ के संबंध में समीक्षा कर समस्या का समाधान किया जाये। नगर निगम से स्मार्ट सिटी के तहत चलाये जा रहे प्रोजेक्ट की जानकारी प्राप्त की गई। अवैध कॉलोनियों पर आवश्यक कार्यवाही करने तथा यूनिपोल को शासन द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुसार लगाये जाने के निर्देश दिये गये। वेंडर जोन के स्थान चिन्हांकन की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एनएचएआई के अधिकारी को नेशनल हाईवे के किनारे पड़ने वाले गांव के लिए सर्विस रोड बनाने तथा आवश्यकता वाले स्थानो पर साईन बोर्ड लगाये जाने के निर्देश दिये गये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना की समीक्षा की गई। जनप्रतिनिधियों द्वारा हाल ही में आई आंधी के कारण आम, लीची, नाशपाती व अन्य फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराकर रिपोर्ट शासन को भेजने की मांग रखी गई। इसके अलावा वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, सुगम्य भारत अभियान, निराश्रित महिला पेंशन योजना, महिला संरक्षण एवं सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, वन स्टाप सेंटर, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड कार्यक्रम, पर ड्राप मोर क्रॉप आदि की समीक्षा कर आवश्यक प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# IPL समापन समारोह के लिए खास तैयारी

**● ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनेगा, सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता**




**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल 2025 सीजन अब अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। गुरुवार से प्लेऑफ के मुकाबले खेले जाएंगे और फिर तीन जून को आईपीएल के 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल के समापन समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है और इसके लिए खास योजना बनाई है। बीसीसीआई ने आपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने का फैसला किया है और इसके तहत बोर्ड ने समापन समारोह के लिए सीडीएस, थल सेना अध्यक्ष के साथ ही वायुसेना और नौसेना प्रमुख को भी न्योता दिया है।

बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने न्यूज एजेंसी पीटीआई के हवाले से कहा, बोर्ड हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी, साहस और निस्वार्थ सेवा को सलाम करता है, जिनके आपरेशन सिंदूर ने वीरतापूर्ण प्रयास से राष्ट्र की रक्षा की और हमें प्रेरित किया। सम्मान के रूप में हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, हमने भारतीय सेना के तीनों सेना प्रमुख, शीर्ष रैंक के अधिकारी और जवानों को आप. रेशन सिंदूर की सफलता के लिए अहमदाबाद में होने वाले फाइनल मुकाबले के लिए आमंत्रित किया है। देशभक्ति की भावना को और बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम में सैन्य बैंड द्वारा प्रस्तुति दिए जाने की संभावना है, जिसके बाद एक संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख से अधिक दर्शकों की उपस्थिति को देखते हुए बीसीसीआई को उम्मीद है कि समापन समारोह एक सफल कार्यक्रम रहेगा। सैकिया ने कहा, भले ही क्रिकेट राष्ट्रीय जुनून है, लेकिन हमारे देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब आईपीएल के दौरान सशस्त्र बलों को समर्पित कोई समारोह आयोजित किया जाएगा। 2019 में बीसीसीआई ने चेन्नई में टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह के लिए सैन्य बैंड को आमंत्रित किया था और पुलवामा आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों के लिए 20 करोड़ रुपये का योगदान देने का भी संकल्प लिया था। मालूम हो कि पुलवामा हमले में 44 सीआरपीएफ जवान बलिदान हुए थे। भारत ने सात मई को आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकियों के ठिकानों पर सटीक हमले किए। यह कार्रवाई 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में की गई थी। इसके बाद पाकिस्तान ने 8, 9 और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, जिनका भारतीय सेना ने करारा जवाब दिया। इस जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचा, जिनमें एयर बेस, रडार साइट्स, और कमांड सेंटर शामिल हैं। इससे घबराए पाकिस्तान ने 10 मई को भारत के सामने सीजफायर का प्रस्ताव रखा, जिसे दोनों देशों ने आपसी चर्चा के बाद लागू कर लिया। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का प्रभाव आईपीएल पर भी पड़ा था और टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा था।सीजफायर के बाद आईपीएल 17 मई से दोबारा शुरू हुआ, लेकिन इसके कार्यक्रम में बदलाव करना पड़ा।

तय कार्यक्रम के अनुसार, आईपीएल का फाइनल 25 मई को कोलकाता में खेला जाना था, लेकिन बाद में संशोधित कार्यक्रम जारी हुआ जिसके तहत फाइनल मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद में कराने का फैसला लिया गया। सशस्त्र बलों के सम्मान में कुछ मुकाबलों से पहले राष्ट्रगान भी बजाया गया था।




## सूर्या ने सचिन का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

**● आईपीएल-18 के 69वें मैच में मुंबई से किसी भी सीजन के टॉप स्कोरर बने सूर्या कुमार यादव**

**नई दिल्ली, वार्ता।** सूर्यकुमार यादव ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के 2 रिकॉर्ड तोड़े। पहले सूर्या ने सचिन तेंदुलकर के 14 साल पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वे एमआई के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बने। इसके बाद सूर्या ने सनथ जयसूर्या के रिकॉर्ड को तोड़ा। वे किसी सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बैटर भी बने। आईपीएल-18 के 69वें मैच में पंजाब किंग्स (सीएसके) ने मुंबई इंडियंस (एमआई) को 7 विकेट से हरा दिया। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 184 रन बनाए। जवाब में पंजाब ने जीत का टारगेट 18.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। मुंबई इंडियंस के लिए किसी एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में सूर्यकुमार यादव टॉप पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 14 मैचों में 640 रन बना लिए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 2010 में 618 रन बनाए थे। सूर्यकुमार ने खुद ही इस सूची में तीसरा स्थान भी हासिल किया है, जब उन्होंने 2023 में 605 रन बनाए थे। सचिन तेंदुलकर एक बार फिर इस सूची में 553 रन (2011) के साथ चौथे स्थान पर हैं। उनके बाद लेंडल सिमंस ने 2015 में 540 रन बनाए थे। वहीं रोहित शर्मा ने 2013 में 538 रन बनाकर इस सूची में छठा स्थान हासिल किया है। आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा बार 25 या उससे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड अब सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने 2025 सीजन में अब तक 14 बार 25+ रन बनाए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड केन विलियमसन के नाम था, जिन्होंने 2018 में 13 बार यह कारनामा किया था। इसी आंकड़े तक शुभमन गिल भी पहुंचे थे, जब उन्होंने 2023 सीजन में 13 बार 25+ रन बनाए थे। अब टी-20 क्रिकेट में लगातार सबसे ज्यादा बार 25+ रन बनाने का रिकॉर्ड भी सूर्यकुमार यादव के नाम है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के तेम्बा बावुमा के लगातार 13 बार के 25+ रन का रिकाड्र्स तोड़ा। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले प्लेयर बने। वे अब तक 32 छक्के जड़ चुके हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड सनथ जयसूर्या के नाम था, जिन्होंने 2008 में 31 छक्के लगाए थे। तीसरे स्थान पर ईशान किशन हैं, जिन्होंने 2020 में 30 छक्के जड़े थे। वहीं किरोन पोलार्ड (2013) और हार्दिक पांड्या (2019) ने 29-29 छक्के लगाकर इस लिस्ट में अपनी जगह बनाई है। पंजाब-मुंबई के बीच टॉस से पहले एक रोमांचक वाकया सामने आया। एमआई के कप्तान हार्दिक पांडया जब टॉस के लिए बीच मैदान पर आ रहे थे, तब वे थोड़ी कन्फ्यूज दिखाई दिए। इसके लिए उन्होंने सूर्यकुमार यादव को बुलाया और अपनी दो में से एक उंगली चुनने के लिए कहा। सूर्यकुमार यादव ने इसके बाद उनसे कहा- बैट फर्स्ट। इसका मतलब ये था कि अगर आप टास जीतें, तब आपको टीम के लिए

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास

**■ 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था: मैरी**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है।

इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।



## पैरा एथलीट महेंद्र गुर्जर व सुमित अंतिल ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक




**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानक. ारी के अनुसार पैरालंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72-35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61-17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता हैद्य उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56-11 और 55-51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## पीवी सिंधु-प्रणॉय सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में



**सिंगापुर, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। यहां खेले गए महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को

**■ महिला एक वर्ग में सिंधु ने कनाडा की खिलाड़ी को हराया**

सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया।

एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मैच में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी।

## मैग्नस कार्लसन ने डी गुकेश को हराया

**■ महिला वर्ग में भारत की हम्पी ने वैशाली को हराकर शुरूआत की**

**नॉर्वे, वार्ता।** नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमे. रिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मो. हरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## इंग्लैंड ने विंडीज को किया क्लीन स्वीप

**■ इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को 17 रनों से हराकर सीरीज 3-0 से अपने नाम की**

**■ हीथर नाइट ने नाबाद 66, नेट साइवर ने 37 और ऐमी ने 22 रन बनाए**

**चेम्सफर्ड, वार्ता।** हीथर नाइट (नाबाद 66) के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने तीसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज पर 17 रनों की जीत के साथ तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली है। यहां वेस्टइंडीज की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 144 रनों का स्कोर खड़ा। हीथर नाइट ने 47 गेंदों में (नाबाद 66) रनों की पारी खेली। नेट सायवर ब्रंट ने (37) और एमी जोंस ने (22) रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए। जायडा जेम्स और जे क्लैक्सटन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे टिक नहीं खेल सके। वेस्टइंडीज की टीम नियमित अंतराल पर विकेट गवांती रही। हेली मैथ्यूज ने 54 गेंदों में (75) रनों की पारी खेली। इसके अलावा रीलेआना ग्रिमोंड (15) और शबीका गजनबी (14) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सके। इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे वेस्टइंडीज की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 127 रन ही बना सकी और 17 रनों से मुकाबला हार गई। इंग्लैंड के लिए लॉरेन बेल, एमिली आरलट, शार्लेट डीन और ललसी स्मिथ ने दो-दो विकेट लिए। तीन मैचों की सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाली वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज को 'प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया।

## रिंडरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेंगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।



## गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता सोना




**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनिशप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं।

पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38-63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43:84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46:82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

### फ्रिट्ज हुए उलटफेर का शिकार सितसिपास, बडोसा अगले दौर में

**पेरिस, वार्ता।** फ्रेंच ओपन 2025 के दूसरे दिन जर्मनी के डेनियल अल्टमायर ने उलटफेर करते हुए चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। वही स्टेफानोस सितसिपास और पाउला बडोसा ने अगले दौर में जगह बना ली हैं। यहां रोलांड गैरोस के क्ले कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में जर्मनी के डेनियल अल्टमायर चौथी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7-5, 3-6, 6-3, 6-1 से हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। डेनियल अल्टमायर ने आक्रामक और रणनीतिक खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रिट्ज की लय को बाधित कर निर्णायक जीत दर्ज की। अब अल्टमायर का अगले दौर में चेक गणराज्य के विट कोप्रिवा से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास ने अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी को 7-5, 6-3, 6-4 से हराकर क्ले-कोर्ट में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं महिलाओं के ड्रॉ में, पाउला बडोसा ने चुनौतीपूर्ण शुरुआत से उबरते हुए पूर्व विश्व नंबर वन नाओमी ओसाका को 6-7(1), 6-1, 6-4 से हराया। दिन के सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनों में से एक गैर-वरीयता प्राप्त स्पेन की जेसिका बूज़ास मानेरो का था, जिन्होंने नौवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की एम्मा नवारो को एक घंटे से भी कम समय में 6-0, 6-1 से हराया।

# पीएम का गुजरात दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात के दौरे पर हैं। मंगलवार को उनका दूसरा दिन था। इन दो दिनों में उन्होंने वहां जमकर रोड शॉ किए और हजारों करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास भी किए। उन्होंने जहां 24 हजार करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास किया, तो वहीं दूसरे दिन मंगलवार को गांधीनगर में महात्मा मंदिर में पांच हजार 536 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। अपना अंतिम रोड शो उन्होंने गांधीनगर में किया। अपने रोड शॉ के दौरान उन्होंने अपने तमाम भाषण ऑपरेशन सिंदूर को ही केंद्र में रखकर दिए। उन्होंने गांधीनगर में कहा कि हमने आतंकवाद के 9 ठिकाने तय कर 22 मिनट मे ध्वस्त कर दिया और यह सब कैमरे के सामने किया, ताकि कोई सबूत न मांगे। जाहिर सी बात है यह उनका विपक्ष पर कटाक्ष था और यह उरी आतंकवाद के संबंध में बोल रहे थे। जब उरी आतंकी हमले के बाद पीओके में सैनिक कार्रवाई की गई थी, तब विपक्ष ने उनकी सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए थे और इसके सबूत मांगे थे। पीएम मोदी विपक्ष पर कोई भी हमला करने से नहीं चूकते। मौका कोई भी हो, जहां भी उन्हें जरा भी कोई गुंजाइश दिखाई देती है, वह विपक्ष को भेजने में देर नहीं लगाते। जैसाकि उन्होंने गांधीनगर में कहा भी कि वह पिछले दो दिनों से गुजरात में हैं और सोमवार को वडोदरा, दादोर, भुज, अहमदाबाद में रोड शॉ करने के बाद मंगलवार की सुबह गांधीनगर आए हैं। उन्होंने अपने स्वागत से ओतप्रोत होकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि देशभक्ति का ज्वार गर्जना करता सिंदूरिया सागर, लहराता तिरंगा और सभी के हृदय में मातृभूमि के लिए अपार प्रेम है और यह सिर्फ गुजरात में नहीं बल्कि हिन्दुस्तान के कौने कौने में है। जैसी उनकी शैली है कि वह हर आज की घटना को गुजरे नेताओं के साथ जोड़ देते हैं, उन्होंने यहां भी जोड़ा और कहा कि 1947 में जब मां भारती के टुकड़े हुए, कटनी चाहिए थी जंजीरें लेकिन काट दी गई भुजाएं और देश के तीन टुकड़े कर दिए गए। उसी रात पहला आतंकवादी हमला कश्मीर में हुआ। मां भारती का एक हिस्सा आतंकवादियों के बलबूते मुजाहिदों के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उनके अनुसार अगर मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया होता और स. वल्लभ भाई पटेल की बात मान ली होती, तो आज पीओके हमारे पास होता। उन्होंने दोहराया कि वल्लभ भाई पटेल की इच्छानुसार जब तक पाक के कब्जे वाला कश्मीर वापस नहीं आता, तब तक सेना नहीं रुकनी चाहिए थी, लेकिन उनकी बात नहीं मानी गई और यह सब 75 साल से चला आ रहा है। विपक्ष प्रधानमंत्री के गुजरात के दौरे को चुनाव के नजरिये से देख रहा है। वैसे देखा जाए तो विपक्ष पूरी तरह गलत भी नहीं है। यूं भी भाजपा का यह अपना एक इतिहास बन गया है कि वह हर घटना को इवेंट में बदल देता है। विपक्ष भी यह आरोप लगा रहा है। सिंदूर ऑपरेशन का भी पीएम मोदी राजनीतिकरण कर रहे हैं।

## भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से ज्यादा देशभक्त



नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है, लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है, पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने हाल ही में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी, पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे, ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं, उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है, पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं, पाक जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें।

**–असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम चीफ**

# हमारा बूढ़ा होता नेतृत्व कितना बीमार है, कैसे पता चलेगा





श्रवण गर्ग

**हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया।**

नागरिकों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि देश की औसत आयु से लगभग दो गुना उम्र के जो लोग इस समय सत्ताओं पर काबिज हैं या उसे हासिल करने के लिए संघर्षरत हैं वे किसी न किसी गंभीर या गंभीर बन जाने वाली बीमारी से पीड़ित हो सकते हैं। यह भी कि उन्हें उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा के नाम पर उपलब्ध कराए गए लौह आवरण की आड़ में वे जितने आश्वस्त नजर आते हैं हकघीकघ्त में उतने होंगे नहीं।

देश की आधी से ज्यादा आबादी 28.8 से कम आयु की है। मोदी के मंत्रिमंडल की औसत उम्र 58 साल है। यानी जिस औसत आयु के लोग मंत्रिमंडल में हैं उनकी संख्या देश की 140 करोड़ की आबादी में सिर्फ 15 करोड़ के करीब है। इसी तरह सांसदों की औसत आयु भी 56 साल है। हमारे 52 प्रतिशत सांसद 55 से ऊपर के हैं। यानि एक युवा देश का नेतृत्व बीमारियों के कगार पर खड़े बूढ़े होते हाथों में है। पवित्र नदियों में भी धवल अथवा भगवा वस्त्र धारण कर स्नान करने वाली इन आत्माओं के शरीरों की अंदरूनी वास्तविकता बहुत मुमकिन है उनकी सेवा में चौबीसों घंटे तैनात रहने वाले चिकित्सकों को भी या तो पता नहीं हो या उन्हें बताई ही नहीं गई हो। सत्ताओं में काबिज नेताओं की औसत नींद को लेकर भी कई तरह के दावे किए जाते हैं। आकलन यही है कि उनकी कुल जमा नींद चार-पांच घंटों से ज्यादा की नहीं होती होगी। शीर्ष पर पहुंचने या शीष को बचाए रखने की चिंता या प्रतिस्पर्धा के कारण भी पर्याप्त नींद नहीं हो पाती है। सत्ता में सालों की संख्या जैसे-जैसे बढ़ती जाती है नींद के घंटे भी उतने ही कम होते जाते हैं और बीमारियां बढ़ती जाती हैं।

हमारे देखते-देखते के ऐसे कई उदाहरण हैं कि शीर्ष से बिदा होते ही सारे समर्थक एक साथ गायब हो जाते हैं और सारी बीमारियां इस तरह प्रकट होने लगती हैं कि 'देश-सेवा' का ज्यादा वक्त नहीं मिल पाता। जिज्ञासा हो सकती है कि एक ऐसे कठिन समय जब कि देश युद्धकालीन परिस्थितियों से गुजर रहा है इस तरह के अपशकुनी विषय चर्चा में क्यों लाए जाने चाहिए? कारण यह है कि ऐसे ही नाजुक मौकों पर नेतृत्व कर रहे लोग सबसे ज्यादा तनावग्रस्त पाए जाते हैं और कुछ अलग तरह की जुबानें बोलने और अनपेक्षित व्यवहार करने लगते हैं। इस सबसे उनकी असली मानसिक और शारीरिक क्षमताओं के संकेत जनता को प्राप्त होते हैं। हाल की कुछ घटनाओं का अध्ययन करें तो ऐसा खुले आम सड़कों पर प्रकट भी हो रहा है। विषय को चर्चा में लाने के पीछे एक और बड़ा कारण दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश ने प्राप्त कराया है। अमेरिका जैसे ताकतवर और सुविधा संपन्न मुल्क के (पूर्व) राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान सूंघ तक नहीं पड़ने दी कि उनका प्रोस्टेट कैंसर फोर्थ स्टेज तक पहुंच गया है। पूरा अमेरिका इस बात पर आश्चर्य व्यक्त कर रहा है कि जिस राष्ट्राध्यक्ष को दुनिया की श्रेष्ठतम चिकित्सा सुविधा निजी स्तर पर उपलब्ध थी वह इतनी गंभीर बीमारी के साथ न सिर्फ पद पर बना रहा दूसरी बार भी चुनाव लड़ने के लिए राजी हो गया। आरोप यह है कि सत्ता में बने रहने के लिए बाइडन की शारीरिक (मानसिक?) कमजोरियों पर पर्दा डाला गया। जनता के दबाव के चलते बाइडन द्वारा अंततः चुनावी मैदान से हटने की घोषणा के बाद कमला हैरिस को ट्रम्प से मुकघबले के लिए सौ दिन के करीब ही मिल पाए। हैरिस की पराजय तो बाइडन ने ही तय कर दी थी। ट्रम्प ने तो सिर्फ उस पर अपनी मोहर लगाई। पूछा जा रहा है कि चार साल के शासनकाल के दौरान सत्तर साल से अधिक की उम्र के होने के बावजूद बाइडन के प्रोस्टेट कैंसर की जांच क्यों नहीं की गई? बताया गया है कि राष्ट्रपति पद संभालने के सात साल पहले यानि 2014 में इस बीमारी के संबंध में खून की आखिरी बार जांच हुई थी। राष्ट्रपति-पद पर बने रहने के दौरान प्रोस्टेट को छोड़कर उनकी दूसरी सभी मेडिकल जांचें हर साल होती रहीं। बाइडन इस समय 82 साल के हैं। बताया जाता है बाइडन का कैंसर हड्डियों में फैल गया है जिसे दवाओं के जरिए नियंत्रित ही किया जा सकता है ,समाप्त नहीं।

अमेरिका के मुकाबले भारत में योग्य चिकिसक ज्यादा हो सकते हैं पर सुविधाएं तो वहां जैसी निश्चित ही नहीं होंगी। कहा जाता है किसी समय हमारे एक ताकतवर मुख्यमंत्री अपने दांतों के इलाज के लिए भी अमेरिका जाते थे। बहुत मुमकिन है हमारे यहां के सक्षम राजपुरुष और उद्योगपति अपने घुटनों और रीढ़ की हड्डियों के इलाज के लिए अभी भी अमेरिका जाते हों। देश की गरीब जनता को राजनीति के अपने सिद्ध पुरुषों की गंभीर बीमारियों का तब तक पता नहीं चल पता जब तक किसी प्रकरण में गिरफ्तारी के अदालती आदेश के कारण उन्हें अस्पतालों में भर्ती नहीं होना पड़ जाए या फिर सत्ता से बेदखली नहीं हो जाए। सोच कर बता सकते हैं कि सैंकड़ों की संख्या में उच्च पदों पर बैठे राजने. ताओं की किसी एक भी बीमारी के बारे में जनता को जानकारी है क्या? क्या ये लोग पूरी तरह स्वस्थ हैं और बीमार सिर्फ जनता है?

(लेखक कई अखबारों में समूह संपादक रहे हैं और वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये लेखक के निजी विचार हैं)

**स्क्रीन की थकान को कम करने के लिए अपनाएं ये आसान तरीके, आंखों की रोशनी पर नहीं पड़ेगा असर आज के समय में लगभग हर कोई स्क्रीन पर घंटों समय बिताता है। यह तो वह लैपटॉप आदि पर काम किया करते हैं, या फिर अपने फोन पर स्कॉल करते हैं या अपनी पसंदीदा सीरीज देखते हैं। आजकल स्क्रीन पर अधािक समय बिताना रोजमर्रा का हिस्सा बन गया है। जोकि स्क्रीन थकान की समस्या बन सकता है। यह एक ऐसी आधुनिक असुविधा है, जिसकी वजह से सिरदर्द, तनाव, मानसिक थकान और ब्लर्रेड विजन होती है।**

# गर्मियों में डाइजेशन की समस्या से बचें



अक्सर गर्मियों के मौसम में तापमान बढ़ने की वजह से लोगों को तरह-तरह की समस्याएं होती हैं। वहीं इस मौसम में डाइजेशन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। डाइजेशन सबंधी समस्याओं में डायरिया, पेट फूलना, एसिडिटी और फूड पॉइजनिंग आदि शामिल है। यह समस्याएं अधि. कतर बाहर का खाना या फिर मसालेदार खाना खाने से होती है। जिसको कई बार पचाना काफी मुश्किल हो जाता है। वहीं कई बार ठंडे या मीठे ड्रिंक का बार-बार सेवन करने से भी पेट संबंधी समस्या हो सकती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसी आदतों के बारे में बताने जा रहे हैं जिनको अपनाने से आप पेट संबंधी समस्याओं से बच सकते हैं।

**मौसमी फल खाएं**

गर्मियों के मौसम में आप मौसमी फल जैसे- खरबूजा, तरबूजा और खीरे आदि को अपना डाइट में शामिल करना चाहिए। क्योंकि यह सभी फल हाइड्रेटिंग होते हैं और साथ ही खाने को पचाने में भी सहायता करते हैं।

**घर का खाना खाएं**

गर्मियों में बाहर का खाना खाने से बचना चाहिए। क्योंकि यह आपको बीमार बना सकता है। इसलिए इस मौसम में घर का खाना दाल, चावल, रोटी और दही जैसे हल्के खाने को डाइट में शामिल करें। यह आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है।

**हेल्दी ड्रिंक्स**

गर्मी के मौसम में आप छाछ, पानी, नींबू पानी और नायिरल पानी आदि पिएं। इससे आप हाइड्रेटेड रहेंगे। वहीं अनहेल्दी ड्रिंक्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

**न खानें बाहर का खाना**

बिरयानी, पनीर से बनी चीजें, मांसाहारी फूड और आइसक्रीम आदि का सेवन करने से फूड पॉइजनिंग हो सकता है। हालांकि यह कई लोगों को खाना पसंद होता है, लेकिन इस मौसम में यह आपको बीमार बना सकता है।

**पेट को रखें ठंडा**

इस मौसम में पेट को ठंडा रखने के लिए आप अपनी डाइट में पुदीना, सौंफ और दही आदि को शामिल कर सकते हैं।


**स्वच्छता अपनाएं**

पेट के इंफ्केशन से बचने के लिए अपने हाथों को अच्छे से धोएं। वहीं कुछ भी खाने से पहले हाथों को धोना न भूलें।

इन छोटी-छोटी आदतों को अपनाकर आप गर्मियों के मौसम में भी पेट को हेल्दी रख सकते हैं। वहीं पाचन संबंधी समस्याओं से भी बच सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# कौन हैं वक्फ बोर्ड संसदीय समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल





यशोदा श्रीवास्तव

बहुत चर्चित वक्फ संशोधन विल की चर्चा खूब है। संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। कहना न होगा कि वक्फ विल की चर्चा के साथ इसके चेयरमैन सांसद जगदंबिका पाल की भी उतनी ही चर्चा है। जगदंबिका पाल की चर्चा इस बात को लेकर है कि इस विल के संशोधन के लिए वे और उनकी टीम ने देश भर में भ्रमण कर सरकार का पक्ष रखा और मुस्लिमों को भरसक भरोसा दिलाया कि इससे उनका कहीं कोई नुकघ्सान नहीं है बल्कि इससे वक्फ की संपत्तियों का लाभ जो अभी अपेक्षाकृत प्रभाव शाली मुसलमानों तक सीमित है,वह अब गरीब मुसलमानों तक पहुंच सकेगा। बहर हाल सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई पर गौर करें तो पूरी बहस चेयरमैन जगदंबिका पाल के तर्क और उदाहरण पर केंद्रित है। सुप्रीम कोर्ट में संशोधित वक्फ कानून की वैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई चल रही है। बड़ा सवाल संशोधित वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिम सदस्यों के शामिल करने को लेकर है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से सवाल किया कि क्या सरकार हिंदू धार्मिक न्यासों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सदस्य बनाने की अनुमति देगी। वक्फ संशोधन अधिनियम-2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के क्रम में आई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर विमर्श शुरू हो गया है। इस मामले में वक्फ बिल को लेकर बनी संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल का तथ्यों पर आधारित बयान सामने आया है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट को पूर्व के मामलों में आए फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ बोर्ड कोई धार्मिक संस्था नहीं है। इसलिए, उसमें गैर मुस्लिम का सदस्य बनाया जाना कोई मुद्दा नहीं हो सकता है। प्रशासनिक संस्थाओं में अधिकारियों का रखने का नियम पहले से है। बतौर इस समिति के चेयरमैन जगदंबिका पाल का यह बयान सुर्खियों में है। यूपी के सिद्धार्थनगर जिले की मुस्लिम बाहुल्य डुमरियागंज संसदीय सीट से चार बार के सांसद जगदंबिका पाल के लिए इस समिति का चेयर बनना इसलिए हैरत अंग्रेज है क्योंकि वे चाहे कांग्रेस में रहे हों या भाजपा में,भारी मात्रा में उन्हें मुस्लिम वोट मिलता ही मिलता है।


2024 का लोकसभा चुनाव उनके लिए बहुत मुश्किल था क्योंकि सपा व कांग्रेस गठबंधन से पूर्वांचल के बाहुबली रहे स्व।पंडित हरिशंकर तिवारी के बड़े पुत्र जो सांसद भी रहे हैं, भीष्म शंकर तिवारी उनके खिलाफ मैदान में थे। यह चुनाव यदि जगदंबिका पाल जीत पाए तो इसके पीछे मुस्लिम वोटरों का योगदान था। जगदंबिका पाल यूं तो मात्र एक सांसद का नाम है, लेकिन इनके राजनीतिक सफर पर गौर करें तो सामने आएगा कि राजनीति की विपरीत धारा को अपनी ओर मोड़ लेने में माहिर राजनीति के खिलाड़ी का नाम भी है जगदंबिका पाल! इतना ही नहीं लोकसभा के सभी 543 सदस्यों में यदि बतौर जनप्रतिनिधि के रूप में ष्सांसदष्तलाशेंगे तो शायद ही कोई दूसरा जगदंबिका पाल नजर आए। 1950 में बस्ती जिले के एक गांव में पैदा हुए जगदंबिका पाल की शिक्षा एमए एल एल बी है। शिक्षा हेतु ज्यादा तर वक्त लखनऊ में बीता। उस वक्त छात्र राजनीति के रास्ते राजनीति में प्रवेश करने का चलन था। इसी रास्ते जगदंबिका पाल भी राजनीति में कदम बढ़ाए। कांग्रेस इनके राजनीति की पाठशाला रही है। इन्हें स्व।संजय गांधी का बेहद करीबी माना जाता रहा। उस वक्त कांग्रेस में आगे बढ़ना आसान नहीं था,एक से एक टांग खींचने वाले थे। बस्ती तो ऐसे लोगों का गढ़ था। इनके राजनीतिक जीवन में बड़ी मुश्किल यह थी कि इन्हें आगे बढ़ने का आसान रास्ता कभी नहीं मिला। विपरीत परिस्थितियों में ही इन्हें अपनी काबिलियत को साबित करना पड़ा। भाजपा में भी इनकी राह आसान न रही। केवल परिक्रमा वादी राजनीतिज्ञ होते तो अबतक कबका बियाबान में जा चुके होते। बस्ती से लगातार कई बार के एम एल और मंत्री होते रहे जगदंबिका पाल 2004 में कांग्रेस के टिकट पर पहली बार सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से सांसद का चुनाव लड़ें। इस चुनाव में करीब पौने दो लाख वोट पाकर वे हार गए थे लेकिन अगली बार यानी 2009 के लोकसभा चुनाव में अपनी जीत पक्की भी कर गए। पिछले कई चुनावों से कांग्रेस यहां 50 वोट नहीं पार कर पा रही थी। पौने दो लाख वोट हासिल कर वे कांग्रेस आलाकमान के आंख का तारा बन ही गए, डुमरियागंज के लोगों को भी लगा उन्हें कोई दमदार नेता मिल गया। 2004 के चुनाव में सिद्धार्थनगर के कांग्रेस पदाधिकारियों ने भितरघात न किया होता तो यह चुनाव वे जीत गए होते लेकिन हार जाने वाले इस चुनाव से उन्हें बड़ी सीख मिली। उन्होंने पूरे पांच साल तक सिद्धार्थनगर की डुमरियागंज सीट पर ऐसी मेहनत की कि सभी बूथों पर अपनी टीम खड़ी कर दी। इसका परिणाम 2009 में सामने आया और वे कांग्रेस के सांसद हो गए। आज भी पार्टी संगठन के अलावा उनका स्वयं का संगठन जो उनकी सफलता का असल कारण है।

2014 के लोकसभा चुनाव आते आते उन्होंने कांग्रेस को अलविदा कह दिया और भाजपा ज्वाइन कर ली। जगदंबिका पाल ने भाजपा उस वक्त ज्वाइन की जब इस संसदीय सीट से भाजपा के एक से एक दावेदार थे। 2014 में लाख मोदी लहर थी लेकिन यदि उनकी बूथ वार अपनी टीम न होती तो यह राह आसान नहीं था क्योंकि सारे के सारे भाजपाई पाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिए थे। इतना ही नहीं विरोध का आलम यह था कि कई बार के भाजपा विधायक और उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य मंत्री रहे जय प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी को कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़वा कर पाल के खिलाफ खुलकर आ गए थे। कहने का मतलब यह है कि राजनीति में मुकाम हासिल करना आसान नहीं है। ऐसा केवल जगदंबिका पाल जैसी राजनीतिक शख्सियत ही कर पाएगा। सबके बस की बात नहीं है। 2024 का लोकसभा चुनाव जगदंबिका पाल के लिए काफी मुश्किल था। ब्राह्मण वोटरों के छिटकने का खतरा था बावजूद इसके जगदंबिका पाल ने इस चुनाव को भी अपने पक्ष में करके बड़े-बड़े चुनाव विशेषज्ञों को चौंका दिया। अखिलेश यादव के सर्वे में डुमरियागंज की सीट उनके खाते की थी। राजनीति में चर्चा के केंद्र में बने रहना भी कोई जगदंबिका पाल से सीखें। वक्फ पर बनी जेपीसी का चेयर मैन बनना आसान नहीं था। लेकिन खाटी भाजपाइयों के बीच से यह जिम्मेदारी जगदंबिका पाल को मिली तो यह यूं ही नहीं था। कांग्रेस की राजनीति के शुरुआती दिनों की बात है। जगदंबिका पाल एक दुर्घटना में घायल हो गए थे। संजय गांधी को खबर लगी तो वे लखनऊ मेडिकल कालेज में उन्हें देखने आए। संजय गांधी यह देखकर अचंभित हुए थे कि जिस कांग्रेस के सिपाही को वे देखने आए वह घायल अवस्था में भी उनके स्वागत में मेडिकल कालेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किए बैठा है। याद नहीं आता कि पूरे उत्तर प्रदेश में कोई ऐसा सांसद हो जिसे उसके क्षेत्र में इस छोर से उस छोर तक नाम से कोई जानता हो, चेहरे से पहचानना तो बड़ी बात है लेकिन जगदंबिका पाल जरूर ऐसे सांसद हैं जिसे उनके क्षेत्र डुमरियागंज का बच्चा-बच्चा चेहरे से भी और नाम से भी बखूबी पहचानता है। सिद्धार्थनगर से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे दूरस्थ शहरों के लिए रेल गाड़ियों की सुविधा उपलब्ध कराने की वजह से स्थानीय लोग इन्हें अपना रेलमंत्री मानते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओवैसी ने पाक आर्मी चीफ को बताया जोकर

## बोले: नकल के लिए अक्ल चाहिए, इनके पास वो भी नहीं



■ फेक फोटो दिखाजीत का झूठा दावा किया
■ कहा: पाक भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता भारत में पाक से ज्यादा मुस्लिम आबादी

**कुवैत।** एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने कुवैत में पाकिस्तानी के आर्मी चीफ को स्टूपिड जोकर बताया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि नकल करने के लिए दिमाग की जरूरत होती है। लेकिन पाकिस्तान के पास वो भी नहीं है। ओवैसी ने कुवैत में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत के दौरान कहा कि कल पाकिस्तानी आर्मी चीफ ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को एक फोटो दी।

पाकिस्तान के राष्ट्रपति वहां पर मौजूद थे और नेशनल असेंबली के स्पीकर भी वहां पर थे। ये स्टूपिड जोकर भारत के साथ में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। उन्होंने 2019 की चीनी सेना की ड्रिल की एक फोटो दी थी, जिसमें दावा किया गया था कि यह भारत पर जीत है। ओवैसी ने कहा पाकिस्तान भारत के खिलाफ धर्म का मुद्दा नहीं उठा सकता, क्योंकि भारत में पाकिस्तान से ज्यादा मुस्लिम आबादी है और भारतीय मुसलमान पाकिस्तान से कहीं ज्यादा ईमानदार और देशभक्त हैं। ओवैसी बोले: पाकिस्तान को सीरियसली न लें ओवैसी ने कहा कि अक्सर स्कूल में क्या होता था कि अच्छे पढ़ने वाले बच्चे के पास में जाकर बैठता था। तो नकल करने के लिए भी अक्ल चाहिए। इन नालायकों को अकल भी नहीं है। आप खुद सोच सकते हैं कि आपके खुद के देश के प्रधानमंत्री, प्रेसिडेंट, स्पीकर ऑफ नेशनल असेंबली वहां पर मौजूद हैं। आपके सो काल्ड फील्ड मार्शल भी वहां पर थे। वह चीनी ड्रिल की एक फोटो दे रहे हैं। पाकिस्तान जो कुछ भी कह रहा है, उसे चुटकी भर नमक के साथ भी न लें। पाक को एआईएमआईएम की ग्रे लिस्ट में डालना चाहिए एआईएमआईएम सांसद ने कहा है कि पाकिस्तान को एक बार फिर फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एआईएमआईएम) की ग्रे लिस्ट में लाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि पाकिस्तान को जो 2 अरब डालर का आईएमएफ लोन मिला है, वह उसका इस्तेमाल सेना और आतंकी संगठनों को समर्थन देने में कर सकता है। आने से किसी देश की वित्तीय गतिविधियों पर सख्त निगरानी होती है। पाकिस्तान की हरकतें देखकर उसे दोबारा इस लिस्ट में शामिल करना जरूरी है। ओवैसी उस सर्वदलीय डेलीगेशन का हिस्सा है, जो पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान का असली चेहरा बेनकाब करने के लिए विदेश के दौरे पर है। इससे पहले वह बहरीन भी पहुंचे थे। यहां पर भी उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधा था। ओवैसी ने कहा था कि हमारी सरकार ने हमें यहां इसलिए भेजा है, ताकि दुनिया को पता चले कि भारत पिछले कई सालों से किस खतरे का सामना कर रहा है। हमने कई निर्दोष लोगों की जान गंवाई है। यह सब समस्या पाकिस्तान से ही पैदा होती है।



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी के छात्रों से मुलाकात के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल भारत का संदेश लेकर सिंगापुर पहुंचा

**सिंगापुर।** जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं और थिक टैंकों के साथ सफल विचार-विमर्श के बाद, भारत का एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सिंगापुर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जनता दल-यूनाइटेड नेता और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा कर रहे हैं।

यह बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ रुख को प्रस्तुत करने तथा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी गतिविधियों के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाने के लिए यहां पहुंचा ताकि वैश्विक नेताओं से अपील की जा सके कि अब आतंकवादी संगठनों से निपटने का समय आ गया है। दक्षिण कोरिया के सोल से यहां पहुंचने के बाद एक प्रतिनिधि ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक आउटरीच के हिस्से के रूप में सिंगापुर पहुंचा है। तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के सरकारी अधिकारियों और प्रमुख थिक टैंकों के साथ महत्वपूर्ण बैठकों से पहले सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त, राजदूत शिल्पक अंबुले से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर के मंत्रियों, सांसदों, थिक टैंकों, शिक्षाविदों, व्यापार जगत के नेताओं, मीडिया और प्रवासी भारतीयों से बातचीत करेगा, ताकि आतंकवाद के सभी रूपों का मुकाबला करने के लिए भारत की राष्ट्रीय सहमति और दृढ़ प्रतिबद्धता को व्यक्त किया जा सके।

## यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए तैयार: शेफचोविच

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि शुल्क विवादों के बावजूद यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यूरोपीय व्यापार एवं आर्थिक सुरक्षा मामलों के आयुक्त मारोश शेफचोविच ने सोमवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि यूरोपीय संघ अपने साथ अमेरिकी डील की दिशा में रचनात्मक और केंद्रित प्रयासों के लिये पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ अमेरिका के साथ लगातार संपर्क में रहेगा। यह बयान उनकी अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीयर से बातचीत के बाद आया है। इससे पहले, शुक्रवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि यूरोपीय संघ के 27 सदस्ईय दल के साथ बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच रही है और उन्होंने एक जून से यूरोपीय संघ से सभी तरह के आयात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी थी। यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रपति को रविवार को फोन करके इस संबंध में अनुरोध किया था, जिसके बाद ट्रम्प यूरोपीय संघ से आयात पर प्रस्तावित 50 प्रतिशत शुल्क नौ जुलाई तक न बढ़ाने पर सहमत हो गए थे।

## बलूचिस्तान में पोलियो टीम के सुरक्षा कर्मियों पर हमला

■ हमले में एक की मौत, दूसरा घायल

**नुश्की।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के नुश्की में मंगलवार को अज्ञात हमलावरों ने पोलियो टीकाकरण टीम की सुरक्षा कर रहे पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी की। इस हमले में एक पुलिसकर्मी शहीद हो गया, जबकि दूसरा घायल हो गया।

हमले के बाद नुश्की में चल रहा पोलियो टीकाकरण अभियान अस्थाई रूप से रोक दिया गया है। पाकिस्तान ने सोमवार को पोलियो के खिलाफ तीसरा राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान शुरू किया था, जिसका मकसद 5 साल से कम उम्र के 4.5 करोड़ बच्चों को पोलियो का टीका लगाना है। यह अभियान 2025 के अंत तक देश को पोलियो मुक्त बनाने का एक बड़ा कदम है। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने इस हमले को राष्ट्रीय अभियान को नुकसान पहुंचाने और लोगों में डर फैलाने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि पोलियो अभियान हमारा राष्ट्रीय कर्तव्य है, और इसे रोकने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने हमलावरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और दोषियों को जल्द पकड़ने का वादा किया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान दुनिया के इकलौते देश हैं जहां पोलियो अब भी एक समस्या है। आतंकवादी लंबे समय से पोलियो टीकाकरण टीमों और उनकी सुरक्षा करने वाले पुलिसकर्मियों पर हमले करते रहे हैं। अप्रैल में भी बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा में पोलियो टीमों की सुरक्षा पर हमले हुए थे, जिनमें कई पुलिसकर्मी शहीद हुए। पिछले साल 2024 में पाकिस्तान में पोलियो के 74 मामले सामने आए, जबकि 2023 में सिर्फ 6 मामले थे। इस साल 2025 में अब तक 9 मामले दर्ज हुए हैं।

# हमास सीजफायर के लिए तैयार

## 10 बंधकों की रिहाई और 70 दिन युद्ध बंद रखने पर सहमत, अमेरिका ने दिया था प्रस्ताव

**गाजा।** फलस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने अमेरिका की तरफ से गाजा में युद्धविराम के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। यह प्रस्ताव ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकाफ ने दिया था। इस नए प्रस्ताव में 10 इजरायली बंधकों की रिहाई और 70 दिन का युद्धविराम शामिल है।

रायटर्स के मुताबिक इस प्रस्ताव में इजरायल की तरफ से कई फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का मुद्दा भी शामिल है, जिनमें लंबी सजा काट रहे सैकड़ों कैदी शामिल हैं। इससे पहले इजरायल और हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था। हालांकि दो महीने बाद यानी 18 मार्च को इजरायल ने गाजा में कई जगह पर मिसाइल अटैक करके इसे तोड़ दिया था।

इजरायल ने गाजा पट्टी के 77 प्रतिशत हिस्से पर कंट्रोल हासिल कर लिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक यह दावा गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने रविवार को किया। उन्होंने इजरायल पर नरसंहार का आरोप लगाते हुए संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। बयान में कहा गया है कि इजरायली सेना ने बफर जोन, सुरक्षा कारिडोर और भारी गोलाबारी के जरिए गाजा के उत्तरी और



■ इससे पहले इजरायल व हमास के बीच 19 जनवरी को सीजफायर हुआ था

दक्षिणी हिस्सों को अपने कब्जे में लिया है। इजरायल ने गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे मानवीय संकट भयावह हो गया है। शनिवार और रविवार (24-25 मई 2025) को इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 182 फलस्तीनी मारे गए, जिनमें बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। इजरायल सेना के हमले में बीते एक सप्ताह में 500 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 19 जनवरी 2025 को इजरायल ने सीजफायर तोड़ दिया था। इसके बाद से अब तक गाजा में 2,000 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। 7 अक्टूबर 2023 से शुरू इजरायल-हमास जंग में अब तक 55,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें हजारों बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

## इजरायल ने यमन से दागी मिसाइल को रोका

**यरूशलम।** इजरायल ने यमन से दागी गई मिसाइल को रोक दिया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा कि उसने यमन से इजरायली क्षेत्र की दिशा में प्रक्षेपित की गई मिसाइल को रोक लिया है। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा कि कुछ समय पहले इजरायल के कई इलाकों में सायरन बजने के बाद यमन से दागी गई मिसाइल को रोक लिया गया। अंसार अल्लाह आंदोलन (हूती) ने अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में संघर्ष की शुरुआत के बाद से इजरायल पर सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। इजरायली वायु सेना ने यमन के हूती नियंत्रित हिस्सों में कई हवाई हमले किए हैं जिनमें कई लक्ष्यों को निशाना बनाया गया है।

## इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान

■ पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा

**ग्रेटर नोएडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट 'इंटरनेशनल फिल्म सिटी' के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (ईडा) को सौंप दिया।

अब ईडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ रुपये है। यमुना प्राधिकरण (ईडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है।

अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

# पाक को नागवार गुजरा मोदी का बयान



■ कहा: जिस तरह हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बयान पर एतराज जताया है। पाक विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि पीएम मोदी ने जिस तरह से हिंसा की बात की, वह एक न्यूक्लियर ताकत रखने वाले देश के नेता को शोभा नहीं देता। दरअसल पीएम मोदी ने सोमवार को गुजरात में सभा के दौरान कहा था कि भारत पर आंख उठाने वाले को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि सुख-चैन से जियो, अपने हिस्से की रोटी खाओ, नहीं तो मेरी गोली तो है ही।

इस पर पाकिस्तान ने कहा कि मोदी का बयान सिर्फ नफरत फैलाने वाला नहीं है, बल्कि इससे क्षेत्रीय शांति को खतरा भी है। हम शांति चाहते हैं, लेकिन अगर हमें खतरा हुआ तो उसका जवाब देंगे। पीएम मोदी ने भुज में कहा कि कच्छ का टूरिज्म मशहूर है। पाकिस्तान के लिए टेररिज्म ही टूरिज्म है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत सरकार इस तरह के बयानों से जम्मू-कश्मीर में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघनों से ध्यान हटाना चाहती है। उसने खुद को शांति का समर्थक बताते हुए कहा कि वह यूएन मिशन में सबसे आगे रहा है और आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में उसने अहम भूमिका निभाई है। पाकिस्तान ने कहा कि भारत को सच में उग्रवाद की चिंता है, तो उसे अपने देश में बढ़ते बहुसंख्यकवाद, धार्मिक असहिष्णुता और अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे अन्याय की तरफ ध्यान देना चाहिए। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सोमवार को कश्मीर और जल सुरक्षा जैसे मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत की इच्छा जताई। शरीफ ईरान दौरे पर हैं। यहां ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के साथ राजधानी तेहरान में जाइंट प्रेस कान्फ्रेंस में उन्होंने यह बात कही। शरीफ ने भारत के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान ईरान के समर्थन के लिए पजशकियान का आभार जताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रिश्ते हैं। पाकिस्तानी पीएम 25 मई से 30 मई तक तुर्की, ईरान, अजरबैजान और ताजिकिस्तान देशों के दौरे पर हैं। यहां पर भारत के साथ हुए तनाव को लेकर पाकिस्तान के पक्ष रखेंगे।

## गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर ने नया रिकॉर्ड बनाया

■ वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार किया व्यापक विश्लेषण जारी

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 3542880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 1153461 अंतर्राष्ट्रीय और 2389419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी।

## सीरिया में 130 सशस्त्र विद्रोही सेना में शामिल

**बेरूत।** सीरिया में नई सरकार के रक्षा मंत्रालय ने लगभग 130 सशस्त्र समूहों को अपने 'ढांचे' में शामिल किया है। सीरियाई अखबार अल वतन ने यहां रक्षा मंत्री मुरहाफ अबू कसरा के हवाले से सोमवार को कहा कि हमने नई सेना संरचना के विषय पर लगभग 130 समूहों के साथ बातचीत की और उन्हें मंत्रालय के तहत एकीकृत करके महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। मंत्री ने कहा कि सरकार वर्तमान में सैन्य स्कूलों के काम को फिर से शुरू करने और आधुनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा कार्यक्रमों में सुधार करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र विद्रोही नेता सैन्य रैंक प्राप्त करने से पहले उच्च सैन्य संस्थानों में प्रशिक्षण लेंगे। सीरिया के सशस्त्र विद्रोहियों ने गत आठ दिसम्बर 2024 को दमिश्क पर कब्जा कर लिया था जिसके बाद बशर असद ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा देकर देश छोड़ दिया था।

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance
Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By
Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite
Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor

## मैक्सिको की राष्ट्रपति शिनबाम ने की धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा

**मेक्सिको सिटी।** मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने धन प्रेषण पर अमेरिकी करों की निंदा की है। सुशिनबाम ने सोमवार को कहा कि वह मेक्सिको को भेजे जाने वाले धन पर कर लगाने से अमेरिकी कानूनों को रोकने के लिए कड़ी पैरवी कर रही हैं। उन्होंने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका में मेक्सिको के प्रवासी चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कुछ भी हो, करों का भुगतान करके अमेरिका की अर्थव्यवस्था को चालू रखते हैं। वे जो कमाते हैं उसका केवल 20 प्रतिशत धन प्रेषण में जाता है। उन्होंने दोहरे कराधान से बचने पर 1992 की संधि के बारे में कहा कि अमेरिका और मेक्सिको के बीच 1992 में एक समझौता हुआ था जिसमें कहा गया था कि कोई दोहरा कराधान नहीं होना चाहिए, जो भेदभावपूर्ण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि मैक्सिकन सांसद और गैर-सरकारी संगठन प्रस्तावित कर की खामियों और अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभाव को उजागर करने के लिए अथक अभियान चला रहे हैं।

# विश्व के सबसे ताकतवर रॉकेट का 9वां टेस्ट आज

## इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का उपयोग होगा

**टेक्सास।** विश्व के सबसे ताकतवर राकेट स्टारशिप का 9वां टेस्ट भारतीय समय के अनुसार कल यानी, 28 मई को सुबह 5 बजे होगा। राकेट की लान्चिंग टैक्सास के बोका चिका से की जाएगी।

इस टेस्ट में पहली बार 7वें टेस्ट में इस्तेमाल किए गए बूस्टर का दोबारा उपयोग होगा। इससे पहले 8वें टेस्ट में बूस्टर लैंड हो गया था, लेकिन शिप आसमान में ही ब्लास्ट हो गई थी। दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलान मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने इस राकेट को बनाया है। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट (ऊपरी हिस्सा) और सुपर हैवी बूस्टर (निचला हिस्सा) को कलेक्टिवली 'स्टारशिप' कहा जाता है। इस व्हीकल की ऊंचाई 403 फीट है। ये पूरी तरह से रीयूजेबल है। इस टेस्ट में लान्च इंफ्रास्ट्रक्चर की सुरक्षा के लिए बूस्टर को वापस लान्चपैड पर नहीं लाया जाएगा। इसकी गल्फ ऑफ अमेरिका में हार्ड लैंडिंग होगी। पूरा टेस्ट 1.06 घंटे का होगा। 9वें टेस्ट के लिए लान्च के लिए तैयार स्टारशिप। ऊपरी हिस्से को शिप और निचले हिस्से को सुपर हैवी बूस्टर कहा जाता है। 8वें टेस्ट में लान्चिंग के 7 मिनट बाद बूस्टर अलग होकर वापस लान्च पैड पर आ गया था। स्टारशिप के ऊपरी हिस्से की इंडियन ओशन कंट्रोल्ड वाटर-लैंडिंग कराई जाएगी। पिछली दो उड़ानों में ये हिस्सा वायुमंडल में प्रवेश के दौरान नष्ट हो गया था। पेलोड डिप्लायमेंट को कोशिश भी होगी। इसके अलावा मल्टीपल रीएंट्री एक्सपेरिमेंट होंगे, जिसमें अंतरिक्ष में रहते हुए एक रैप्टर इंजन को चालू करना भी शामिल है। स्टेज सेपरेशन के बाद, बूस्टर अपने बूस्टबैक बर्न को शुरू करने से पहले एक कंट्रोल्ड डायरेक्शन में फ्लिप करेगा।

